खबरों के 40 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



महाशिवरात्रि आज

सतना, रविवार 15 फरवरी 2026 । वर्ष –40 । अंक –347 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.



■ गांव को गांव ही रहने... ■ हंसी की कीमत... 04
■ मोदी स्टाइल में तारिक रहमान ने की चाय... ■ पाक रक्षामंत्री के बयान पर क्यों पाकी... 09
■ बदल गए यूपीआई के बड़े नियम, क्या... ■ भारत के गोल्ड रिजर्व में बड़ी गिरावट... 11
■ भारत के धुरंधर... ■ ऑस्ट्रेलिया को... 10


## सार संक्षेप

### म्यूनिख में जी7 के विदेश मंत्रियों से मिले एस जयशंकर

**म्यूनिख।** म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी7 समूह के अपने समकक्षों संग अहम बैठक की। यहां उन्होंने भारत के यूएनएससी को सहयोग समेत साझा हितों पर बात की। उन्होंने एक्स कुछ तस्वीरों के साथ पोस्ट लिख इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, म्यूनिख में जी7 के विदेश मंत्रियों से बात करके खुशी हुई। एजेंडे में यूएनएट80 था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए भारत के पूर्ण सहयोग की बात मैंने दोहराई।

### नवागत आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी श्री मनीष सिंह ने



शनिवार को आयुक्त जनसंपर्क एवं प्रबंध संचालक, म.प्र. माध्यम के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे परिवहन सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक माध्यम ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँचाना विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस दिशा में समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे। आयुक्त जनसंपर्क और प्रबंध संचालक माध्यम श्री सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जनहित के कार्यक्रमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार और समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया।




**चूहा-सुनती हो**-एक लाख करोड़ का शहरी चुनौती कोष मंजूर हुआ है।

**चुहिया- हां प्रिये**- ये तो ठीक है पर असल चुनौती तो पुराने कोष के हिसाब की है।

# एक लाख करोड़ के शहरी चुनौती कोष को मंजूरी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत शहरों में उच्च गुणवत्ता वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के लिए कुल एक लाख करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता (सीए) दी जाएगी।

कैबिनेट ने बताया कि शहरी चुनौती कोष उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक-केंद्रित सुधारों का लाभ उठाएगा। इस कोष का उद्देश्य लचीले, उत्पादक, समावेशी और जलवायु-अनुकूल शहरों का निर्माण करना है ताकि शहर देश के आर्थिक विकास के अगले चरण के प्रमुख चालक बन सकें।

इसके तहत शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना की लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा केंद्रीय सहायता के रूप में दिया जाएगा, बशर्ते परियोजना लागत का न्यूनतम 50 प्रतिशत हिस्सा बाजार से जुटाया जाए।




♦ उच्च गुणवत्ता वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा बढ़ावा

♦ 25 फीसदी हिस्सा सहायता के रूप में दिया जाएगा

### स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को भी मंजूरी

सरकार ने देश में बढ़ते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए 10 हजार करोड़ रु. के स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप इकाइयों के लिए उद्यम पूंजी कोष को अधिक सुलभ बनाना है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना भारत के स्टार्टअप सफर के अगले चरण को तेज़ करने के लिए तैयार की गई है। वर्ष 2016 में शुरू की गयी स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत शुरू किए गए इस कोष के बारे में सरकार ने कहा है, ' इस कोष के गठन का उद्देश्य दीर्घकालिक घरेलू पूंजी को आकर्षित करना, वेंचर कैपिटल इकोसिस्टम को मजबूत बनाना और देशभर में नवाचार-आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना है।'

### चार लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा

इससे अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा, जो अनुदान आधारित वित्तपोषण से हटकर बाजार से जुड़े, सुधार-उन्मुख और परिणाम-उन्मुख इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की ओर भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है।

कैबिनेट ने कहा कि यह कोष वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक परिचालन में रहेगा, जिसकी कार्यान्वयन अवधि वित्त वर्ष 2033-34 तक बढ़ाई जा सकती है। यह बजट 2025-26 में घोषित सरकार के उस दृष्टिकोण को साकार करती है जिसके तहत शहरों को विकास केंद्र, शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास और जल एवं स्वच्छता से संबंधित प्रस्तावों को लागू किया जाना है। इस कोष के अंतर्गत परियोजनाओं का चयन परिवर्तनकारी प्रभाव, स्थिरता और सुधार उन्मुखीकरण सहित चुनौतियों पर आधारित रूपरेखा के माध्यम से किया जाएगा। कोष का आवंटन सुधारों, लक्ष्यों और स्पष्ट रूप से परिभाषित परिणामों से जुड़ा होगा। सुधारों की निरंतरता आगे कोष जारी करने के लिए एक पूर्व शर्त होगी। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के एकल डिजिटल पोर्टल के माध्यम से परियोजनाओं और सुधारों की कागजरहित निगरानी को सुगम बनाया जाएगा।

### ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे बनेगी ट्विन ट्यूब सुरंग

असम में ब्रह्मपुत्र नदी से नीचे दो ट्यूब वाली सुरंग बनेगी जिसके एक ट्यूब से सड़क और दूसरी से रेलवे लाइन गुजरेगी। यह सुरंग असम में राष्ट्रीय राजमार्ग 715 पर नुमालीगढ़ और राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर गोहपुर को जोड़ेगी। परियोजना की कुल लंबाई 33.77 किमी और ट्वीन ट्यूब सुरंग की लंबाई 15.79 किमी होगी। इसकी अनुमानित लागत 18,662 करोड़ रुपए है और इसे पांच साल में पूरा किया जाना है।

# बहनों को प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूहों से जोड़ना और मेहनत की सही कीमत देना प्राथमिकता : मुख्यमंत्री



♦ मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को सिंगल क्लिक से जारी किए 1836 करोड़

♦ 5 लाख स्व-सहायता समूह की 62 लाख बहनें हुईं आत्मनिर्भर

♦ खंडवा में 608 करोड़ के कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनें मध्यप्रदेश की लक्ष्मी हैं, अन्नपूर्णा हैं, उनके लिए जितना करें, उतना कम है। सनातन संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोपरि है। महा शिवरात्रि के पावन पर्व से पहले प्रदेश की लाड़ली बहनों को 1500 रुपए सम्मान राशि की अद्भुत सौगात मिल रही है। बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार बहनों के कल्याण के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में हमारी प्राथमिकता है कि बहनों को प्रशिक्षण मिले, उन्हें स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जाए और मेहनत की सही कीमत मिले। बहनें एक बगिया मां के नाम योजना और स्व-सहायता समूहों से जुड़कर अपनी आय बढ़ा रही हैं। हमारी बहनें लखपति दीदी के साथ अब ड्रोन दीदी भी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित 5 लाख स्व-सहायता समूह के माध्यम से अब तक 62 लाख बहनें आत्मनिर्भर हुई हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को खंडवा जिले के पंधाना में लाड़ली बहनों को योजना की 33वीं किस्त की सौगात देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए अंतरित किए। इस योजना में अब तक लाड़ली बहनों को 52,304 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और लाड़ली बहनों पर पुष्प वर्षा कर प्रदेश के कल्याण के लिए उनका आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर खंडवा के चहुंमुखी विकास के लिए 608 करोड़ रुपए से अधिक के 13 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इसमें 255 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं 353.82 करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने खंडवा जिले में 301 करोड़ लागत की निर्मित भाम सिंचाई परियोजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्रयोगशाला और पंधाना के नवीन शासकीय सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति नारी प्रधान है। घर में माताओं-बहनों के हाथ में पैसे आएं तो वे उन्हें परिवार की सुख समृद्धि में लगाती हैं। बहनों की जिंदगी बदलने के लिए हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार कपास आधारित उद्योग में >>शेष पृष्ठ 3 पर

### व्यापार समझौते पर राहुल ने सरकार को फिर घेरा

# झूठ बोलने में माहिर है मोदी सरकार

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर मोदी सरकार कपास उत्पादक किसान और कपड़ा निर्यातक दोनों को गहरा झटका दिया है।



श्री गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, '18 प्रतिशत टैरिफ बनाम जीरो प्रतिशत-आइए समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस पर भ्रम फैला रहे हैं और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'बंगलादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर शून्य प्रतिशत टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है - शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बंगलादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया -'अगर यही फायदा हमें भी चाहिए तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी।' आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई। और, ये कैसी नीति है। क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है - या फिर 'आगे कुआं, पीछे खाई' की हालत में फंसाने वाला जाल।'

### हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे

कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा और अब बंगलादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है।

भारत में कपड़ा उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं। करोड़ों लोगों की रोज़ी-रोटी इन्हीं पर टिकी है। इन क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोज़गारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। उन्होंने कहा, 'एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जो कपास किसानों और कपड़ा एक्सपोर्टर्स - दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती, लेकिन इसके ठीक उलट, नरेंद्र 'सरेंडर' मोदी और उनके मंत्रियों ने ऐसा समझौता किया है जो दोनों क्षेत्रों को गहरी चोट पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।'

# प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र पर बने पुल का किया उद्घाटन




♦ 3,030 करोड़ रुपए की लागत से हुआ तैयार

♦ राजमार्ग पर ईएलएफ का भी उद्घाटन किया

**गुवाहाटी, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का उद्घाटन किया। यह आधुनिक पुल गुवाहाटी को नॉर्थ गुवाहाटी से जोड़ता है और क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई गति देता है।

करीब 2.86 किलोमीटर लंबा यह 6-लेन एक्स्ट्राडोज्ड प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) पुल लगभग 3,030 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है। यह पूर्वोत्तर भारत का पहला एक्स्ट्राडोज्ड पुल है। इसके चालू होने से गुवाहाटी और उत्तर-गुवाहाटी के बीच यात्रा समय घटकर मात्र 7 मिनट रह जाएगा।

भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए पुल में बेस आइसोलेशन तकनीक का उपयोग किया गया है, जिसमें फ्रिक्शन पेंडुलम बेयरिंग्स लगाए गए हैं। पुल की मजबूती और दीर्घकालिक प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए हाई-परफॉर्मेंस स्टे केबल्स लगाए गए हैं। साथ ही ब्रिज हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम (बीएचएमएस) भी लगाया गया है, जो रियल-टाइम निगरानी, शुरुआती क्षति पहचान और सुरक्षा में सुधार सुनिश्चित करेगा।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने डिब्रूगढ़ जिले के मोरान में राष्ट्रीय राजमार्ग पर आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) का भी उद्घाटन किया। यह पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी तरह की पहली सुविधा है। उद्घाटन के बाद भारतीय वायु सेना ने भव्य एयर शो प्रस्तुत किया, जिसमें राफेल, सुखोई और मिग लड़ाकू विमान शामिल रहे। इन विमानों ने सफलतापूर्वक हाईवे स्ट्रिप पर उड़ान भरी और लैंडिंग की।

अपर असम में स्थित यह सुविधा पूर्वोत्तर में भारत की सैन्य क्षमता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम मानी जा रही है। 4.2 किलोमीटर लंबा यह कंक्रीट स्ट्रेच सैन्य और नागरिक दोनों प्रकार के विमानों के लिए आपातकालीन रनवे के रूप में काम कर सकता है। यह डिब्रूगढ़ एयरपोर्ट या >>शेष पृष्ठ 3 पर

# तारिक रहमान ने देशवासियों का आभार जताया

### जवाबदेही का भरोसा दिलाया

**ढाका, (एजेंसियां)।** बांग्लादेश चुनाव में मिली बंपर जीत के बाद पहली बार बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चीफ तारिक रहमान ने मीडिया के सामने देशवासियों का आभार जताया। उन्होंने इसे देश, लोकतंत्र और जनता की उम्मीदों की जीत करार दिया।

बांग्ला संबोधन में रहमान ने कहा, 'यह जीत बांग्लादेश की है, डेमोक्रेसी की है, और लोगों की उम्मीदों की है। मैं बांग्लादेश के लोगों को डेमोक्रेसी स्थापित करने में आई रुकावटों को पार करने के लिए बधाई देता हूं।'

उन्होंने आगे कहा, 'फासीवादी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अनदेखी नाकाम हो गई है। हमारी सरकार अब पूरे देश में कानून और पक्की सुरक्षा व्यवस्था करेगी।


JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL

अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में

Teneo- 2 तकनीक से इलाज

TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित



आज ही विजिट करें

9165108121 janjyotieyehospital.com

1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27

Class Nursery to XII Science | Commerce | Humanities

Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games

राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट

Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200


### विश्व कप में भारत का पलड़ा रहा है भारी, मुकाबले को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित

# भारत-पाकिस्तान में हाई-वोल्टेज मुकाबला आज

**कोलंबो, (एजेंसियां)।** भारत और पाकिस्तान के बीच आर प्रेमदासा स्टेडियम में रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का हाई-वोल्टेज मैच खेला जाना है। फैंस मुकाबले को लेकर बेहद उत्साहित हैं, लेकिन बारिश परेशानी का सबब बनी हुई है। रविवार को इस हाई-इंटेंसिटी मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है।

मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक रविवार को कोलंबो में बारिश की 76 प्रतिशत आशंका है। शाम के समय आसमान पर 100 प्रतिशत बादल छाए रहने पर यह आशंका घटकर 13 प्रतिशत रह जाएगी। टी20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक कुल 8 मैच खेले गए हैं, जिसमें मेन इन ब्लू का पलड़ा भारी रहा है। टीम इंडिया ने 7 मुकाबले अपने नाम किए हैं, जबकि पाकिस्तान को साल 2021 में इकलौती जीत मिली थी। भारत ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में साल 2009 से अब तक 15 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 11 जीते और सिर्फ 4 मुकाबलों में हार मिली। ग्रुप-ए की प्वाइंट्स टेबल में भारत



शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर शीर्ष पर है। टीम इंडिया ने यूएसए के खिलाफ अपना पहला मैच 29 रन से जीता था, जिसके बाद नामीबिया को 93 रन से रौंदा। दूसरी ओर, ग्रुप-ए की अंकतालिका में दूसरे पायदान पर मौजूद पाकिस्तान ने भी अपने शुरुआती दोनों मुकाबले गंवाए हैं। इस टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ पहला मैच 3 विकेट से जीता था, जबकि यूएसए ने अपने पहले मैच को 32 रन से जीता। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के बाद भारतीय टीम 18 फरवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगी, जबकि पाकिस्तानी टीम का सामना 18 फरवरी को नामीबिया से होगा।

**भारत की टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान की टीम:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमान, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

(विस्तृत खबर खेल पृष्ठ 10 पर)

# पत्थर तोड़ने वालों के नसीब में पानी तक नहीं

## घर में नल की फिटिंग पर सप्लाई कनेक्शन नहीं





देशबन्धु सरोकार

### कोरोना के बाद की बसाहट

मैहर बायपास में जहां सर्व सुविधा युक्त पीएम आवास बने हैं, उन आवासों तक पहुंचने से ठीक पहले गरीबों की एक बस्ती है। जिसके पक्के आवासों में करीब 800 लोग रहते हैं। इनमें 40 परिवार ऐसे हैं जो पुस्तों से पत्थर तोड़कर अपना परिवार पाल रहे हैं। यह बसाहट कोरोना काल के बाद वर्ष 2022 में हुई थी। तब से पानी का संकट बना हुआ है। यहां रहने वाले कह रहे हैं कि प्रशासन उनके घरों में पानी का कनेक्शन कर दे, इसका जो खर्चा होगा, वह उसे भर देंगे।

### हैंडपम्प पर लगता है नंबर तो होते हैं झगड़े

**सतना, देशबन्धु।** तीन पुस्तों से पत्थर तोड़कर मूर्ति और सिल बट्टा बनाने का काम करने वाले परिवार पानी की बूंद बूंद के लिए परेशान होते हैं। जबकि प्रशासन ने ही इन परिवारों को रेलवे परिसर सिविल लाइन से हटाकर पीएम आवास कॉलोनी के पास पक्के घर बनाकर रहने के लिए छत मुहैया कराई थी। मौजूदा हालात कुछ ऐसे हैं कि एक हैंडपम्प के सहरो करीब 800 लोगों की बस्ती है। इतने परिवारों का पानी देते देते अक्सर हैंडपम्प की सांस टूट जाती है और फिर यहां के वाशिंदों को कहीं दूर जाकर पीने का पानी लाना पड़ता है। ऐसे नहीं कि इन गरीब परिवारों ने शहर सरकार से पानी नहीं मांगा हो। कई दफा आवेदन और मौखिक निवेदन किया गया है, लेकिन स्मार्ट सिटी की राह पर दौड़ रही सरकार एक अदद पानी की लाइन तक इन्हें उपलब्ध नहीं करा सकी है।

### गर्मी में बिगड़ जाएंगे हालात

बस्ती वालों का कहना है कि उनके आवासों में नल फिटिंग पहले से है। लेकिन सप्लाई लाइन नहीं होने से उसका कनेक्शन आज तक नहीं हुआ। हैंडपम्प पर नंबर लगता है और हर रोज एक बाल्टी पानी के लिए कई परिवार आस में झगड़ जाते हैं। कई बार तो पुलिस बुलानी पड़ गई। यहीं एक हैंडपम्प आए दिन खराब हो जाता है तब दूर कहीं से पानी लाकर गुजारा होता है।

### यहां सफाई भी नहीं होती

कॉलोनी में पानी के संकट के साथ संक्रमण का खतरा भी मडराता है। यहां गंदगी का अंबार लगा है। सफाई करने वाले इस ओर जाते तक नहीं हैं। कचरा उठाने वाला वाहन भी दिवाली दशहरा ही आता है। गरीबी में जीवन यापन कर रहे इन लोगों को शुद्ध पानी और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना शहर सरकार की जिम्मेदारी है।

### साहब... पानी दिलवा दो

हम कब से आवेदन कर रहे हैं कि नल कनेक्शन मिल जाए। लेकिन यहां पानी की व्यवस्था कोई नहीं करता। हम कनेक्शन का चार्ज देने को तैयार हैं।



\- राजू सिंह गोड़

हमारी कॉलोनी के लिए कुछ महीने पहले ही एक हैण्डपम्प लगा है, जो हर दिन खराब होता है, पानी के लिए यहां रोज झगड़ा होता है।



\- ममता गोड़

पहले पानी के लिए टैंकर आता था, हैण्डपम्प बिगड़ने पर पीने को तक पानी नहीं मिलता है। हम और बच्चे मंदिर के पास से भरकर लाते हैं।



\- गिरजा गोड़

इस कॉलोनी में पानी की कोई सुविधा नहीं है। दूर जाकर भरकर लाते हैं। कई आवेदन दिए लेकिन नगर निगम में कोई सुनवाई नहीं करता।



\- प्रीति गोड़





# शहर के ट्रॉफिक सिग्नल पर गरीब बच्चे मांगते हैं भीख

## प्रशासन की पहल भी नहीं लगा पा रही रोक

**सतना, देशबन्धु।** वैसे तो भीख मांगना और भीख देना दोनो पर शासन-प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है और महिला एवं बाल विकास विभाग व चाइल्ड केयर संस्था को इस समस्या को पूरी तरह खत्म करने का भी दायित्व है। इसके तहत कुछ दिनों पहले प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर सिविल लाइन अन्तर्गत रेलवे मैदान झुग्गी छोपड़ी वासियों को बच्चों व महिलाओं द्वारा भीख न मांगने की समझाइस भी दी गई थी। लेकिन रेलवे ग्राउंड में अवैध रूप से झुग्गी छोपड़ी बनाकर रह रहे करीब आधा सैकड़ा गरीब परिवार की महिलाएं आज भी सिविल लाईन चौराहे से लेकर राजेन्द्रनगर नगर रोड में लोगों से जबरन भीख मांगते है। अशिक्षा से दूर ये गरीब बच्चे और महिलाएं सिविल लाइन चौराहे पर ट्राफिक सिग्नल के पास प्रतिदिन सुबह से लेकर देर शाम तक वाहनों के रूकने के दौरान लोगों से जबरन भीख मांगते देखे जाते है, जिसे प्रशासन को गंभीरता से लेने की जरूरत है।



### कुछ लोगों ने बना लिया धंधा

सिविल लाइन चौक पर ट्राफिक सिग्नल के पास बच्चों सहित कुछ महिलाएं रूकने वाले वाहनों में बैठे लोगो से जबरन भीख तो मांगते ही है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन खासकर प्लेट फार्मो और फुट ब्रिज में कुछ बुजुर्ग महिला-पुरूषों ने भीख मांगने को धंधा बना लिया है। वहीं स्टेशन रोड सहित बाजार क्षेत्रो और गली, मोहल्ले में भी लोग जबरन भीख मांगते देखे जाते है।

## आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
| --- | --- | --- |
| 12.09 डि.से. | 29.01 डि.से. | सुबह : 74, शाम : 39 |

## सार-समाचार



### आदित्य कॉलेज के 51 छात्रों का हुआ चयन

**सतना, देशबन्धु।** आदित्य कॉलेज में बहुराष्ट्रीय कंपनी संगकाज टेक्नोलॉजी प्राई. लि. द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 160 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें आईटीआई, डिप्लोमा एवं बीटेक के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। दो चरणों में आयोजित प्लेसमेंट में लिखित परीक्षा साक्षात्कार लिए गए जिसमें 51 छात्रों का अंतिम चयन किया गया। इस अवसर पर आदित्य कॉलेज के चेयरमैन अजय कटारे एवं ग्रुप डायरेक्टर इमरान खान ने चयनित विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता कॉलेज में प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित प्रशिक्षण एवं प्रभावी मार्गदर्शन का परिणाम है। आदित्य कॉलेज परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए संगकाज टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड का आभार व्यक्त किया।

### विजय गेलानी का आकस्मिक निधन

**सतना, देशबन्धु।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं सिन्धु विकास समिती के संरक्षक गोपी गेलानी, अध्यक्ष विनोद गेलानी के भाई विजय गेलानी के आकस्मिक निधन होने पर सिन्धु विकास समिति कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज ऐसे सच्चे सेवक को खो दिया जिसकी सेवा कभी किसी पद प्रचार या पहचान की मोहताज नहीं। समिति परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि गेलानी को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं घर परिवार को यह दुखः सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में संरक्षक श्रीचंद मनवानी, मनोहर डिगवानी, ज्ञान खटवानी, इन्द्रलाल आडवाणी, श्रीचंद शीतलानी, घनश्याम मंघरानी, मनीष टेकवानी, संजय वाधवानी, महेश रावलानी, गंगाराम सचदेव, दिलीप सोनी, जितेंद्र गावरी, अमित कामरानी, रंजीत सेनानी, गोपीचंद कापडी, गंगाराम सचदेव आदि ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



सिंधु विकास समिति ने अर्पित की शोक श्रद्धांजलि

# कंटेनर-ट्रक में क्रूरता के साथ ठूंस कर लदे पाए गए 96 भैंस-पड़ा

## दो थाना पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्यवाही



- छह पशु तस्कर गिरफ्तार दो फरार, तलाश जारी

**सतना, देशबन्धु।** जिले की नागौद और कोठी थाना पुलिस ने पशु तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए उनके कब्जे से 37 छोटी-बड़ी भैंसो सहित 59 नग पडवा जब्त कर आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। वहीं फरार दो पशु तस्करों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। नागौद थाना पुलिस से मिली जानकारी मुताबिक सूचना मिली कि जबलपुर तरफ से नरैनी की ओर भैंस-पडा से लोड एक कन्टेनर जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी हमराह स्टाप के साथ सिंहपुर चौराहा में नाकाबंदी कर आते हुए कन्टेनर क्रमांक एमएच 04 जीसी 5032 को रोक कर चालक व कन्टेनर में बैठे लोगो को पकडा गया। नाम पूछने पर चालक अपना नाम इमरान खान पिता नूर खान उम्र 33 साल निवासी आजादनगर मोहरिया थाना हनुमानताल जबलपुर तथा अन्य अपना-अपना नाम अमीर असरफ पिता मो. नौसाद उम्र 22 साल, मो. तौसिफ पिता मो. नईम उम्र 22 साल एवं जिसान रजा पिता रहीस रजा उम्र 18 साल, तीनो निवासी मंडी मदार टेकरी हनुमानताल जबलपुर होना बताया। कन्टेनर की तलाशी लेने पर उसके अन्दर क्रूरता पूर्वक छोटे-बडे कुल 55 नग पड़ा-भैंस होना पाया गया, जो ठूंस कर लादे गए थे। उक्त पड़ा-भैंसों के संबंध में वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर अवैध परिवहन करने पर चारों पशु तस्करों के खिलाफ अपराध 11 पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 4, 6, 9ए, 10, मप्र कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 1959 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय, स.उप निरीक्षक श्यामलाल रावत, आरक्षक विनोद रावत, नायक अतेन्द्र त्रिपाठी, आरक्षक शैलेन्द्र गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

## कोठी पुलिस ने पकड़ा 41 नग भैंस-पड़ा

कोठी थाना पुलिस द्वारा पशु तस्करो के विरुद्ध भी बड़ी कार्रवाई की गई। जिसमें दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया जबकि दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। इनके कब्जे से कोठी पुलिस ने 41 नग पशु जिसमें 17 नग भैंस व 24 नग पड़ा समेत ट्रक जब्त किया है। मिली जानकारी मुताबिक दरम्यानी रात मुखबिर से कोठी पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग ट्रक में पशुओं को लादकर ले जा रहे है।





सूचना पर पुलिस टीम सतना-चित्रकूट रोड स्थित सोनौर चौराहा में नाकाबंदी कर ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 7790 को तलासी ली जिसके अंदर 17 नग भैंस व 24 पडा क्रूरता पूर्वक लदे हुये पाए गए। पूछताछ पर आरोपियो ने पशुओं को बेचने उत्तरप्रदेश ले जाना बताया, लेकिन कोई कागजात नही होना बताया तो आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पैगाम अली पिता अहमद अली उम्र 35 वर्ष निवासी सजवानी थाना अमिलिया जिला सीधी एवं अजीज खान पिता अजीम खान उम्र 34 वर्ष निवासी खोचीपुर थाना बहरी जिला सीधी शामिल है।

जबकि आयुष खान पिता मो. अली खान और निहाल खान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सहित हमराह स्टॉफ की भूमिका सराहनीय रही।

## मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**सतना, देशबन्धु।** रामेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में 15 फरवरी से 21 फरवरी तक सात दिवसीय मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन कसौंधन धर्मशाला नमक गोदाम के पीछे गोपाल कॉलोनी के पास टिकुरिया टोला में किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन विविध वैदिक विधि-विधान एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। मीडिया प्रभारी महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को पीठ स्थापना, कलश यात्रा एवं जलाधिवास से होगा। 16 फरवरी को अन्नाधिवास, 17 फरवरी को पुष्पाधिवास, 18 फरवरी को मिष्ठानाधिवास तथा 19 फरवरी को धनाधिवास की विधियां संपन्न होंगी। 20 फरवरी को नगर भ्रमण के बाद मुख्य प्राण प्रतिष्ठा, शैय्याधिवास, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। समापन दिवस 21 फरवरी शनिवार को दोपहर 12 बजे से भंडारा एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य यजमान सारंगी देवी-छोटेलाल गुप्ता उपस्थित रहेंगे। आयोजक कसौंधन वैश्य समाज ने समस्त सामाजिक बंधुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण 17 से

**सतना, देशबन्धु।** जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाना है। प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर एवं ग्रामीण क्षेत्र के चार्ज अधिकारियों को 17 एवं 18 फरवरी तथा नगरीय चार्ज अधिकारियों को 19 एवं 20 फरवरी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी अपने जनगणना सहायक, लिपिक के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

# रत्नाकर बैंक कर्मचारी संघ के बने संयोजक व विशेष संरक्षक



### केसी शर्मा होंगे पुनः पदस्थ तो बैंक में होगी तालाबंदी

**सतना, देशबन्धु।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ की बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई, जिसमें रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा को संयोजक एवं विशेष संरक्षक बनाए जाने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ के महामंत्री राजेश तिवारी द्वारा प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति मान्य किया गया तथा बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रमाकांत पटेल द्वारा रत्नाकर चतुर्वेदी को संयोजक एवं विशेष संरक्षक बनाए जाने की घोषणा की गई। बैठक में बैंक के एससी गुप्ता, आशीष मिश्रा, केके द्विवेदी, बृजेश कुमार सिंह, अनीता सिंह, अमरनाथ सोनी, ज्ञानेन्द्र पटेल, संतराम प्रजापति, राहुल ताम्रकार, विवेक श्रीवास्तव, शिवदयाल नापित, वीरेन्द्र मिश्रा, छेदी लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### यह भी लिया गया निर्णय

बैठक में बताया गया कि बैंक में 28 दिसंबर 2023 से 9 दिसंबर 2025 तक केसी शर्मा लेखाधिकारी मप्र राज्य सहकारी बैंक भोपाल प्रतिनियुक्ति पर प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे जो नान कैडर के कर्मचारी थे। शर्मा द्वारा अपनी पदस्थगी दौरान बैंक कर्मचारियों से अभद्रता, गाली गलौज कर अनैतिक आथिक कार्य कराये जाने दबाव बनाते थे, जिससे कर्मचारियों में असंतोष एवं भय व्याप्त रहता था। जिस कारण निर्णय लिया गया कि यदि केसी शर्मा की पुन: सतना बैंक में पदास्थपना की जाती है तो बैंक कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे तथा बैंक मुख्यालय एवं बैंक की समस्त 15 शाखाओं में तालाबंदी की जाएगी। जिसकी सूचना सहकारति मंत्री मप्र. शासन भोपाल, प्रमुख सचिव सहकारिता मप्र शासन, आयुक्त सहकारिता सहकारी संस्थाएं भोपाल, प्रबंध संचालक मप्र राज्य सहकारी बैंक भोपाल, संयुक्त आयुक्त सहकारिता रीवा संभाग रीवा, उप आयुक्त सहकारिता जिला सतना एवं मैहर को पत्र द्वारा दी गई है।

## रोजगार मेला 18 को

**सतना, देशबन्धु।** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 18 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज बिरला रोड में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# ऑपरेटिंग व रेलवे 11 ने जीते अपने-अपने मैच



**सतना, देशबन्धु।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में खेली जा रही आरपीएल प्रतियोगिता में शनिवार को पहला मैच ऑपरेटिंग व कमर्शियल के मध्य खेला गया। टॉस जीत कर कमर्शियल टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऑपरेटिंग टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 164 रन बनाएं। राजेश गौतम 47 नाबाद एवं नीरज यादव ने नाबाद 34, विपुल पांडे 23 और एसके सैनी ने 18 रन बनाए। गेंदबाजी में अवनीश को 2 विकेट, प्रीतेश, दिनेश एवं संतोष व मनीष को 1-1 विकेट मिला। जवाबी पारी खेलने उतरी कमर्शियल की टीम 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 103 ही बना सकी। मनीष ने 21, प्रीतेश ने 18 रन बनाए। गेंदबाजी में राहुल आनंद ने 3 विकेट, उत्तम, विपुल पांडे एवं पुष्पदत को 2-2 विकेट मिला। इस तरह ऑपरेटिंग टीम यह मैच 61 रनों से जीतकर टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राजेश गौतम को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया। अंपायरिंग अवधेश एवं नीरज कुमार ने की। स्कोरर उपेंद्र सिंह रहे एवं आंखों देखा हाल मनोज मिश्रा ने सुनाया। मैदानी दायित्व यादवेंद्र सिंह एवं नीरज राज ने निभाया। दूसरा मैच रेलवे 11 व रीवा वॉरियस के मध्य खेला जाना था, लेकिन रीवा वॉरियर्स की टीम के नहीं आने के कारण रेलवे 11 टीम को वाक ओवर देकर जीत घोषित किया गया। अगला मैच सोमवार को खेला जाएगा। उक्त जानकारी टूर्नामेंट कमेटी के मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी द्वारा दी गई।



## खिचड़ी प्रसाद का वितरण

**सतना, देशबन्धु।** लायंस क्लब हेल्पिंग हैंड्स द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत शनिवार को हनुमान धवारी में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मणिकांत माहेश्वरी, पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी, जोन चेयरपर्सन धर्मेंद्र सेन, अशोक त्रिपाठी, मिथलेश पाण्डेय, कमलकांत पाण्डेय, स्वामीदीन शुक्ला, विनोद कुमार गर्ग, सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्यकमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी, मंदिर के पुजारी पं. जगन्नाथ महराज सहित अन्य उपस्थित रहे ।

# पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि, किया पौधरोपण

**सतना, देशबन्धु।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एससी राय के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ क्रांति मिश्रा के मार्गदर्शन में इकाई के स्वयंसेवको द्वारा शनिवार को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के विद्या वन परिसर में 40 पौधों का वृक्षारोपण कर 40 अमर शहीदों को नमन किया गया।

पौधरोपण के माध्यम से देशभक्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में एकेएस के कुलपति डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव, डॉ. ओपी राय, डॉ. नवीन कुमार,



डॉ. विनोद रस्तोगी, डॉ बृजेश सिंह, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. अनीश तिवारी सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

प्राचार्य राय ने कहा कि हमारे शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवक मोहित कुशवाहा, आदित्य शर्मा, रंजीत दहिया, खुशी पाण्डेय, अपर्णा मिश्रा, किरण मल्लाह, सतीश बंसल, शिवाकांत कुशवाहा सहित अन्य स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौ कथा का दिव्य समापन



## धर्म व गौ संरक्षण का संकल्प सुदृढ़

**रीवा देशबन्धु।** बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में स्थित श्री रेवासा धाम एवं श्री वृंदावन धाम के पावन सानिध्य में मलूक पीठाधीश्वर परम पूज्य श्री राजेंद्रदास जी महाराज द्वारा आयोजित गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती विषयक दिव्य कथा का तीसरा एवं अंतिम दिवस अत्यंत भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ कथा श्रवण किया।

अपने अमृतमय प्रवचन में महाराज श्री ने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पृथ्वी सात स्तंभों पर आधारित है। प्रथम स्तंभ गौ माता हैं, द्वितीय ब्राह्मण, तृतीय वेद, चतुर्थ सती-सावित्री पतिवृता नारियां, पंचम सत्यवादी पुरुष, षष्ठम लोभरहित पुरुष और सप्तम दानशील पुरुष। इन सातों तत्वों के संरक्षण से ही समाज और सृष्टि का संतुलन बना रहता है। चित्रकूट के संत शिरोमणि संकादिक महाराज भी गोकथा में शामिल हुए। मलूक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्रदास देवाचार्य जी महाराज की उपस्थिति में बसामन मामा गौधाम परिसर में ऋषिकुलम आवास गृह का भूमिपूजन किया एवं पीपल का वृक्षारोपण किया।



महाराज श्री ने कहा कि युग निर्माता ब्राह्मण होता है। जो संपूर्ण समाज की पीड़ा को अनुभव करे, वही सच्चा ब्राह्मण है। धर्माचरण से ही अर्थ और काम रूपी पुरुषार्थ की सिद्धि संभव है। जब अर्थ की प्राप्ति धर्म के अनुशासन और नियंत्रण में होती है, तब वह अर्थ अनर्थ का कारण नहीं बनता, बल्कि लोक कल्याण का साधन बनता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपवित्र धन कभी पवित्र कार्यों में नहीं लगता और जो धन धर्मकार्य में समर्पित होता है, वह स्वयं पवित्र हो जाता है।



कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हम सबके लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि पूज्य श्री राजेंद्रदास जी महाराज के मुखारविंद से अमृतवाणी श्रवण का अवसर प्राप्त हुआ। एक ओर बसामन मामा की पुण्यभूमि, जहाँ दस हजार गौ माताओं के संरक्षण एवं संवर्धन का विशाल प्रकल्प संचालित है, और दूसरी ओर पूज्य महाराज श्री का दिव्य प्रवचन यह संगम सचमुच त्रिवेणी के समान है, जो दीर्घकाल तक समाज का कल्याण करता रहेगा।

कार्यक्रम का समापन भक्ति, भाव और संकल्प के साथ हुआ, जिसमें गौ सेवा, धर्माचरण और समाज कल्याण के लिए कार्य करने का संदेश प्रमुख रहा। कथा समापन के बाद बसामन मामा में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन दिवस पर सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी तथा बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

# उप मुख्यमंत्री ने शिव बाबा रथयात्रा का किया शुभारंभ



**रीवा देशबन्धु।** महाशिव रात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शिव बाबा रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रजापिता ब्राम्ह कुमारी विश्वविद्यालय आश्रम से आरंभ हुई। शिव बाबा रथयात्रा को हरी झण्डी दिखाई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान शिव संहार से साथ-साथ कल्याण के देवता हैं। भक्तों की भक्ति से शीघ्र प्रसंन्न होने वाले भगवान शिव कालों के महाकाल हैं। प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव चेतना को जगाने के लिए किये जाने वाले प्रयास सराहनीय हैं। इस संस्थान ने सामाजिक क्षेत्र में भी बढ़चढ़ कर योगदान दिया है।



इस अवसर पर प्रजापिता ब्राम्हकुमारी संस्थान द्वारा उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### मातृ-पितृ पूजन दिवस पर अभिभावकों की आंखें हुई नम



**रीवा देशबन्धु।** आशाराम बापू अहमदाबाद द्वारा संचालित श्रीयोग वेदान्त सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रीवा मे आज मातृ-पितृ पूजन एवं कार्य क्रम बाल संस्कार केंद्र में सम्पन्न हुआ। सुबह 10 बजे से 12 बजे तक, स्थान-अमृत वेला हॉल, तोपखाना, रीवा एवं शास्त्री नगर सिंधी धर्मशाला में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालन किया गया। 19 वर्षो से लगतार 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने का अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों का माता पिता एवं गुरूजनों के प्रति आदर भाव व सम्मान से समाज में सुख, शांति व समृध्दि आयेगी। इस कार्यक्रम अभिभावकों एवं बच्चों के आंसू झलक आयें। कैलाश आहूजा ने बताया कि मातृ पितृ पूजन दिवस हमारे भारत ही नहीं बल्कि पूरे देश विदेशों में भी लोग उत्साहपूर्वक मनाया गया साथ ही रीवा शहर, हनुमना में दुर्गा माता मंदिर, गांधी पार्क में स्कूल बच्चों प्रोत्साहित किया गया। कमलेश सचदेव, बंशीधर वाधवानी, श्रीचन्द कोटवानी, राम नारवानी, अशोक सराफ, महेश साहू, कार्यक्रम का संचालन कियारा ने किया एवं महिला समिति की अध्यक्ष मधु शिवनानी, काशी खिलवानी, दिशा लालवानी, भावना, वंशिका तुलसानी, अल्का सचदेव, समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं साधक भाईयों बहनों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।



### उप मुख्यमंत्री ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

**रीवा देशबन्धु।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का यह पवित्र पर्व भगवान शिव की आराधना, तप, संयम और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक है। यह उत्सव हमें सत्य, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# बेहतर मोबिलिटी के लिए बहु-आयामी सर्वे शुरू



**रीवा देशबन्धु।** शहर में बढ़ते याता यात दबाव, असंत ुलित वाहन वृद्धि एवं सार्वजनिक परिवहन के सीमित उपयोग को ध्यान में रखते हुए क ॉम्पि्र हे ंसिव मोबिलिटी प्लान के अंतर्गत नगर निगम, यातायात विभाग, एमपी आरडीसी, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई तथा सर्वेक्षण के लिए आई मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) की टीम के साथ संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई।

इस दौरान मैनिट की टीम रीवा शहर में बेहतर मोबिलिटी के लिए जंक्शन सुधार, पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग, वर्तमान यातायात समस्याओं तथा पैदल यात्री (पेडेस्ट्रियन) सुविधाओं आदि विषयों पर सर्वे कर रीवा की यातायात व्यवस्था पर विस्तृत दस्तावेज तैयार करेगी। टीम निर्देशक सह प्राध्यापक राहुल तिवारी ने बताया कि शहर के 6 प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक वॉल्यूम काउंट, ओरिजिन-डेस्टिनेशन आधारित हाउसहोल्ड सर्वे, पीक आवर एनालिसिस तथा ट्रैफिक फ्लो स्टडी के माध्यम से डेटा संकलित किया जाएगा। यह सर्वे 14 फरवरी से 20 फरवरी तक संचालित रहेगा। सर्वे से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शहर के लिए डेटा-आधारित यातायात दस्तावेज तैयार किया जाएगा। उक्त अध्ययन के आधार पर रीवा में आगामी समय में चौराहों के लिए सर्कुलेशन प्लान, सिटी बस की आवश्यकता, पार्किंग एवं यातायात प्रबंधन, बस ट्रांसपोर्ट नेटवर्क के विकास तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने संबंधी योजनाओं पर कार्य किया जा सकेगा। इस दौरान नगर निगम से कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सिद्धार्थ सिंह, ट्रैफिक टीआई श्रीमती अनिमा शर्मा, सुबेदार अखिलेश कुशवाहा, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर मुरारी कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता यूथ कनेक्ट के तहत कोतवाली घाट पर श्रमदान

## स्वच्छता का दिया संदेश



**रीवा देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता यूथ कनेक्ट पहल के अंतर्गत आज कोतवाली घाट पर विशेष स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर रिफॉर्म भारत स्वयंसेवी संगठन के युवाओं के साथ संयुक्त रूप से घाट परिसर की व्यापक सफाई की गई। अभियान के दौरान घाट की सीढ़ियों, किनारों एवं आसपास के क्षेत्रों में फैले प्लास्टिक, पॉलिथीन, कागज, बोतलें एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर घाट की स्वच्छता सुनिश्चित की गई। स्वच्छता यूथ कनेक्ट के तहत जुड़े युवाओं ने घाट पर आने वाले नागरिकों को स्वच्छता का महत्व समझाया तथा कचरा पृथक्करण एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी। कार्यकम का उद्देश्य घाट परिसर को स्वच्छ बनाना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा नागरिकों, विशेषकर युवाओं, को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली तथा यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। श्रमदान कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता टीम, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा, आईईसी टीम, रिफॉर्म भारत के युवा तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन भी शुरू

**रीवा देशबन्धु।** बोर्ड परीक्षाओं के शुरू होते ही अब उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन भी शुरू हो गया है। समन्वयक संस्था मार्तण्ड स्कूल क्रमांक 1 में 10 जिलों की उत्तर पुस्तिकाएं रविवार को पहुंचेंगी। भोपाल से पहुंची टीम इन कापियों में बार कोडिंग करेगी। इसके बाद अलग अलग जिलों में कापियां जांचने के लिए भेजी जाएंगी।

बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से शुरू हो गई हैं। 12वीं और 10वीं दोनों की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। परीक्षाओं के शुरू होते ही उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन भी शुरू कर दिया गया है। शनिवार तक हुई परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन कर समन्वयक संस्था मार्तण्ड स्कूल क्रमांक 1 में लाई जाएंगी। यहां सभी कापियों में छात्रों के रोलनंबर आदि की जगह बार कोड लगाया जाएगा। इसके बाद बाद अलग अलग बंडल बनाकर इन कापियों को चेकिंग के लिए अलग अलग जिले में भेज दिया जाएगा।



***दो बार कोड कापियां में चिपकाए जाएंगे***

बोर्ड परीक्षा में जो उत्तर पुस्तिकाएं छात्रों को दी जा रही हैं। उसमें सबसे पहले पन्ने में ही बार कोड लगाया जाएगा। इसमें आधे पन्ने में एक और शेष आधे में दूसरा बार कोड लगाया जाएगा। एक हिस्सा फाड कर मंडल के लिए रख लिया जाएगा। दूसरा हिस्सा कापियों के साथ चेकिंग के लिए चला जाएगा। इसी बार कोड को स्केन कर नंबरों की फीडिंग भी की जाएगी। परीक्षा के बाद मंडल के हिस्से के पन्ने को भोपाल बंडल बनाकर भेज दिया जाएगा।

***तीन प्रश्न पत्र के बाद होगा कलेक्शन***

मूल्यांकन में देरी न हो इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कापियों के कलेक्शन के लिए भी समय निर्धारित कर दिया है। तीन प्रश्न पत्र के बाद सभी केन्द्रों से उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन किया जाएगा। सभी उत्तर पुस्तिकाएं समन्वय संस्था तक पहुंचेंगी। इसके बाद कापियों में भोपाल से पहुंची टीम बार कोड चस्पा करेगी। इसके बाद बंडल बनाकर अलग अलग जिलों में कापियों को भेजा जाएगा। इससे यह पता नहीं चल पाएगा कि कौन सी कापी किस छात्र की है। सिर्फ बार कोड स्केन कर नंबर फीड हो पाएगा। नंबर सिर्फ मंडल में नजर आएगा।

***10वीं की एनएसक्यूएफ और 12वीं की गायन वादन की हुई परीक्षा***

शनिवार को 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित हुई। 10वीं में एनएसक्यूएफ और 12वीं की गायन वादन प्रश्न पत्र की परीक्षा हुई। एनएसक्यूएफ में 3101 छात्र रजिस्टर्ड थे। इसमें से 3065 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, 36 अनुपस्थित रहे।

# शहीद जवानों की स्मृति में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**रीवा देशबन्धु।** आज कन्या छात्रावास, घोघर में पुलवामा के वीर शहीद जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम टीआरएस कॉलेज एनएसयूआई के अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मूक-बधिर कन्याओं के साथ मिलकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा समूहीक रूप से छात्राओं के साथ राष्ट्रगान का गान भी किया गया। अपने संबोधन में नित्कर्ष मिश्रा ने कहा कि देश के वीर जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम में मार्गदर्शन हेतु जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी एवं संगठन मंत्री शशिमोल तिवारी जी उपस्थित रहे। विशिष्ट रूप से विश्वविद्यालय अध्यक्ष विशु वर्धन सिंह, राजीव मिश्रा एवं उत्कर्ष मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि राष्ट्रभक्ति भावनाओं से जुड़ी होती है और समाज का प्रत्येक वर्ग देश के वीर सपूतों के प्रति कृतज्ञ है।

# कांग्रेस पंचायत कमेटी का किया गया गठन



**रीवा देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पंचायत वार्ड कमेटी के गठन एवं मनरेगा को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी रीवा के अंतर्गत ब्लॉक चिरहुला के ग्राम कोठी में पंचायत कमेटी का गठन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू तथा शहर संगठन महासचिव सज्जन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा की उपस्थिति में गठित की गई जिसमें सत्यप्रकाश तिवारी को पंचायत कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने पंचायत कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष व पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे आशा है कि आप पार्टी की रीति नीति एवं सिद्धांतों के अनुसार कार्य करेंगे तथा पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम में रतन पटेल, लकी पटेल, रोहन पटेल, विनीत विश्वकर्मा, तेजमणि दाहिया, शुभम पटेल, पवित्र मिश्रा, संजय कुमार पटेल, हरिदर्शन गौतम, प्रदीप सिंह मुन्ना, सत्येन्द्र सिंह, अखिलेश तिवारी, सुनील दुबे, भूपेन्द्र पटेल, मुन्नी दाहिया सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

### रावे कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम खौर में

# मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**रीवा देशबन्धु।** रावे कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम खौर में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभों से अवगत कराना था।



विद्यार्थियों ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से मिट्टी में उपलब्ध प्रमुख एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों जैसे नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश, सल्फर एवं जिंक आदि की सटीक जानकारी प्राप्त होती है, जिससे संतुलित उर्वरक प्रयोग द्वारा उत्पादन बढ़ाया जा सकता है तथा लागत घटाई जा सकती है। कार्यक्रम में मृदा नमूना लेने की वैज्ञानिक विधि का प्रदर्शन भी किया गया तथा किसानों को प्रत्येक 2-3 वर्ष में मृदा परीक्षण कराने की सलाह दी गई। इस अवसर पर ग्रुप लीडर वंशिका तिवारी के साथ ईशिका सुमन, अनुराधा, सिद्धिका, पूर्णिमा, महिमा, ज्योति एवं आँचल ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह जागरूकता कार्यक्रम ग्राम खौर के किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# 'पीएम उषा सॉफ्ट कंपोनेंट' के सहयोग से विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

**रीवा देशबन्धु।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के रसायन शास्त्र विभाग में 'पीएम उषा सॉफ्ट कंपोनेंट' के द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय रीसेंट ट्रैंड इन केमिकल एंड फार्मास्यूटिकल साइंसेज है।

राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य अतिथि प्रो. आई.पी त्रिपाठी कुलगुरु राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा थे जबकि अध्यक्षता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलगुरू प्रोफेसर सुनील तिवारी द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रमशः प्रो. सुरेंद्र सिंह परिहार कुल सचिव अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा रहे। इस कार्यक्रम में प्रो. दिलीप बासवा गुजरात विश्वविद्यालय अहमदाबाद, प्रो. रितु यादव डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर भी उपस्थित रहीं। स्वागत भाषण कॉन्फ्रेस संयोजक प्रोफेसर आर. एन. पटेल द्वारा दिया गया जबकि दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में डॉ. नीतू पटेल द्वारा अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी कुलगुरु प्रोफेसर सुनील तिवारी द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित सेमिनार के बारे में और संस्था का क्या लाभ है इससे छात्र कितने लाभान्वित होते हैं।






इस संबंध में विस्तृत पूर्वक वर्णन किया द्य माननीय कुलसचिव महोदय जी द्वारा नेशनल सेमिनार के पीएम उषा सॉफ्ट कंपोनेंट के बारे में विस्तृत वर्णन किया द्य प्रोफेसर दिलीप बासावा द्वारा विषय वस्तु पर चर्चा की जबकि प्रोफेसर रितु यादव ने भी वस्तु विषय पर ही संक्षिप्त उद्बोधन दिया द्य कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. कमलेश मिश्रा द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के आचार्य, सह आचार्य, सहायक आचार्य, अतिथि प्राध्यापक, कर्मचारी गण, तथा विज्ञान संकाय के शोधार्थी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से, प्रो. नमिता श्रीवास्तव, प्रो. मृणाल श्रीवास्तव, प्रोफेसर महेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रो. राकेश कटारे, प्रो. अतुल कुमार तिवारी, डॉ. अतुल पांडे, डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. अंशु रानी पटेल, डॉ. शेषपाल नामदेव, डॉ. श्रवण पांडे, डॉ. शैलजा सचान, डॉ. अपर्णा सिंह, डॉ. निवेदिता अग्रवाल, डॉ. संपत रावत, डॉ देवस्य प्रताप सिंह, डॉ राजीव मिश्रा, अनुपम मिश्र, पूनम कोरी, जय प्रकाश सोनी, डॉ. विवेक वर्मा, डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा, डॉ. सिद्धार्थ दीपांकर, डॉ. के के शुक्ला, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. बाला प्रसाद मिश्रा, डॉ. रसिक बिहारी, डॉ. एके सिन्हा, डॉ. गोविंद सिंह डांगी, डॉ. निर्भय माहौर, डॉ सुभाष चौहान, डॉ. प्रमिला सिंह, डॉ. अनामिका दुबे, डॉ. निशा पटेल आदि उपस्थ्ति रहे।

# साहित्य

# गाँव को गाँव ही रहने दो



■ उषा किरण खान

चांदनी छिटकी है चहुँ ओर दो दिनों से मेघ उमड़-घुमड़ रहा है पर जेठ की पूनो तिमिर का सीना चाक कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही थी। उमा बहू लाठी टेकती तालाब के मुहाने पर पहुँच गई थी। नीरो देवी एक अपेक्षाकृत जवान स्त्री के कंधों पर हाथ रखे चली आ रही थी। उमा बहू ने स्मित हास्य से उन्हें देखा। चाँदनी इतनी शफ्फाक है कि उनकी सफेद झुर्रियों की एक एक रेखा साफ दीख रही है। तालाब की पक्की सीढ़ी तक पहुँच कर लाठी हौले से रखा और साड़ी समेट कर बैठ गई। घूंघट पहले ही सरका लिया था अब पूरा कपाल अनावृत्त था। नीरो देवी और रीता भी पास आकर बैठ गई थी। दोनों वृद्धाओं की हँफनी कम हुई।

''आज नहीं लगता था कि हम मिल पायेंगे।'' - नीरो देवी ने कहा।

''मेघ तो आकाश को घुड़दौड़ का मैदान बनाकर अभी भी दौड़ रहे हैं। देखो।'' - उमा बहू ने कहा।

''हाँ ठकुराइन, कब बरस पड़े कौन जाने। अगली पूनो को मिल न पायें रास्ते सारे डूबे जायेंगे। तो लीजिये, हम अपना शौक पूरा करें।'' - नीरो देवी ने कुरती की जेब से माचिस और ढोलक छाप बीड़ी का बन्डल निकाला। नीरो जीरादेई की बेटी है। चौदह बरस की बाली उमर में उसकी शादी हुई थी। दूल्हा सत्रह साल का था।। बाइसी रोग में चल बसा। एक बार ससुराल गई थी नीरो। बाल विधवा हो गई। गरीब कायस्थ की बेटी थी पिता राजेन्द्र बाबू के घर में एक प्रकार से मुंशी थे। नीरो भी उनके ही घर में रहती थी। उमाकान्त सिंह के शहीद होने के बाद जो जनसमुह नरेन्द्रपुर में उमड़ा था उसके साथ नीरो भी थी। अपनी पीड़ा से दुःखी नीरो उमा बहू के पास चली आई। वे बार-बार बेहोश हो जा रही थी, एक तो पन्द्रह साल की छोटी उम्र में माँ बनना दूसरे यह वज्राघात। उन्हें अपने पति के जाने को उत्सव समझ में नहीं आ रहा था — ''जब तक सूरज चाँद रहेगा, उमाकान्त तेरा नाम रहेगा।''

वे एक सामान्य विधवा नहीं थीं जिसकी चूड़ियाँ, तोड़ी जा रही थी, सिन्दूर मिटाये जा रहे थे। यह तो होता ही था, नीरो सब की गवाह थी, वह इस प्रक्रिया से गुजर चुकी थी। लेकिन जीरादेई की होने के नाते उसे पता था कि उसके पति की मृत्यु और शहीद हो जाने में बड़ा फर्क है। उमा बहू के प्रति आकर्षण था जो प्रतिदिन नीरो भागी-भागी आ जाती। धीरे-धीरे सहेलियापा बढ़ गया। वही सहेलियापा बरकरार है आजतक।

''लाओ, सुलगाओ, महीने में एक दिन हम शौक पूरा करती हैं। घर में तो हुक्का चलता है।'' — उमा बहू ने कहा।

''हुक्का ? अभी भी चलता है ?'' — यह रीता थी जो पहली बार कुहुकी। रीता नीरो के भाई की बेटी है। नीरो के छोटे भाई बब्बन की छः बेटियों में सबसे छोटी। पांच बहनों की जैसे तैसे शादी कर दी थी बब्बन ने, रीता की न कर सके। रीता ने बी.ए. तक पढ़ लिया था, गांव के सरकारी स्कूल में शिक्षिका हो गई थी। एक दुर्घटना में बब्बन और उसकी पत्नी गुजर गये। तब से नीरो और रीता एक दूसरे के सहारे है।

''अरे नहीं रे, चलता था, हम छुपा के बीड़ी मंगाते और पीते। एक बार सासु मां ने देख लिया तब पूरा बन्द।रीता ने माचिस जलाकर दो बीड़ियाँ सुलगाकर दोनों वृद्धाओं को थमा दिया।

''सिगरेट का जमाना है चाची, ई बीड़ी काहे पीती हो ?''

''तुम तो दोनों में से कुछ नहीं पीती हो, तुम्हें क्या पता कि किसका स्वाद कैसा होता है, बीड़ी में सोंधी सुगंध होती है।'' — नीरो देवी ने कहा। रीता हँस पड़ी। ''ऐ छोकरी, ठहाके न लगा गांव के लोग सुनेंगे तो ? रात निसबद्द है दूर तक आवाज जायेगी। चुप बैठ।''

''क्या होगा, समझेंगे कोई चुड़ैल है।'' — दोनों वृद्धा में इतमीनान से बीड़ी के कश लेकर धुँआ उड़ाने लगी।

''ठकुराइन, अन्दर से सब कुछ खोखला सा लगता है, हौलाफ कब टपक जाउँ नहीं पता। इस रिरिया का का होगा ? सोचती हूँ।''

''अपनी उमिर वैसी ही है मुंशियाइन, का करें।''

''मेरी छोड़ो दादी, अब जरा बैठो संभल के पश्चिम कोने से बाबूजी और नटवर काका चले आ रहे हैं।'' — रीता ने धीमे से कहा। दोनों वृद्धायें संभलकर बैठ गई। मुंशियाइन ने आँचल कपाल तक खींच लिया, उमा ठाकुराइन ने लगभग घूंघट ही निकाल लिया। सामने पश्चिम कोने से सफेद बुर्राक धोती गोलगंजी में बाबूजी और सफेद पैन्ट शर्ट में नटवरलाल चले आ रहे हैं। रीता के शरीर में सिहरन व्याप गई, रोम रोम कंटकित हो उठा।

''रीता, तुम्हारे बाबा नहीं आये इनके साथ।'' उमा ठकुराइन का उदास स्वर सुनाई दिया। ''मैं यहाँ आपसे पहले से आकर बैठा हूँ दुल्हिन।'' — ठाकुर साहब की धीमी गंभीर आवाज सुन तीनों जनी इधर उधर देखने लगीं। ठाकुर साहब हौले से हँस पड़े। हँसी की आवाज का अनुसरण करने पर देखा कि इनसे थोड़ी दूर पर ठाकुर उमाकान्त सिंह आलती पालती मार कर बैठे हैं। उन्होंने सफेद कमीज और पाजामा पहन रखा था। उनके सर पर पगड़ी थी और गले में पड़ी शिवगेंदा की ताजा माला। वही माला जिसे आज ही डॉ. राजेन्द्र प्रसाद माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने पहनाया था। प्रत्येक ग्यारह अगस्त को स्कूली बच्चे तथा शिक्षक आते, कुछ भाषण इत्यादि होते और मालायें पहनाकर मानों शहीदों को याद करने की ड्यूटी पूरी करते। वही माला सूखकर झरने तक इनके गले की शोभा बढ़ाती। ग्यारह अगस्त के बाद पन्द्रह अगस्त को भी मुखिया सरपंच या ब्लॉक के अधिकारी माला पहनाने का अपना कर्तव्य पूरा कर जाते हैं। तब संगमर्मर की उनकी मूर्ति धो धाकर साफ शफ्फाक कर ली जाती है। घेरे में लगी फूलों की क्यारियाँ साफ कर दी जाती। घेरे में लगे अमलतास को गाय भैंस बाहर से चरने की कोशिश करता पर वह बढ़ता और फैलता ही रहा। अमल्तास की उपस्थिति जोरदार है। जब वह फूलता है तब मुर्तिवत् उमाकान्त सिंह को लगता है वे ही दूल्हा बन बैठे हैं। फूल की पीली लड़ियाँ बेहद कोमल सेहरा है जिसके स्पर्श को वे तरसते होते हैं। पत्थर की मूरत न हिल पाते न डोल।

राजेन्द्र बाबू के पास खड़े होते ही नीरो देवी ने धरती पर तीन बार माथा टेका, धीमें स्वर में कहा — ''गोर लागऽतानी भइया''

''सभे ठीक बा नू?'' — भइया ने आशीष दिया।

''अपने के असीस बनल रहे, का कहें सब समझते ही हैं।'' — नीरो देवी ने कहा। आजकल जीरादेई के घर की देखभाल सरकार कर रही है। बिल्डिंग बचाने वाली महकमा ही देखभाल कर रहा है। एक महकमा फूलपत्ती भी देखता है। कुल ठीके बा। नीरो सोचती है, बाबू भैया समझ जाते हैं।

''तुम क्या चाहती हो नीरो, हम सब देख समझ रहे हैं, तुम लोगों की उदासी, तुम्हारी विपदा पर कुछ कर नहीं सकते हैं। जब किसी के मन को नहीं बदल सकते तो तन की कौन कहे।''

''बाबूजी आप चाहे तो जरूर बदल सकता है।''—नटवर लाल ने कहा

''कैसे?'' — बाबू जी थे।

''हृदय में बसकर।''

''रहने दो नटवर, मेरे रहते तुमने स्थान को कलंकित किया, मैंने क्या कर लिया क्या तुम्हारे हृदय में थोड़ी देर के लिए भी मेरा ख्याल आया अब क्या कहते हो?'' — बाबूजी ने गहरी, साँस ली।

''बाबूजी, यह हमारा दुर्भाग्य कि बदल न सके या कि अपनी अक्ल का दुरूपयोग करते रहे।'' — नटवर का स्वर डूब गया।

''आपलोगों की बातें सुन मैं बुत एकबारगी घायल हो जाता हूँ। ऐसा क्या था कि बाबूजी के आह्वान पर हम शहीद हो गये आप कुचाल न छोड़ सके।'' — उमाकान्त सिंह ने कहा

''फितरत उमा, फितरत! नहीं बदलती। नटवर कहते हैं कि वे बड़े भावुक हैं। किसी की बेटी की शादी अटक रही हो, किसी का जनाजा उठ रहा हो इनसे देखा न जा रहा था क्या करते बैंक लूट लाते। तुम से कहा जाता तो तुम अपनी जमीन या दुलहिन का गहना रेहन रख देते, मैं अपनी कमाई दे देता या बेटी की ससुराल को समझा आता यह नहीं कर पाये। भावुक हैं।''

''तभी तो आपके साथ याद किये जाते हैं।'' — नटवरलाल ने कहा।

''आपने देखा है आपका घर मिट्टी में मिल गया है, बिल्ली भी वहाँ रोने नहीं जाती। कोई आपका नाम भी नहीं लेता। शुक्र है कि आपकी बेटी लौट कर नहीं आई वरना आपका गुस्सा उस पर उतारते लोग। बात करते हैं। अरे परलोक गये अब तो सुधरिये। यहाँ आपसे मिलने नहीं आते हैं लोग, काहे बाबूजी से लटक के चले आते हैं ?'' — रीता ने आक्रोश में भरकर कहा। तीनों चौंक गये। एक दिन अचानक चाँदनी रात को बाबूजी की आत्मा गाँव सिमान भ्रमण करने आई। साथ में न जाने क्यों नटवरलाल लग गये। भोले भाले सीधे सज्जन बाबूजी कुछ न बोले। मूर्ति से गुजरकर आ रहे थे सो उमाकान्त सिंह भी साथ हो लिये। बाबूजी की आत्मा गांव में ही रहती थी। उमाकान्त सिंह की तो नाल ही गड़ी थी और नटरवरलाल पिछलगू हो अपना पाप धो रहा था। तीनों के सपने आने शुरू हो गये उमा बहू और नीरो को फिर तो सभी पूनों को मिलने का वादा सा हो गया।

''दरअसल हम भूल गये कि किससे मिलने आये थे? बताओ बेटा रीता तुम जिस स्कूल में पढ़ाती हो वह ठीक चलता तो है?'' — स्निग्ध स्वर में पूछा बाबूजी ने।

''स्कूल की कक्षाओं में नियमानुसार, सिलेबस अनुसार पढ़ाई होती है। मुझसे पूछ रहे हैं तो मैं कहूँगी कि इस गांव को इस स्कूल को मॉडल बनाना चाहिए, आखिर भारतरत्न का गांव है।''

''भारतरत्न के गांव के खेतों में सरसों फूल रही है, आम के पेड़ मंजरों से भरे हैं, कोयल कूक रही है, चहुँओर हरियाली है मेरा मन राष्ट्रपति भवन की चारदीवारी में बेचैन था, बिहार विद्यापीठ में सुकून था अब गांव में विश्रान्ति है।'' — बाबूजी ने कहा।

''हमारे यहाँ जड़कन टूट रही है, परिवर्तन तो है। दुलहिन, आपने लम्बा जीवन जीया मेरे बगैर, सच बताइयेगा कैसा है इन दिनों ? क्या मेरी शहादत व्यर्थ गई ?'' — उमाकान्त बाबू ने पूछा।

उमा बहू ने पहलू बदला, घूंघट को थोड़ा और नीचे सरकाया और सँभल कर बोलने लगी। ''मालिक, मुझे तो किसी ने बुक्का फाड़कर रोने भी न दिया। गरभ से जो थी। बबुआ घुटरून चलने लगे तभी से फूलमाला, शंख टीका लगाने, झंडा फहराने लगे आजाद जो हो गये थे। इत्ता बड़ा शामिल घर था कि कहाँ फुरसत थी ? ऊब जी अब गया है, ले चलिये।'' — वे द्रवित हो चलीं। ''सबका समय आता है दुलहिन। इस त्रिकोण को रीता बेटी ही मॉडल बनायेगी, परिवर्तन का माद्दा है। गांव को गांव रहने देना इसे नगर न बनाना वरना यह खो जायेगा तो ढूँढें न मिलेगा।'' — बाबूजी ने समझाया। ''क्या अब हमें लौटना चाहिए?'' — उमाकान्त सिंह ने कहा। सब कहीं अनायास लुप्त हो गये। रीता ने ठकुराइन को सहारा दिया, नीरो देवी को लाठी पकड़ाई और तालाब की सीढ़ियाँ उतरने लगीं हौले हौले। स्थिर जल में अपना चेहरा उन्हें साफ नजर आता फिर हौले से चुल्लू भरकर पानी चेहरे पर मारतीं तरो ताजा हो उठतीं। अपने अपने ठिकाने पर लौटतीं सबों के दिलो—दिमाग में एक ही आवाज गूँजती रही —

''परिवर्तन हो पर गांव को गांव ही रहने देना।''

व्यंग्य

# फफक-फफक कर रोया बजट...!

■ डॉ.सूर्यकांत मिश्रा

'बजट' जिसे मैं अपनी भाषा में महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज मानता हूं । वह इसलिए कि इसी के आधार पर वर्ष भर देश और देश की जनता के लिए उसी तरह कार्य किए जाते हैं , जिस तरह एक परिवार का मुखिया अपने परिवार के लिए करता है । भारतवर्ष की केंद्रीय सरकार प्रतिवर्ष फरवरी माह में देशवासियों के लिए सदन में अपना लेखा - जोखा प्रस्तुत करती है । इसी लेखे - जोखे को हम ' आम बजट ' के नाम से जानते हैं । वैसे तो देश की बहुत बड़ी आबादी बजट और बजट के मुद्दों से दूर रहती है या यह भी कह सकते हैं कि उसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता । हमारे देश के ही कुछ ऐसे लोगों को इस बजट का बेसब्री से इंतजार भी रहता है । इन लोगों में विशेष रूप से विपक्ष में बैठी राजनैतिक पार्टियां शामिल होती हैं । साथ ही ऐसे लोगों की भी कमी नहीं रहती जो इसी बजट के बहाने समाचार पत्रों में अपना मुखड़ा छपवाना चाहते हैं ! बजट के दिन हर चाय और नाश्ते की होटल / टपरी और सोशल मीडिया पर अचानक से जन्में नए - नए अर्थशास्त्री देश की अर्थव्यवस्था की दिशा और दशा तय करने में व्यस्त देखे जा सकते हैं ! बजट दस्तावेजों को पढ़े बिना ऐसे अर्थशास्त्री जी डी पी , महंगाई और जी एस टी पर इस तरह भाषणबाजी और बयानबाजी कर रहे होते हैं , मानो पूरा वित्त मंत्रालय इन्होंने ही स्थापित किया हो !




भारत के इस बार के बजट ने ऐसे ही अर्थशास्त्रियों के लिए और अधिक मुश्किलें पैदा कर दीं । वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने इस बार अच्छे - अच्छों की खोपड़ी से ऊपर जाने वाला केवल अर्थशास्त्रियों की समझ वाला बजट प्रस्तुत किया ! इस बार के बजट ने ' चाय पर अर्थशास्त्र ' को स्पष्ट कर दिखाया । बिना आंकड़ों और बिना समझ के सिर्फ अपनी जेबों के अनुभव पर जुगाली करने वाले देश की आर्थिक नीति पर बे -वजह की माथा पच्ची करते देखे गए । यह नजारा भी सामने आया जिसमें समाचार पत्रों में बजट पर चार लाइन लिखते या कहते हुए अपना मुखड़ा छपवाने वाले अर्थ तंत्र के ' अधजल गगरी छलकत जाए ... ' कहावत को चरितार्थ करते हुए आम बजट को ' खास ' या ' बर्बादी ' बताकर विश्लेषण करते रहे ! मुझे तो ऐसा लगने लगा है जैसे आम बजट के आते ही छपास रोगी विशेष , राजनैतिक दलों में छोटे ओहदे से लेकर बड़े पदों पर आसीन लोग इस पर प्रतिक्रिया देना अपना मौलिक अधिकार समझने लगे हैं ! ऐसे लोगों में वे भी शामिल हैं जो दो जमा दो कुल चार कक्षाओं तक ही पढ़ें हैं या फिर अक्षर ज्ञान से उनका दूर- दूर तक नाता नहीं रहा है ! मै यही कह सकता हूं कि अनपढ़ भी बन रहे अर्थशास्त्री ! हमारे लिए अच्छा तो यह हुआ कि ऐसे लोग प्रोफेसर एडम स्मिथ और कौटिल्य के युगी में पैदा नहीं हुए ,अन्यथा हमें दूसरे रूप में अर्थशास्त्र ग्रन्थ मिला होता ! देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट के आंकड़े और योजनाओं ने लैपटॉप के भीतर ही उनके विषाणुयुक्त विश्लेषण पर बिलखना शुरु कर दिया !

मदारीनुमा अर्थशास्त्री देश की जी डी पी को माइनस में पहुंचाकर बड़ी शान से विकास का ऊंचा ग्राफ खींचने में माहिर दिखाई पड़ रहे हैं । महंगाई पर ' अनपढ़ ज्ञान ' के मेंढक रेपो रेट , रिवर्स रेपो रेट , मुद्रा स्फीति , मुद्रा संकुचन का नाम सुनते ही उल्टियां करने की स्थिति में टरटराने लगते हैं ! ऐसे लोग बड़ी शान के साथ महंगाई को मदारी के डमरू बजाने की तर्ज पर तर्क को टाल जाते हैं ! देश के हर गली - मोहल्ले और झोपड़पट्टी पर अर्थशास्त्री देश की अर्थव्यवस्था पर इस तरह तर्क - कुतर्क करते दिखाई पड़ते हैं मानो उसके अर्थतंत्र को वित्तमंत्री ने तहस - नहस कर दिया हो ! भले ही ऐसे अर्थशास्त्री ने कभी बैंक खाता न देखा हो या फिर बैंक की जमा पर्ची और राशि आहरण पर्ची को भी किसी अन्य से भरवाया हो ! यह कहा जा सकता है कि अज्ञान के सहारे ही आज के ' आर्थिक विशेषज्ञ ' बड़े गंभीर लेख लिख रहे हैं ! कारण यह कि ज्ञान के आधार पर तो सिर्फ डर पैदा होता है और अज्ञान से विश्वास ! जब बजट सदन में पेश किया जाता है तब ऐसे विश्लेषण कर्ताओं का सुषुप्त जागरण होता है और एक कुशल अर्थशास्त्री इनके ज्ञान के आगे अपनी डिग्री को आग के हवाले कर डालता है ! एक कहावत बड़ी प्रसिद्ध है - ' बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना..' । बुरी आदत कोई भी हो - ब-आसानी नहीं जाती ! आदतन बैंड बाजा देखते और आवाज सुनते ही कंधे उचकने और पांव थिरकने लगते हैं । बस ! फिर क्या चार लाइन लिखा और फोटो के साथ पहुंच गए अखबार के दफ्तर !

जब से अर्थव्यवस्था ने अपना सब कुछ खोलकर रखना शुरू किया है तब से हवा भी थोड़ी बदल गई है ! अब बजट में आम आदमी की जिंदगी बदल डालने जैसा कुछ भी नहीं होता है ! वास्तव में देखा जाए तो बजट आने पर अब न तो आम आदमी उछल पड़ता है और न ही गुस्से में लाल - पीला होता है ! जो थोड़ी बहुत उत्तेजना होती भी है वह शाम की चाय के साथ खत्म हो जाती है ! यह वैसा ही दृश्य होता है जैसे - बजट भाषण खत्म , मजा हजम ! मंत्रालय को खुश करने वाले एक्सपर्ट्स कह रहे होते है - ' टू थम्स अप ' इसके विपरीत आम आदमी - मेरे लिए कुछ नया नहीं है!

बजट की सेहत बिगाड़ने वाले झोलाछाप अर्थशास्त्री जितनी छेड़छाड़ बजट के साथ कर सकते थे , उन्होंने कर ली । रिल्स भी खूब बनी - बनाई और वायरल की गई ! अलग - अलग तरह के अर्थशास्त्रियों की नासमझी भरी टिप्पणियों को सुन - सुनकर निर्मला सीतारमण जी का बजट ' फफक - फफक कर रोने लगा ।' मानो वह कह रहा हो अब अगली बार से या तो बजट ही न बनाना या फिर ऐसे लोगों के मुंह पर पहले से ही क्विक फिक्स का प्लास्टर चढ़ा देना !

# हंसी की कीमत



■ अर्चना त्यागी

बेटे के बारे में सोच सोच कर हम दोनों पति पत्नी बहुत परेशान थे। बारहवीं कक्षा के साथ साथ तनिष्क कोचिंग भी कर रहा था। बल्कि दसवीं कक्षा में अच्छा प्रतिशत आ जाने के कारण हमने उसे कोचिंग भेज दिया था। उसका दाखिला शहर के शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय से हटाकर एक ऐसे विद्यालय में करवा दिया था जहां पर केवल परीक्षाएं देने ही जाना पड़ता था। उपस्थिति अनिवार्य नहीं थी।

ग्यारहवीं का साल तो जैसे तैसे निकल गया। तनिष्क परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया तो राहत मिली। ग्यारहवीं कक्षा के नंबरों से बारहवीं कक्षा के परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला था इसलिए किसी ने भी इस बात को गंभीरता से नहीं लिया।

बारहवीं कक्षा में तनिष्क के दिमाग़ पर अत्यधिक दबाव आ गया। दिन भर यह सोच कर परेशान रहता कि अच्छा प्रतिशत नहीं आया तो अच्छा कॉलेज मिलने के अवसर से चूक सकता है। कोचिंग में भी जल्दी कोर्स पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय लेकर कक्षाएं लगाई जा रही थीं। इसी कारण से उसे बारहवीं कक्षा के कोर्स को पढ़ने के लिए समय ही नहीं मिल पाता था। कई बार तनाव उस पर इस तरह सवार हो जाता कि घर में किसी के भी ऊपर अपना गुस्सा निकाल देता। बहुत बार तो अपना सामान ही उठाकर फेंकने लगता। उसके कमरे की हालत भी ऐसी हो गई थी कि देखने का मन नहीं होता था। हर तरफ़ किताबें बिखरी हुई पड़ी रहती। बिस्तर पर कपड़ों का ढेर लगा रहता। धुलने वाले कपड़े भी कभी बाथरूम तक नहीं ले जाता था। जूते कहीं और मौजे कहीं।

कमरा भी अस्त व्यस्त और वह भी त्रस्त। दिन भर मोबाइल में नजरें गड़ा कर बैठा रहता। पूछने पर एक ही जवाब कि मुश्किल प्रश्नों के जवाब देख रहा था। कोई दूसरा प्रश्न पूछ लिया तो कई बार तो मोबाइल फोन भी फेंक दिया जाता था।

'तुम्हारी हंसी की कोई भी कीमत मुझे मजूर है, बेटा। जो तुमने छोड़ा है, गुस्सा, वो ज़हर से भी ज़्यादा खतरनाक था। जब तक शरीर में रहता तुम्हें जीने तो देता ही नहीं। इसलिए जो साल गया सो गया बस इस हंसी को रोके रखना। बस यही हमारी पूंजी है।'

पूरे साल ऐसे ही परेशान और दिशाहीन घूमता रहा। परीक्षाओं के पास आने पर तो हालत यह कि घर में सबसे बात करना ही छोड़ दिया। खाना पीना भी नाम मात्र। डॉक्टर भी स्ट्रेस और एंजाइटी के सिवा तीसरा शब्द नहीं बोल रहा था। जैसे तैसे बारहवीं की परीक्षाएं हुई और फिर इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा। दो महीने के भीतर ही परिणाम भी घोषित हो गया। रिपोर्ट कार्ड लेने भी ज़िद करके अकेले ही गया अपने स्कूल में। प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम पहले ही आ चुका था। लेकिन घर में किसी को बताया नहीं था। उसकी हालत देखकर किसी ने पूछा भी नहीं।

स्कूल से घर आया तो बहुत खुश था। हम दोनों को लगा कि पार हो गया है। पर बात तो कुछ और ही थी। हम उसका इंतज़ार कर रहे थे कि वो क्या बताने वाला है। रात को खाने की मेज़ पर बैठा तो बहुत खुश। बात भी ख़ुद ही शुरू और हंसना भी ख़ुद ही शुरू।

'मम्मी, आपने पूछा नहीं कि क्या परिणाम रहा है....? '

मैंने भी हंसते हुए कहा।

'लग तो रहा है जैसे उम्मीद से अच्छा आया है....तुम इतने खुश जो लग रहे हो। '

तनिष्क ने ठहाका लगाया। उसके साथ साथ उसके पापा भी हंस पड़े।

'बात कुछ और है, मां। बारहवीं कक्षा भी पार नहीं हो पाई और इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा भी नहीं पास हुई। सब चला गया। सब छूट गया तो मैंने भी गुस्से को अलविदा कह दिया। बस अब यही हंसी और गुस्सा बिलकुल भी नहीं। ' पति मेरे जवाब का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे। उन्हें देखकर मुझे अहसास हो गया कि वो पहले से सब जानते थे। 'तुम्हारी हंसी की कोई भी कीमत मुझे मजूर है, बेटा। जो तुमने छोड़ा है, गुस्सा, वो ज़हर से भी ज़्यादा खतरनाक था। जब तक शरीर में रहता तुम्हें जीने तो देता ही नहीं। इसलिए जो साल गया सो गया बस इस हंसी को रोके रखना। बस यही हमारी पूंजी है। '

## ग़ज़ल

**1**

लर्ज़िश-ए-पर्दा-ए-इज़हार का मतलब क्या है
है ये दीवार तो दीवार का मतलब क्या है
जिस का इंकार हथेली पे लिए फिरता हूँ
जानता ही नहीं इंकार का मतलब क्या है
एक बार उस ने अगर दे ही दिया साफ़ जवाब
फिर उसी बात पे इसरार का मतलब क्या है
बेचना कुछ नहीं इस ने तो ख़रीदार हैं क्यूँ
आख़िर इस गर्मी-ए-बाज़ार का मतलब क्या है
उस की राहों में बिखर जाए ये ख़ाकिस्तर-ए-चश्म
और अपने लिए दीदार का मतलब क्या है
ब्त बाक़ी नहीं अल्फ़ाज़ ओ मआनी में 'ज़फ़र'
क्या कहें उस से कि इस प्यार का मतलब क्या है
----
थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते
कुछ और थक गया हूँ आराम करते करते
अंदर सब आ गया है बाहर का भी अंधेरा
ख़ुद रात हो गया हूँ मैं शाम करते करते
ये उम्र थी ही ऐसी जैसी गुज़ार दी है
बदनाम होते होते बदनाम करते करते
फँसता नहीं परिंदा है भी इसी फ़ज़ा में
तंग आ गया हूँ दिल को यूँ दाम करते करते
कुछ बे-ख़बर नहीं थे जो जानते हैं मुझ को
मैं कूच कर रहा था बिसराम करते करते।

**2**

यूँ भी होता है कि यक दम कोई अच्छा लग जाए
बात कुछ भी न हो और दिल में तमाशा लग जाए
हम सवालात का हल सोच रहे हों अभी तक
और माथे पे मोहब्बत का नतीजा लग जाए
अभी दीवार उठाई भी न हो दिल की तरफ़
लेकिन इस में कोई दर कोई दरीचा लग जाए
क्या सितम है कि वही दूर रहा हो तुम से
और उसी शख़्स पे इल्ज़ाम तुम्हारा लग जाए
पूरी आवाज़ से इक रोज़ पुकारूँ तुझ को
और फिर मेरी ज़बाँ पर तिरा ताला लग जाए
और तो इस के सवा कुछ नहीं इम्कान कि अब
मेरे दरिया में कहीं तेरा किनारा लग जाए
मैं ने और दिल ने इसी बाब में सोचा है कि हम
काम कुछ भी न करें कोई वज़ीफ़ा लग जाए
क्या तमाशा है कि बाक़ी हो समुंदर का सफ़र
और साहिल से किसी रोज़ सफ़ीना लग जाए
ये भी मुमकिन है कि इस कार-गह-ए-दिल में 'ज़फ़र'
काम कोई करे और नाम किसी का लग जाए

■ ज़फ़र इक़बाल

## "दुआ"

दुआ है मेरी तेरी जिंदगी खुशियों से भर जाए
हर पल तेरे प्यार और सुख से गुलजार हो।
दुआ है मेरी तेरी हर ख्वाहिश पूरी हो,
तेरी जिन्दगी में कभी कोई गम न आए।
दुआ है मेरी तू सदा खुश रहे,
तेरे दिल में प्यार और शांति का दीप जले
दुआ है मेरी तू सदा आगे बढ़े
तेरे सपनों को सच आकार मिले।
तेरी जिंदगी में हर सुबह नई हो,
अपनों का प्यार मिले
हर शाम खुशियों से भरी हो।
तेरे रास्तों में कोई कांटा न आए,
तेरी जिन्दगी सदा प्यार और
खुशियों से भरी हो।
दुआ है मेरी तू सदा हंसती/हंसता रहे
तेरे दिल में सदा प्यार और शांति का
वास हो।
तेरी जिन्दगी में सदा सुख और समृद्धि हो
तेरी हर इच्छा मेरी दुआ से पूरी हो।

- मोहन सुरजन

## घर लौट रहे बुजुर्ग पर भालू ने किया हमला जांघ पर गहरी चोट, गांवों में अलर्ट जारी

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे रायपुर क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम एक भालू के हमले में 65 वर्षीय ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं वन विभाग ने आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर गश्त बढ़ा दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धमोखर परिक्षेत्र के कुम्हर्रा गांव निवासी कमल सिंह शुक्रवार को रायपुर गांव से शाम के समय गेहूं पिसवाकर सुनसान रास्ते से अपने घर लौट रहे थे। जब वे राजस्व क्षेत्र महुआ हार के पास पहुंचे, तभी अचानक उनका सामना दो भालुओं से हो गया। इससे पहले कि वे स्थिति को समझ पाते, एक भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में कमल सिंह की जांघ पर गहरी चोट आई है। ग्रामीणों की मदद से उन्हें



तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार घायल की हालत गंभीर तो है, लेकिन फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही टाइगर रिजर्व के अधिकारी और वन अमला जिला अस्पताल पहुंचा। अधिकारियों ने घायल का हालचाल जाना और उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की। एहतियात के तौर पर टाइगर रिजर्व का एक कर्मचारी अस्पताल में तैनात किया गया है, ताकि पीड़ित परिवार को किसी तरह की दिक्कत न हो।

भालू के हमले की खबर फैलते ही रायपुर और आसपास के गांवों में भय का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। वन अमले ने क्षेत्र में लगातार गश्त शुरू कर दी है और भालुओं की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जंगल से सटे इलाकों में इन दिनों वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ जाती है, इसलिए विशेष सतर्कता जरूरी है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगल या उससे लगे इलाकों में अकेले न जाएं। खेतों या सुनसान रास्तों पर समूह में निकलें और शाम के समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। किसी भी वन्यजीव की गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत विभाग को सूचना देने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## खनन माफिया पर पुलिस का डंडा

### दो थानों में रेत चोरी करते ट्रैक्टर जब्त, आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में खनन माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान छेड़ दिया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रेत की चोरी करते दो ट्रैक्टर जब्त कर आरोपियों पर कड़ी धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

पहली कार्रवाई देवलौंद थाना क्षेत्र के सोनघड़ियाल गोपालपुर में हुई। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रतिबंधित क्षेत्र से रेत उत्खनन कर परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को धर दबोचा। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि आरोपी विनय मिश्रा के खिलाफ खनिज अधिनियम एवं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सोन घड़ियाल क्षेत्र संरक्षित होने के बावजूद वहां से अवैध रेत निकासी की जा रही थी।

इसी तरह दूसरी कार्रवाई ब्यौहारी थाना क्षेत्र में की गई। ग्राम खामडांड से रेत चोरी करते एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इस मामले में राहुल उर्फ सोनी खैरवार (30) एवं हिमांशु सिंह, दोनों निवासी खामडांड के खिलाफ मामला दर्ज किया



गया है। थाना प्रभारी जिया उल हक और उनकी टीम की इस कार्रवाई में अहम भूमिका रही।

गौरतलब है कि हाल ही में सोहागपुर थाना क्षेत्र में वन विभाग की टीम पर खनन माफियाओं ने हमला कर एक रेंजर को घायल कर दिया था। इसके बाद से जिले में पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। लगातार हो रही छापामार कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस का साफ संदेश है कि अवैध खनन और परिवहन पर अब बख्शीश नहीं, सीधे सख्त कार्रवाई होगी।

### सार-समाचार

## राज्य मंत्री एवं विधायक सिंगरौली ने कृषि विज्ञान मेले का किया शुभारंभ

**सिंगरौली, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में सिंगरौली जिले में कृषि विभाग द्वारा कृषि विज्ञान मेले का



आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र देवरा में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती राधा सिंह राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं विशिष्ट अतिथि रामनिवास शाह विधायक सिंगरौली ने दीप प्रज्ज्वलित कर कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ किया एवं मेले में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मेले में बड़ी संख्या में तीनों विकासखंडों से कृषक शामिल हुए। विभिन्न विभागों एवं निजी संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाकर खेती से जुड़ी नवीन तकनीकी का प्रदर्शन किया गया, जिसके अंतर्गत उन्नतशील बीज, उन्नतशील यंत्र श्रीअन्न एवं प्राकृतिक खेती के बारे में प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया। मेले के आयोजन के दौरान राधा सिंह ने किसानों को श्रीअन्न की खेती किए जाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि श्रीअन्न के सेवन करना रोगों की रोकथाम के लिए लाभदायक हैं। मुनगे में पोषक तत्व वैल्यू अधिक होती है, इसकी खेती करके किसान अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उन्होंने किसानों को हर गांव में तालाब का निर्माण कर जल संरक्षण का कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया, वहीं कार्यक्रम में विधायक रामनिवास शाह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कृषि के क्षेत्र में जल संरक्षण मृदा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया जाना आवश्यक है। इससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ विकसित कृषि का भी परिकल्पना साकार होगी। इसी के साथ प्रगतिशील कृषक आशीष शाह ने सब्जी की खेती प्राकृतिक विधि से करने हेतु कृषकों को प्रेरित किया एवं सफलता की कहानी अपनी जुबानी कृषको को सुनाई।

## गुनौर विधायक ने देवगांव में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**पन्ना, देशबन्धु।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने शनिवार को ग्राम देवगांव में ग्रामवासियों को विकास कार्यों की सौगात प्रदान की। विधायक द्वारा 40 लाख रूपए लागत के सीसी रोड एवं पुलिया निर्माण का लोकार्पण किया गया। गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरद्वाही अंतर्गत देवगांव में लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामों के चहुंमुखी विकास के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। इन कार्यों को पूर्ण करने में राशि अथवा बजट का कोई अभाव नहीं रहेगा।

हर ग्राम पंचायत में एक करोड़ रूपए राशि तक के विकास संबंधी कार्यों को कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों को गुणवत्तापरक कार्यों के संबंध में नसीहत दी गई। साथ ही गुणवत्ताहीन कार्य पाए जाने पर जवाबदेही तय कर कार्यवाही की चेतावनी भी दी। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा तथा आमजनों को अधिकाधिक लाभ प्रदान करने की मंशा से सुविधा व सेवाओं के निरंतर सुदृढ़ीकरण पर भी जोर रहेगा। कार्यक्रम में जपं अध्यक्ष जलसीबाई आदिवासी, सरपंच दीपा राजे परमार एवं प्रीति पटेल सहित नायब तहसीलदार राजेश मेहरा, बृजेन्द्र खम्परिया, दिव्यांशु दाहिया, धर्मेन्द्र तिवारी, सोनू पाठक, साहब सिंह परमार, रामसजीवन मिश्रा, अवध बिहारी मिश्रा, प्रह्लाद उपाध्याय, राजेन्द्र चौबे तथा ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

## लाड़ली बहनों को मिली फरवरी माह की सहायता राशि

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को खण्डवा जिले के पंधाना से सिंगल क्लिक के जरिए लाड़ली बहनों को वर्तमान फरवरी माह की आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया। इस मौके पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की महिला हितग्राहियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी की तथा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को देखा एवं सुना। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण भी मौजूद थे। जिले की सभी ग्राम पंचायतों, ग्रामों और वार्डों में भी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ। पन्ना जिले की एक लाख 80 हजार 451 लाड़ली बहनों को 26 करोड़ 58 लाख रूपए का भुगतान किया गया।

## नियम विरुद्ध परिवहन करते दो बसें जब्त

### महुआगंवा-सरई-सीधी-रीवा मार्ग पर ओवरलोड रेत-राखड़ परिवहन पर सख्ती

**सिंगरौली, देशबन्धु।** जिला कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित डीएल (जिला स्तरीय) बैठक में दिए गए स्पष्ट निर्देशों के पालन में परिवहन विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा जिले में संयुक्त रूप से सघन जांच एवं जन जागरुकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य अवैध खनिज परिवहन पर प्रभावी रोक, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा वैधानिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।

डीएल बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया था कि ओवरलोड राखड़ (फ्लाई ऐश), कोयला, रेत एवं गिट्टी का अवैध परिवहन, बिना तिरपाल खुले परिवहन तथा प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त एवं निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के




मार्गदर्शन में तथा खनिज विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में महुआगंवा-सरई से सीधी-रीवा मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 2 बसें नियमविरुद्ध आवागमन करती पाई गईं, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई। संबंधित वाहन क्रमांक एमपी 53 जेडई 9125 एवं एमपी 53 पी 0725 के चालकों को जनजागरूकता मिशन के तहत नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई। वहीं, ओवरलोड रेत परिवहन करते पाए गए वाहन क्रमांक एमपी 53 जेडसी 5860 को नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर सुरक्षार्थ निवास चौकी परिसर में खड़ा कराते हुए जब्ती की कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा प्रदूषण मानक, ओवरलोडिंग, खनिज परिवहन अनुमति, बीमा, फिटनेस प्रमाणपत्र सहित अन्य वैधानिक दस्तावेजों की गहन जाँच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध ताबड़तोड़ चालानी एवं दंडात्मक कार्रवाई की गई। यह संयुक्त अभियान सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बंधा-पचौर-महुआगंवा से निगरी चौकी तक संचालित किया गया।सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशानुसार चिन्हित मालवाहक वाहनों में रेडियम रिफलेक्टर लगाए गए, जिससे रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।परिवहन एवं खनिज विभाग ने संयुक्त रूप से स्पष्ट चेतावनी दी है।

## 20 से 22 फरवरी तक गिद्धों की गिनती होगी, मिला प्रशिक्षण

### फोटो खींचकर एप पर जानकारी डालनी होगी

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में अब गिद्धों की गिनती हाईटेक तरीके से होगी। पहली बार कागजों की जगह मोबाइल एप के जरिए तीन दिनों तक गिद्धों को गिना जाएगा। इसके लिए शनिवार को एक ट्रेनिंग प्रोग्राम रखा गया।

इस ट्रेनिंग में शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और बांधवगढ़ के 50 से ज्यादा वन अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। पार्क के संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि अब कर्मचारियों को मौके पर ही गिद्धों की फोटो खींचकर एप पर जानकारी डालनी होगी। इससे गिनती में गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं रहेगी और समय भी बचेगा।

**नई प्रजातियों के दिखने की उम्मीद**-विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार हिमालयन ग्रिफन और यूरेशियन ग्रिफन जैसी गिद्धों की नई प्रजातियां भी दिखाई दे सकती हैं। अभी तक यहां गिद्धों की चार किस्में मिलती हैं, लेकिन इस बार तीन और नई प्रजातियों के मिलने की उम्मीद है।

**सफाईकर्मी हैं गिद्ध**-गिद्धों को जंगल का सफाईकर्मी भी कहा जाता है, क्योंकि ये मरे हुए जानवरों को खाकर पर्यावरण को साफ रखते हैं। यह पूरी गिनती 20 से 22 फरवरी तक चलेगी। कर्मचारियों को जंगल ले जाकर यह भी सिखाया गया कि अलग-अलग तरह के गिद्धों की पहचान कैसे करनी है।

## दुलहरी सिंचाई परियोजना में अनियमितताओं के आरोप, विधि-संगत कार्रवाई की मांग

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के करकेली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दुलहरी में निर्माणाधीन सिंचाई परियोजना एक बार फिर सवालों के घेरे में है। किसानों और स्थानीय ग्रामीणों ने परियोजना के निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी तकनीकी मापदंडों के उल्लंघन और प्रशासनिक लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा स्वीकृत प्राक्कलन और तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा। परियोजना की मेढ़ नहर और संरचनात्मक निर्माण में गुणवत्ता की कमी साफ दिखाई दे रही है। आरोप यह भी है कि संबंधित विभागीय अधिकारियों की मौन सहमति से ठेकेदार को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जिससे शासकीय धन का दुरुपयोग होने की आशंका है।

स्थानीय अन्नदाताओं का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो यह परियोजना किसानों के हितों के विपरीत साबित हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मुआवजा वितरण की प्रक्रिया लंबित है और प्रभावित परिवारों को अभी तक स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

किसानों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि परियोजना की थर्ड पार्टी तकनीकी जांच कराई जाए, कार्यस्थल का भौतिक सत्यापन (स्पॉट इंस्पेक्शन) वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कराया जाए, स्वीकृत प्राक्कलन माप पुस्तिका (एमबी) एवं भुगतान विवरण को सार्वजनिक किया जाए, दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम एवं प्रासंगिक वित्तीय नियमों के तहत विधि-संगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जांच और सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो वे सक्षम प्राधिकारी, लोकायुक्त एवं उच्च प्रशासनिक स्तर पर शिकायत दर्ज कराने को बाध्य होंगे।

## तालाब किनारे लावारिस मिले आधार कार्ड और बैंक दस्तावेज

### उमरिया में कागजों का ढेर देख लोगों ने दी सूचना, पुलिस ने किया जब्त

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 19 में स्थित एक तालाब के किनारे बड़ी संख्या में आधार कार्ड और बैंक से जुड़े जरूरी कागज लावारिस हालत में मिले। जैसे ही यह बात इलाके में फैली, लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आधार कार्ड और दस्तावेजों को कब्जे में लिया।

शनिवार को स्थानीय निवासी विनायक चौहान अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तालाब की मेढ़ के पास उन्हें कागजों का एक ढेर दिखाई दिया। पास



जाकर देखा तो कई लोगों के आधार कार्ड, बैंक के दस्तावेज और अन्य कागज बिखरे पड़े थे। मामले को गंभीर समझते हुए विनायक चौहान ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में तलाश की। पुलिस ने वहां से सभी दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए।

**मालिकों की पहचान में जुटी पुलिस**-पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये दस्तावेज यहां कैसे पहुंचे और किसने फेंके। साथ ही कागजों में दर्ज नाम और पते के आधार पर उनके असली मालिकों की पहचान की जा रही है। थाना प्रभारी मदन लाल मरावी ने बताया कि तालाब किनारे आधार कार्ड और बैंक से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। सभी कागजात जब्त कर लिए गए हैं और मामले की जांच जारी है।

## शहडोल में 12वीं के छात्र की पिटाई पर कांग्रेस का प्रदर्शन, कहा-अफसरों को बनाया लठैत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में 12वीं के छात्र को हिरासत में लेकर जेल भेजने के मामले ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में नेताओं ने प्रशासन और सरकार पर तीखा हमला बोला।

पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने मंच से कहा, अगर आज कलेक्टर यहां होते, तो हम भी लाठी मारते। वहीं बिछिया विधायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कलेक्टरों को लठैत बना दिया गया है।

**ये है मामला**

विगत 8 फरवरी को सीएम डॉ. मोहन यादव धनपुरी में कार्यक्रम के लिए शहडोल पहुंचे थे। गोपालपुर तिराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाने की कोशिश की। हंगामे के बाद पुलिस ने करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया। इसी दौरान 17



साल 8 महीने का एक छात्र भी पकड़ा गया। आरोप है कि मौके पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने लाठी लेकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। छात्र को धारा 151 के तहत वयस्क मानते हुए जेल भेज दिया गया।

छात्र की 12वीं की परीक्षा छूटी दस्तावेजों की जांच में छात्र की जन्मतिथि 22 मई 2008 पाई गई, जिससे वह नाबालिग निकला, लेकिन तब तक उसे बुढ़ार जेल भेजा जा चुका था। मंगलवार सुबह रिहा होने के कारण वह 12वीं बोर्ड की अंग्रेजी परीक्षा नहीं दे सका। परिजनों का आरोप है कि समय पर उम्र की जांच होती तो छात्र की परीक्षा नहीं छूटती।

एसपी ने कहा था-बाद में नाबालिग होने की पुष्टि एसपी रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि गिरफ्तार लोगों द्वारा बताई गई उम्र के आधार पर दस्तावेज तैयार किए गए थे। शहडोल जोन की आईजी चैत्रा एन. के मुताबिक, गिरफ्तारी के समय उम्र स्पष्ट नहीं हो पाई थी, बाद में नाबालिग होने की पुष्टि हुई। मामले में वैधानिक कार्रवाई की बात कही गई है।

## मानपुर में बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध

### सात दिन पहले लेनी होगी मंजूरी, उल्लंघन करने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के मानपुर विकासखंड में प्रशासन ने बिना अनुमति धरना, प्रदर्शन, रैली या आंदोलन पर प्रतिबंध लगा दिया है। एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी ने इस संबंध में सख्त आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय रेत उत्खनन के मुद्दे पर लगातार हो रहे प्रदर्शनों के बाद लिया गया है।

प्रशासन के अनुसार, बार-बार हो रहे इन प्रदर्शनों से कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इससे शासकीय कार्यालयों के कामकाज में बाधा आ रही थी, यातायात अवरुद्ध हो रहा था और आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

**शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन ने दिया निर्देश**-इन परिस्थितियों को देखते हुए, लोक शांति और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। प्रशासन ने सभी राजस्व और पुलिस अधिकारियों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए



हैं। नए नियमों के तहत, अब किसी भी प्रकार का धरना या प्रदर्शन करने से कम से कम सात दिन पहले सक्षम अधिकारी के पास लिखित आवेदन देकर अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना वैध अनुमति के किसी भी तरह का जमावड़ा या एकत्रीकरण अवैध माना जाएगा।

**बिना अनुमति टेंट देने पर ठेकेदारों पर कार्रवाई**-इसके अलावा, धरना-प्रदर्शनों में टेंट लगाने वाले ठेकेदारों को भी पहले अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यदि कोई ठेकेदार बिना वैध अनुमति के टेंट उपलब्ध कराता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन को अनाधिकृत धरना-प्रदर्शनों को तुरंत समाप्त कराने और आवश्यकता पड़ने पर बल प्रयोग करने का भी अधिकार दिया गया है।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

### शादी समारोह से लौट रहे तीनों, राजमार्ग 43 पर हादसा

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर शनिवार को आमाडांड मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 25 वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। घटना में बाइक सवार दो अन्य युवक घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की सूचना पर 100 डायल और रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम फुलकोना निवासी महावीर चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र दीपक चौधरी के रूप में हुई है। घायलों में रिंकू चौधरी और एक अन्य युवक शामिल हैं। दीपक चौधरी अपने पिता महावीर चौधरी और कुछ दोस्तों के साथ छत्तीसगढ़ के ग्राम चलचली में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे।





समारोह के बाद दीपक और उनके दो साथी बाइक से अपने गांव फुलकोना लौट रहे थे, जबकि उनके पिता उनके साथ नहीं लौटे। आमाडांड मार्ग पर पहुंचते ही उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों बाइक सवार गिर गए। बाइक चला रहे दीपक चौधरी को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद अन्य दोनों घायल युवक बिना किसी को बताए अपने घर चले गए थे। पुलिस को आशंका है कि युवक शराब के नशे में हो सकते थे। पुलिस दोनों घायल युवकों से पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## नाबालिग अपहृता किशोरी को वेंकटनगर पुलिस ने केरल से किया दस्तयाब

**अनूपपुर, देशबन्धु।** थाना वेंकटनगर पुलिस ने 17 वर्षीय अपहृता नाबालिग किशोरी को केरल के इडुक्की जिले से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को ग्राम सिंघौरा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 17 वर्ष 1 माह की नाबालिग नातनी के अचानक घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट थाना जैतहरी अंतर्गत वेंकटनगर में दर्ज कराई थी।

इस पर पुलिस द्वारा धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी अमर वर्मा के नेतृत्व में गुमशुदा बालिका की खोज के लिए विशेष अभियान चलाया गया। वेंकटनगर पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद से अपहृता की लोकेशन ट्रेस की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने किशोरी को 11 फरवरी को उड्डुमबनचोला, जिला इडुक्की (केरल) से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया और उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का बड़ा आंदोलन, 21 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार को अल्टीमेटम

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन (एटक) ने अपनी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान कर दिया है। यूनियन ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, मुख्यमंत्री और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए साफ कर दिया है कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो 12 फरवरी से आंदोलन और तेज किया जाएगा।

यूनियन की प्रमुख मांग है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को 35,000 और सहायिकाओं को 30,000 प्रतिमाह वेतन देने की मांग भी रखी गई है। संगठन ने मांग की है कि ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर 1 करोड़ का बीमा, आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति तथा ग्रेच्युटी का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए। यूनियन ने इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के 2022 के आदेश का भी हवाला दिया।

यूनियन ने सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने तथा सेवानिवृत्ति के बाद 20,000 मासिक पेंशन देने की मांग रखी है। इसके



### 12 फरवरी से प्रदेशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

अलावा हर पांच वर्ष में पदोन्नति, मिनी आंगनवाड़ी का मुख्य केंद्र में विलय और 40 दिन का वार्षिक अवकाश भी शामिल है। पोषण ट्रैकर ऐप को लेकर यूनियन ने कहा कि नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं से काम बाधित हो रहा है। मांग की गई है कि डेटा एंट्री के लिए 2,000 अतिरिक्त भत्ता दिया जाए और ऐप को हिंदी में संचालित किया जाए।

यूनियन ने आईसीडीएस के निजीकरण पर रोक, फेस कैप्चर व आधार आधारित प्रणाली में सुधार तथा टेक होम राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने की मांग भी रखी है। साथ ही 3 से 6 वर्ष के बच्चों की शिक्षा, पोषण और देखभाल व्यवस्था को मजबूत करने की अपील की गई है। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार जल्द सकारात्मक फैसला नहीं लेती तो पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस आंदोलन में अंजली श्रीवास्तव (जिला अध्यक्ष), लीला बांधव (जिला महासचिव), जयंती मार्को (जिला सचिव), उर्मिला पाव (कोषाध्यक्ष), निर्मला केवट, देवमाती, आशा साहू, सोम कुमारी, रुखसाना बेगम, रथे बाई, लीला पानका, सुनीता श्रीवास्तव, गीता, सुमित्रा और चंपावती सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## सार-समाचार

### सीईओ जिला पंचायत ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओ के कार्यों की समीक्षा कर बैठक में दिए निर्देश

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित ग्रामीण विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.के. सोनी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री अमर साय राम,सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के योजना प्रभारी, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मनरेगा अंतर्गत 'एक बगिया मां के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए पूर्ण कार्यों का समुचित डॉक्यूमेंटेशन तैयार करने के निर्देश संबंधित इंजीनियरों को दिए। साथ ही फेंसिंग कार्य पूर्ण करने, पौधारोपण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाने तथा गैप फिलिंग हेतु नवीन पौधों के रोपण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्यों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा तथा शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। 'जल गंगा संवर्धन' अंतर्गत खेत-तालाब निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्मित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतवार मनरेगा आधार-ईकेवाईसी कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर बॉटम ग्राम पंचायतों में प्रगति लाने सभी जनपद सीईओ को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में विकासखंड नरसिंहपुर के जनशिक्षा केंद्र मुगवानी एवं गोरखपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा की तैयारियों को लेकर अक्षरसाथी, अक्षरसाथी दीदियों तथा नोडल अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। जिला सह-समन्वयक साक्षरता अखिलेश राजोरिया ने जनगणना 2011 के लक्ष्यों के अनुरूप शत प्रतिशत ऑनलाइन सर्वे पूर्ण करने एवं सामाजिक चेतना केंद्रों के नियमित संचालन पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर से व्याख्याता आनंद कुमार शर्मा, प्रहलाद पटेल, विकासखंड सह-समन्वयक विजय कुमार नामदेव, जनशिक्षक, संकुल सह-समन्वयक तथा अक्षरसाथी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य साक्षरता अभियान को अधिक प्रभावी बनाना तथा अधिक से अधिक निरक्षर नागरिकों को साक्षरता से जोड़ना रहा।

## ग्राम पंचायत चुकान में भ्रष्टाचार का मामला : सीपीजीआरएएमएस तक पहुंची शिकायत

### जिला पंचायत सीईओ पर संरक्षण देने का आरोप, सीएम हेल्पलाइन बंद कराने के लिए झूठे आश्वासन का आरोप

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत की कार्यवाही से असंतुष्ट होकर ग्राम पंचायत चुकान के निवासी मूलचंद गुप्ता ने भारत सरकार की सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर ग्राम पंचायत में हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत में जिला पंचायत अनूपपुर के सीईओ पर भ्रष्टाचार में लिप्त सचिव को संरक्षण देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

**ग्राम पंचायत में लाखों के गबन का आरोप** - शिकायतकर्ता मूलचंद गुप्ता द्वारा 24 जनवरी को सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर पंजीयन क्रमांक डीओआरएलडी/ई/ 2026/0001016 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत चुकान के प्रभारी सचिव श्रवण द्विवेदी द्वारा पहले से पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों जिनका भुगतान तत्कालीन सरपंच एवं सचिव द्वारा पहले ही किया जा चुका था उन्हीं कार्यों की राशि को ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर नए वर्क कोड बनाकर शौचालय और पुलिया निर्माण के नाम पर पुनः आहरित कर लिया गया। शिकायत के अनुसार



जांच में यह आरोप सही भी पाया गया, इसके बावजूद दोषी सचिव के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

**जिला पंचायत सीईओ पर संरक्षण देने का आरोप** - शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जिला पंचायत अनूपपुर की विहित अधिकारी अर्चना कुमारी तथा सीईओ द्वारा भ्रष्ट सचिव श्रवण द्विवेदी को संरक्षण (अभयदान) दिया जा रहा है। पंचायत अधिनियम की धारा 189/92 के तहत न तो कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई और न ही कथित गबन की राशि ग्राम पंचायत चुकान के खाते में वापस जमा कराई गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि बीते पाँच महीनों से कार्यवाही रोकी गई है, जिससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि पूरे मामले में उच्च अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।

**झूठे आश्वासन देकर सीएम हेल्पलाइन बंद कराने का आरोप** - मूलचंद गुप्ता ने सीपीजीआरएएमएस में यह भी आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन द्वारा झूठे आश्वासन देकर सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत को बंद करा दिया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि अधिकारियों ने कार्यवाही का झूठा भरोसा देकर शिकायत को समाप्त कराया, जो जनता के साथ धोखा है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जो अपने कर्तव्यों के विपरीत आचरण करते हुए शिकायतों को दबाने का प्रयास करते हैं।

### पंचायती राज मंत्रालय ने राज्य सरकार को सौंपा मामला

सीपीजीआरएएमए पर दर्ज इस शिकायत को केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर मानते हुए, पत्र क्रमांक एम-11015/68/2021-शासन 30 जनवरी 2026 के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी को अग्रेषित कर दिया है। मंत्रालय ने राज्य सरकार को इस मामले में शीघ्र और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं।

### अब निगाहें राज्य सरकार की कार्रवाई पर

पूरा मामला अब मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के पास है। देखना यह होगा कि क्या शासन स्तर पर इस गंभीर वित्तीय अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही के आरोपों पर सख्त कदम उठाए जाते हैं या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। ग्रामीणों और शिकायतकर्ता को उम्मीद है कि इस बार दोषियों पर कार्रवाई होगी और ग्राम पंचायत की गबन की गई राशि वापस लाई जाएगी।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में 24 बिंदुओं पर हुई चर्चा

**अनूपपुर, देशबन्धु।** डूमर कछार नगर परिषद में शासन द्वारा संचालित नागरिक मूलभूत सुविधाओं को आम जनता तक बेहतर ढंग से पहुँचाने के उद्देश्य से साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार, 14 फरवरी को परिषद सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. सुनील कुमार चौरसिया अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति सदस्य ने की। इस अवसर पर पार्षदगण बिजेंद्र देवांगन, सरिता यादव, रवि सिंह, जीतेंद्र चौहान, पार्वती सिंह गोंड़, राकेश दिवान एवं पार्षद प्रतिनिधि योगेश पालीवाल सहित नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में नगर विकास से जुड़े 24 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट, प्रधानमंत्री एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा



नागरिक समस्याओं के निराकरण जैसे विषय शामिल रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. चौरसिया ने कहा कि शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने एवं आम नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु नगर परिषद द्वारा एक नया नवाचार किया गया है। आगामी शनिवार से साप्ताहिक समीक्षा बैठक के साथ-साथ जनसुनवाई भी आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई प्रत्येक शनिवार प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें नगरवासी अपनी समस्याएं सीधे नगर परिषद एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के समक्ष रख सकेंगे।

उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निराकरण उपलब्ध संसाधनों के अनुसार त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि आम जनता को शीघ्र राहत मिल सके। नगर परिषद द्वारा उठाया गया यह कदम नागरिकों को शासन से सीधे जोड़ने और पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 15 फरवरी 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। फाल्गुन कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र- उ.षा.**

मेष- आज आप पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर घरेलू मामलों के संबंध में विचार विमर्श करेंगे। घर को नए सिरे से योजनाबद्ध करके आप उसे एक नया स्वरूप देंगे। ऑफिस में उच्च अधिकारियों के साथ चर्चा होगी।

वृषभ- आज आप विदेश में बसनेवाले मित्रों या स्नेहीजनों के अच्छे समाचार पाकर आनंद अनुभव कर सकेंगे। जो लोग विदेश जाना चाहते हैं, उनके लिए अच्छा समय है। प्रवास या धार्मिक स्थान पर जाने का योग है।

मिथुन- आज आपको काफी सावधानी रखने की जरुरत है। आज इलाज या शल्यचिकित्सा टालना बेहतर होगा। क्रोध से खुद की हानि कर लेंगे। दिमाग को शांत रखें। मानहानि न हो, इसका ध्यान रखिएगा। **क. 156-269**

कर्क- वैभवी जीवन शैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे। व्यापार में आप को लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा या प्रवास का आयोजन कर सकेंगे।

सिंह- मानसिक चिंता से मन चिंतित रहेगा। शंका और उदासी भी मन पर छाई रहेगी, इसलिए आज मन भारी रहेगा। किसी कारणवश दैनिक कामों में विघ्न आ सकते हैं। व्यवसाय में सहकर्मियों का सहयोग आज नहीं के बराबर मिलेगा।

कन्या- आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी। शेयर-सट्टे से संभलकर चलिएगा। मन में खिन्नता का अनुभव होगा। आज बौद्धिक चर्चाओं में न उतरना आपके लिए हितकारी रहेगा।

तुला- आपके लिए समय शुभ है। किसी बात को लेकर मन ज्यादा इमोशनल रहेगा। शारीरिक ताज़गी का अभाव रहेगा। मानसिक चिंता भी रहेगी। धन और यश की हानि हो सकती है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आज आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य वृद्धि भी होगी। स्नेहीजनों के साथ संबंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी। नए काम का शुभारंभ करने के लिए समय शुभ है।

धनु- आप का दिन मिश्रित फलदायी है। असमंजस के कारण निर्णय लेना कठिन होगा। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से निराशा होगी।

मकर- आज दिन की शुरूआत ईश्वर स्मरण से होने के कारण मन प्रफुल्लित रहेगा। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे। नौकरी और व्यापार के स्थान पर आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ- आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। परिजनों के साथ कलह होने की संभावना है। धन के लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें। अदालती कार्यवाही में संभलकर चलें। खर्च की अधिकता रहेगी।

मीन- आज आकस्मिक धनलाभ की संभावना अधिक है। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन के या पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। नए मित्रों से भी संपर्क होगा, इसका आपको भविष्य में लाभ होगा। **मा. 579-799**

3,8,4,9-31,86,42,93,78,42,17,67

## स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हो रहे ठोस प्रयास : राज्यमंत्री

### कोतमा विधानसभा की 25 से ज्यादा पंचायतों में मंगल भवन कोतमा में पालिका बाजार शॉपिंग कॉम्पलेक्स का लोकार्पण

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** राज्य सरकार विकास के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अनूपपुर जिले को अनेक विकासात्मक सौगातें प्रदान की गई हैं, जिससे जिले में निरंतर प्रगति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। जिले में नए उद्योगों की स्थापना की जा रही है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। शनिवार को मध्य प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल कोतमा में पालिका बाजार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

राज्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस एवं प्रभावी प्रयास कर रही है। जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की गई है तथा सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय खोले जा रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं



का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कारयुक्त वातावरण भी प्रदान किया जा रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त होकर समृद्धि की ओर अग्रसर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें जनप्रतिनिधित्व का अवसर दिया जा रहा है, जिससे समाज के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी होगी।

राज्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप जिले के 125 ग्रामों में लगभग 46 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने हेतु कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इससे किसानों को समुचित सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी तथा वे विविध फसलों का उत्पादन कर अधिक लाभ अर्जित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को निःशुल्क सौर पंप उपलब्ध कराने की योजना भी संचालित की जा रही है, जिससे प्रत्येक खेत तक जल उपलब्ध कराया जा सके। इससे किसान अपनी उपज को बाजार में विक्रय कर सकेंगे, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को नया प्रोत्साहन प्राप्त होगा। राज्य मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र कोतमा के अंतर्गत 25 से अधिक ग्राम पंचायतों में 25-25 लाख रुपये की लागत से मंगल भवन स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से लगभग 14 मंगल भवनों का भूमिपूजन संपन्न हो चुका है तथा शेष मंगल भवनों का भूमिपूजन आगामी दिनों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ग की आवश्यकता एवं मांग के आधार पर चरणबद्ध रूप से मंगल भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र कोतमा में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में उपस्थित नागरिकों को विस्तारपूर्वक जानकारी भी प्रदान की।

इस दौरान राज्यमंत्री ने नगर पालिका कोतमा के द्वारा 103.09 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पालिका बाजार शॉपिंग कंपलेक्स का फीता काटकर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ लोकार्पण किया। साथ ही नगर पालिका द्वारा नवनिर्मित पालिका बाजार शॉपिंग कांप्लेक्स के आवंटित दुकानदारों को प्रतीकस्वरूप दुकानों की चाबी प्रदान की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डूमर कछार सुनील चौरसिया, वरिष्ठ समाजसेवी रामावतार अग्रवाल, जितेंद्र भट्ट, विनोद केवट, हनुमान गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी नगर पालिका कोतमा के पार्षद बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# राह कठिन है


सेवाराम त्रिपाठी

**राजनीति में सामाजिक नीतियों में, और धार्मिक सन्दर्भों में जो झूठ फैलाया जा रहा है, जो प्रतिज्ञायें की जा रहीं हैं सम्भवत: उससे हमारे विकास के रास्ते को किसी भी प्रकार के लाभ की सम्भावना नहीं है। झूठ और मक्कारी निरन्तर फैलती जा रही है। छलावा, दिखावा और प्रदर्शन निरन्तर हमारी हैसियत को समाप्त करने पर तुले हैं आज के वातावरण में अहो-अहो की संस्कृति ने हमें संघर्ष के सामने लाचार कर दिया है। निरन्तर डर रहे हैं कोई भी कठिन फैसला लेना क्या हमारे लिये कठिन है जो ग़लतियों के ख़िलाफ़ फैसला नहीं लेगा वह विकास के रास्तों तक कैसे जायेगा।**

इस दौर में ब्लॉग का इतना प्रचलन हो चुका है कि कुछ पूछिए मत। ठीक-ठीक संख्या का हिसाब लगाना भी मुश्किल है कि कितने ब्लॉग लिखे जा रहे हैं। प्रश्न उठता है कि जब इतने ब्लॉग लिखे जा रहे हैं तब भी नए ब्लॉगों का लिखना क्यों? इस तरह का ख़्याल और सोच ही क्यों? कभी कहा गया था कि हजारों फूलों को खिलने का मौका मिलना चाहिए। अब किसी से असहमति हुई तो उसकी हस्ती मिटाने की पैंतरेबाज़ी चल रही है। जनतांत्रिक प्रणाली का तक़ाजा यह है कि जितने तरह के विचार प्रस्तुत हो रहे हैं, उन्हें अवसर मिलना चाहिए। हमारे सोचने-समझने और व्यवहार करने के अनेक कोण हो सकते हैं। विचार के रूप भी अलग-अलग हो सकते हैं। लेकिन इधर एक नए तरह का संकट पैदा हो गया है कि जैसा हम कह रहे हैं, सोच रहे हैं, उसी तरह से सब उसका अक्षरश: पालन करें नहीं तो उन्हें देख लिया जाएगा। जैसे कभी महाराष्ट्र विधानसभा में शपथ लेने के प्रसंग में जो हुआ था उसे दुर्भाग्य का मामला कह देने से काम नहीं चलेगा।

यह एक तरह की तानाशाही और गुंडागर्दी ही कही जाएगी। प्रश्न यह है कि क्या आपके विचारों में सुरखाब के पर लगे हैं? क्या आप भर मनुष्य हैं, बाकी सब कीड़े-मकोड़े हैं? यह कोई नई विचार पद्धति नहीं है हालांकि इस तरह के सोच-विचार की प्रणाली पहले से ही रही है। यह अब उसका नया पैंतरा है। नए तरह की दहशतगर्दी है। यह मकाम हमारे दिलों में, हमारी जनतांत्रिक मूल्य प्रणाली में छेदकर रहा है। शिवकुमार अर्चन की पंक्तियां हैं - 'सच को गाली और झूठ की पूजा/ये जमाना भी क्या जमाना है/जो हक़ीक़त बयान करता है/लोग कहते हैं वो दीवाना है/' समय के सवाल जटिल हैं। सत्य चिंचड़ी ची बोल रहा है, सच से बचने की कोशिश की जा रही है यही नहीं झूठ को सच में बदलने के भारी भरकम खेल जारी हैं और सच को दफनाने की तैयारी है। आप जहाँ जायेंगे वहाँ सवालों से घिरा अपने आपको पाएंगे। लोगों के बर्दाश्त करने की क्षमता लगभग खत्म हो रही है। हमारी ज़िंदगी से हँसने के क्षण खत्म होते जा रहे हैं। घर, दफ़्तर, बाज़ार सब जगह एक तरह का तनाव पसरा हुआ है। सहजता से हँसने के अवसर धीरे-धीरे कम हो रहे हैं। हँसी धीरे-धीरे ग़ायब हो रही है। लिहाजा हँसी के बनावटी क्लब बन गये हैं। लाफ़्टर चैलेन्ज बढ़ गये हैं, कॉमेडी सर्कस जैसे कार्यक्रमों की योजनायें चल पड़ी हैं। हम लोगों के देखते-देखते कपिल शर्मा, राजू श्रीवास्तव, भारती और अन्य हँसने-हँसाने वाले लोगों ने आर्थिक सुरक्षा के अनगिनत रूप धर लिये हैं। पूरे के पूरे सीरियल जमा रखे हैं। इन्होंने हँसी की कमाई को इतना बढ़ा लिया है कि इनकम टैक्स विभाग इन पर छापामारी कर रहा है। ये भी बड़ों-बड़ों को धमकाने में लगे हैं। यह विकास का नया रूपक है या मानक, कुछ कहा नहीं जा सकता। हँसाना यूँ तो सबसे कठिन काम है। लोग स्वयं रोते हैं और दूसरों को निरन्तर हँसाते हैं। चार्ली चैपलिन इसके अन्यतम उदाहरण के रूप में जाने जाते हैं। राज कपूर की फ़िल्म 'मेरा नाम जोकर' हमारे जीवन के व्यापक परिप्रेक्ष्य को उद्घाटित करती है। जोकर गमगीन रहते हुये बेहद कारुणिक क्षणों में भी चुस्त-दुरुस्त रहते हुये भी दूसरों को हँसाता है हालाँकि उसके जीवन में तमाम ऐसे क्षण आये हैं जिसमें उसे ठगा गया है।

सच्चाई और झूठ के सिलसिले में मुझे एक कहानी याद आती है, जब धर्म की सत्ता में काबिज पोप ने अपने पादरी मार्टिन लूथर के पास प्रस्ताव भेजा कि लो स्वर्ग जाने के टिकट बेंचो। मार्टिन यह प्रस्ताव सुनकर चकराया- 'यह भी कोई बात है- कहीं ऐसा भी होता है? मार्टिन लूथर ने जवाब दिया- यह ग़लत है और इस तरह का काम तत्काल बंद होना चाहिए। पोप ने उसे संदेशा भेजा- तुम्हरी खाल खींच ली जायेगी। तुम्हें आग में जिंदा जला दिया जाएगा जो आइन्दा ऐसी बातें करोगे। मार्टिन लूथर ने उसे पत्र लिख कर बताया कि मैंने समूचे स्वर्ग के टिकट जला दिए हैं। मुझे जो करना था मैंने कर दिया है अब तुम्हारी बारी है। तुम्हें जो करना है कर लो। तुम ईश्वर के प्रतिनिधि नहीं शैतान के प्रतिनिधि ज़रूर हो क्योंकि तुम सच्चाई की बात करने वाले को जलाने की धमकी दे रहे हो। मैं सही हूँ और तुम गलत हो। इतिहास में दर्ज़ है कि रोम के लोग मार्टिन लूथर के साथ हो गए और पोप की सत्ता में भूचाल आ गया। पोप के कारनामे का यही हश्र होना था। आगे भी जो सच को झुठलाने की कोशिश करेगा उसका हाल पोप जैसे ही होगा।

हमारे आस-पास जो भी घट रहा है उससे रोंगटे खड़े हो रहे हैं। अन्याय, अत्याचार, आतंक और अमानवीयता निरन्तर बढ़ रही है सच्चाई के रास्ते पर अनेक मुश्किलें हैं हमारी आज़ादी और जनतंत्र लफड़े में फंस गये हैं मुझे यही दिख रहा है कि मारो, काटो, खाओ और हांथ न आओ। कार्य की संस्कृति के स्थान पर झूठ, मक्कारी और मारो काटो, हाथ न आओ का कारोबार जारी है। जो सही हैं वे दिक़्क़त में हैं। वे परेशानियों में फंसे हैं, उन्हें निरन्तर धमकियाँ मिल रही हैं। उनका कत्ल हो रहा है, वे सरे बाज़ार पिट रहे हैं और इन वस्तुस्थितियों का कोई ओर-छोर नहीं। सच है कि इन वास्तविकताओं को हम इस रूप में देख सकते हैं- 'मेहनत के हाथों पर छाला, कल भी था और आज भी है/उनके मुँह से दूर निवाला/कल भी था और आज भी है/झूठ के सिक्के बाजारों में/झूठ के सर पर ताज यहाँ/सच्चाई के मुँह पर ताला/कल भी था और आज भी है/' शब्दों की लंठई से कुछ नहीं हो सकता। सच्चाई के लिए, न्याय के लिए संघर्ष जारी रहेगा। अन्याय, अत्याचार और ग़लत स्थितियों के ख़िलाफ़ होकर इनका प्रतिरोध लिया जायेगा। मनुष्यता की राह में जो भी आड़े आयेगा उससे संघर्ष करना पड़ेगा क्योंकि संघर्ष के लिये जो मूल्य हमारे समय और समाज ने विकसित किये हैं उनका पालन करना ही मनुश्यताकी सेवा करना है। ज़िन्दगी कभी भी बैठे-ठाले की नहीं होती वह आग में तपती है, संघर्षों में बलवती होती है और तूफ़ानों के बीच पलती है ।ज़िन्दगी का रास्ता कभी भी आसानी का रास्ता नहीं था वहाँ लोहा लेना लोहे के चने चबाना और तूफ़ानों के बीच अपने आप को सुरक्षित रखती है ।यही हमेशा धरोहर के रूप में रहा है। राजनीति में सामाजिक नीतियों में, और धार्मिक सन्दर्भों में जो झूठ फैलाया जा रहा है, जो प्रतिज्ञायें की जा रहीं हैं सम्भवत: उससे हमारे विकास के रास्ते को किसी भी प्रकार के लाभ की सम्भावना नहीं है। झूठ और मक्कारी निरन्तर फैलती जा रही है। छलावा, दिखावा और प्रदर्शन निरन्तर हमारी हैसियत को समाप्त करने पर तुले हैं आज के वातावरण में अहो-अहो की संस्कृति ने हमें संघर्श के सामने लाचार कर दिया है। निरन्तर डर रहे हैं कोई भी कठिन फैसला लेना क्या हमारे लिये कठिन है जो ग़लतियों के ख़िलाफ़ फैसला नहीं लेगा वह विकास के रास्तों तक कैसे जायेगा। दुश्यन्त ने कभी कहा था 'अब तो पथ यही है' यह पथ निश्चित रूप से मुश्किलों का पथ है, संघर्श का पथ है और बहुत लम्बी दूर तक जाने का संघर्श है। ये जो बातें आप से कही जा रहीं हैं, यह प्रतिज्ञा या शपथ उस तरह की नहीं है जो आम तौर पर ली जाती है लेकिन उस पर प्राय: अमल नहीं होता।

## सार-समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष सात दिवसीय शिविर 17 फरवरी से

**सिरमौर देशबन्धु।** यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय सिरमौर के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष सात दिवसीय शिविर 17 फरवरी से 23 फरवरी 26 तक ग्राम पचायत शा. पू. मा. विघालय सदहना सिरमौर मे लगाया जाऐगा. कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना दो प्रवेश चंद दुबे ने बताया कि यह शिविर समन्वयक अधिकारी श्री अभिमन्यु सिंह जी के दिशा निर्देश पर लगाया जा रहा है. शिविर के मार्गदर्शक यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी द्विवेदी होंगे. जिनके दिशा निर्देश पर सा देश शिविर को संपन्न कराया जाएगा. महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शिविर में भाग लेंगे शिविर के तहत शिक्षा स्वच्छता स्वास्थ्य वृक्षारोपण सांस्कृतिक गतिविधियां कराई जाएगी शिविर का शुभारंभ 17 फरवरी 2026 को ग्राम पंचायत सरपंच सरोज रावत के द्वारा किया जाएगा. सिविल में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य भी उपस्थित होंगे. शिविर के शुभारंभ में ग्राम पंचायत के वरिष्ठ सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है शिविर में 50 छात्राएं भाग लेंगे।

### पाली के सुरेन्द्र केवट चार एकड़ में सब्जी बागवानी कर कमा रहे मुनाफा

**बैकुंठपुर देशबन्धु।** सिरमौर विकास खण्ड के ग्राम पाली निवासी सुरेन्द्र केवट अपनी पहचान सब्जी के खेती के लिए बनाकर मुनाफा कमा रहे वह भी उद्यानिकी विभाग के बिना अनुदान से सब्जी के बागवानी तैयार कर आत्मनिर्भर बन कामयाब हुए है साथ ही परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। रीवा से डभौरा मार्ग बैकुंठपुर कस्बे सटे हाइवे मार्ग के पाली गांव में उन्होंने कर्ता में चार एकड़ भूमि लेकर केवल सब्जी की बागवानी किए हुए है जिसके सब्जियां की आवक भी शुरू हो गई है कुछ एक महीने बाद तैयार होनी है उन्होंने बताया कि भांटा और टमाटर 160 डिसमिल में लगाए हुए जो एक माह बाद निकलना शुरू हो जाएगा हाल में ब्याज बीज के उत्पादन के साथ कई प्रकार बेहन में लौकी ,कोहड़ा, गेंदा फूल के बेहन डाले हुए है हाल में मटर के उत्पादन आवक डेली हो रही है इसके साथ खेत में हर किस्म के सब्जी लगी ही जिनमें पत्ता गोभी के साथ लहसुन,धनिया, तैयार है बैकुंठपुर नगर समेत -दूर से व्यापारी यहां सब्जी के लिए लेने पहुंचते हैं। सुरेन्द्र केवट समय के अनुसार सब्जी के फसल का चयन करते हैं और उसकी खेती करते हैं। जिससे वे काफी मुनाफा कमाते हैं। उन्होंने बताया कि समय-समय पर टमाटर, बैगन समेत अन्य सब्जी की खेती करते हैं। इसमें पारंपरिक खेती से ज्यादा लाभ होता है।



# यात्री बसें बनी माल वाहक, पुलिस को दे रहे खुली चुनौती

## सड़क सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है, यात्रियों की जान जोखिम में

**सीधी देशबन्धु।** जिला परिवहन विभाग एवम पुलिस प्रशासन के लचर व्यवस्था के चलते सीधी जिले से चलने वाली ज्यादातर यात्री बस संचलको के द्वारा जारी दिशा निर्देश एवम आवश्यक नियमों के पालन में कोताही बरती जा रही है। वहीं विशेष रूप से अंतर.राज्यीय मार्गों पर फर्राटा मारने वाली यात्री बसें अब माल वाहक के रूप में तब्दील हो गई हैं, जो यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं और पुलिस को खुली चुनौती दे रही हैं।




निजी बसें यात्रियों की सीटों के नीचे और बसों की छत पर भारी मात्रा में व्यावसायिक सामान चोरी छुपे रूप से लाया जा रहा है। निजी बस संचालक अक्सर आरटीओ और पुलिस के आँखों में धूल झोंकते हुए, माल को अवैध रूप से परिवहन कर रहे हैं। कई बार बस चालक यह दावा करते हैं कि सामान यात्रियों का है, जबकि वास्तव में यह व्यावसायिक पार्सल होते हैं। सामान का अत्यधिक वजन कभी.कभी 1.2 टन और गलत तरीके से लोडिंग के कारण आग लगने या दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ये बसें कूरियर सेवाओं की तरह काम करती हैं, जिससे सरकार को व्यावसायिक माल परिवहन पर लगने वाले टैक्स का नुकसान हो रहा है। जबकि अन्य जिलो में जबाबदेह अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा ऐसी बसों को चिंहित करते हुए उन्हे जप्त करने या भारी जुर्माना लगा कर दण्डित कर रहे हैं। जानकारों की माने तो यात्री बसों का उपयोग माल वाहक के रूप में करना परमिट नियमों का गंभीर उल्लंघन है। यह अवैध गतिविधि न केवल सड़क सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है, बल्कि यात्रियों की जान जोखिम में डालकर लाभ कमाने का एक जरिया बन गई है।

### यात्रियों की जान जोखिम में कार्रवाई का अभाव

खस्ताहाल सड़कों पर फर्राटा भर रही सामानों से लोड बसें एक ओर जहां परिवहन के नियमों को तार.तार कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर यात्रियों की जान को भी जोखिम में डालने का कार्य कर रहीं हैं। दरअसल भाड़ा बचाने के फेर में कई व्यापारी सामान के परिवहन के लिए मालवाहक वाहन का प्रयोग करने के बजाए यात्री बसों का प्रयोग कर रहे हैं। दूसरे शहरों को जाने और दूसरे शहरों से यहां आने वाली ज्यादातर बसों की छत सामानों से ओवरलोड रहती हैं, लेकिन न ही जिम्मेदार विभाग के अधिकारी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं।

## मेधावी छात्रों को वितरित की गई अध्ययन सामग्री

**सीधी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में लक्ष्य पोर्टल के टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 6 मेधावी छात्रों-आकाश साकेत, सुमित नीरत, केशव सिंह, अभिषेक सिंह, रामसजीवन एवं विनीत कुशवाहा को नवोदय विद्यालय समिति भोपाल द्वारा प्रायोजित तथा लक्ष्य पोर्टल से प्राप्त आईआईटी-जेईई अध्ययन सामग्री का वितरण प्रात:कालीन सभा में किया गया। अध्ययन सामग्री का वितरण प्राचार्य डॉ. डी. के. त्रिपाठी, उप प्राचार्य एस. के. तिवारी एवं लक्ष्य कॉर्डिनेटर श्री प्रवेश सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. त्रिपाठी ने छात्रों को कठोर परिश्रम और निरंतर प्रयास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उपलब्ध कराई गई अध्ययन सामग्री छात्रों की तैयारी को और सशक्त बनाएगी तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने में सहायक सिद्ध होगी।

## शहर में लगे कैमरे हुए अंधे, रखरखाव के जिम्मेदारी से पीछे हटी नपा

**सीधी देशबन्धु।** विधायक निधि से शहर के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा के उद्देश्य से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे उचित रखरखाव और निगरानी के अभाव में ठप पड़े हैं। बताया गया कि लम्बे समय से तकनीकी खराबी या तार टूटने के कारण ये केवल शो.पीस बनकर रह गये हैं। विधायक निधि माध्यम से नगर पालिका परिषद द्वारा उक्त कैमरों की सेवा नगर में प्रारंभ कराई गई थी किन्तु प्रतिवर्ष रख रखाव हेतु सबंधित फर्म के द्वारा अनुबंध कराये जाने का प्रावधान है। लचर व्यवस्था के चलते नपा द्वारा अभी तक उक्त अनुबंध की फाइल



को रोंक कर रखा गया है। जिसके चलते जिला मुख्यालय में अपराधिक घटनाओं के घटित होने के उपरांत आरोपी घटना स्थल से बड़े आराम से फरार हो जाता है, और उसकी पहचान नही हो पाती है। स्थानीय निवासियों और पुलिस के अनुसार सीसीटीवी कैमरों की समय.समय पर तकनीकी जांच और मरम्मत नहीं की जाती है, जिसके कारण वे काम करना बंद कर देते हैं। कैमरे खराब होने से शहर में आपराधिक घटनाओं की निगरानी में बाधा आती है और पुलिस को संदिग्धों को पकड़ने में मुश्किल होती है। विधायक निधि से लाखो रुपये की लागत से लगे कैमरे खराब होने से सार्वजनिक धन का दुरूपयोग हो रहा है। कुछ स्थानों पर कैमरे के तार टूटकर नीचे लटक रहे हैं, तो कुछ जगहों पर धूल के कारण उनकी विजिबिलिटी खत्म हो गई है।

## पत्थरों का अवैध परिवहन करते दो ट्रेलर वाहन जब्त

**मझौली देशबन्धु।** मुखबिर की सूचना पर रात्रि ग्रस्त पर निकली पुलिस टीम को जानकारी दी गई की दो टेलर वाहन जो पत्थर लोड किए हैं मझौली तरफ से चमराडोल ब्यौहारी के ओर जा रहे हैं जिसकी सूचना ग्रस्त पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा थाना प्रभारी मझौली उप निरीक्षक विशाल शर्मा को दी गई। थाना प्रभारी के निर्देशन पर थाने का पुलिस स्टाफ आरक्षक अजय तिवारी एवं आशुतोष मिश्रा साक्षी विमलेश मुर्तियां,व उदयपाल साकेत को हमराह है लेकर सूचना की तस्दीक करने हेतु रवाना हुए ।जब चमराडोल बैरियल पहुंचे तो दो टेलर ट्रक वाहन जिनका नम्बर RJ 09 CD 3567,व चालक महमूद खान पिता आमिर



खान उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम कलंदर खेर पोस्ट भटोली ब्राम्हन थाना निकुमभ जिला चितौड़गढ़ (राजस्थान) तथा वाहन टेलर ट्रक क्रमांक RJ 27CG 2694 का चालक रफीक मोहम्मद मंसूरी पिता इस्माइल आजाद मंसूरी उम्र 55 वर्ष निवासी पोटला( आई सी आई बैंक के पीछे) पोस्ट पोटला थाना गंगापुर जिला भीलवाड़ा (राजस्थान) के रहने वाले बताएं तथा वाहन मालिक का नाम पूछे जाने पर स्वयं वाहन स्वामी होना बताया गया। जिनसे पत्थर परिवहन का वैध कागजात चाहा गया जो नहीं उपलब्ध करा पाए। उक्त वाहनों को मैं पत्थर लोड गवाहों के समक्ष जपती पत्र में जप्त किया गया। चालकों को धारा 35(1) बीएनएसएस नोटिस तमिल कर न्यायालय उपस्थित होने हेतु पाबंद किया गया। वापसी पर मझौली थाने में अपराध सदर कायम कर विवेचना में दिया गया है।

## अवैध एवं क्रुरता पूर्वक 53 पशुओं के परिवहन का किया भंडाफोड़



**सीधी देशबन्धु।** थाना प्रभारी मझौली उनि विशाल शर्मा के नेतृत्व में थाना मझौली पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध एवं क्रुरता पूर्वक किए जा रहे पशु परिवहन का भंडाफोड़ किया गया है। बताया गया कि 13 फरवरी 26 को रात्रि गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक क्रमांक यूपी 63 एटी 4643 तेज गति से छवारी तरफ से ब्योहारी की ओर जा रहा है, जिसमें भैंस लोड हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाई करते हुए पुलिस टीम ग्राम चुवाही पहुंची। उसी समय एक स्कार्पियो वाहन क्रमांक एपी 53 सीए 6375 संदिग्ध रूप से तेज गति से निकलता दिखाई दिया।

## पॉक्सो एक्ट प्रकरण में आरोपी दोषमुक्त

**सीधी।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जिला सीधी के न्यायालय द्वारा विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक एस.सी. /72/2024 में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए आरोपी राजकुमार जायसवाल को दोषमुक्त किया गया। प्रकरण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी अंतर्गत स्थापित लीगल एड डिफेंस काउंसिल की प्रभावी पैरवी को न्यायालय ने प्रमुख आधार मानते हुए यह निर्णय पारित किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 137 (2), 96, 65(1) बी. एन. एस. एवं धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट 2012 के अंतर्गत आरोप लगाए गए थे। न्यायालय ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल की दलीलों को स्वीकार करते हुए आरोपी को दोषमुक्त करने का आदेश दिया।


### कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्र.810/नपानि/राजस्व/2025-26 रीवा दिनांक 13.02.2026

**अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक 06 विवेकानंद नगर जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है में स्थिति भूखंड क्रमांक 2/124 कुल क्षेत्रफल 1525.23 वर्गफिट श्री प्रदीप सिंह चंदेल पिता श्री जितेन्द्र सिंह चंदेल, निवासी नेहरू नगर रीवा म.प्र. को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है जिसका नामान्तरण श्रीमती सरस्वती सिंह परिहार पति श्री महेन्द्र सिंह परिहार, निवासी हास्पिटल कैम्पस मानपुर, बांधवगढ उमरिया मध्यप्रदेश के नाम किये जाने हेतु दिनांक 19.11.2025 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।**

**उक्त भूखंड क्रमांक 2/124 कुल क्षेत्रफल 1525.23 वर्गफिट के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदक श्री प्रदीप सिंह चंदेल पिता श्री जितेन्द्र सिंह चंदेल, निवासी नेहरू नगर रीवा म.प्र. के आवेदन अनुसार उक्त भूखंड क्रमांक 2/124 कुल क्षेत्रफल 1525.23 वर्गफिट का नामान्तरण श्रीमती सरस्वती सिंह परिहार पति श्री महेन्द्र सिंह परिहार, निवासी हास्पिटल कैम्पस मानपुर, बांधवगढ उमरिया मध्यप्रदेश के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।**

**उपायुक्त ( राजस्व )**
**नगर पालिक निगम**
**रीवा ( म.प्र. )**


## ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा, धीमी प्रगति पर सख्त निर्देश

**जवा देशबन्धु।** मेहताब सिंह गुर्जर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा की अध्यक्षता में जनपद पंचायत जवा के सभागार में विकास कार्यों एवं हितग्राही मूलक कार्यों में प्रगति लाए जाने हेतु जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा, सहायक परियोजना अधिकारी (पीएम.आवास) , लेखाधिकारी जिला पंचायत रीवा, सहायक यंत्री, ए0पी0ओ0, बी0सी0 आवास, एवं समस्त उपयंत्री, पीसीओ एवं ग्राम पंचायत के सचिव एवं जी0आर0एस0 उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में महत्वपूर्ण



निर्देश दिए गए उक्त बैठक में प्रधानमंत्री आवास (ग्रा0)-योजना की समीक्षा बैठक प्रारंभ की गई जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायतों जैसे ग्राम पंचायत हरदोली, के 21 आवास अपूर्ण पाए गये जिसमें सचिव को निलंबन हेतु एवं पीसीओ को नोटिस जारी करने, सचिव ग्राम पंचायत कंचनपुर 13 आवास अपूर्ण पाए जाने पर, ग्राम पंचायत पटेहरा में सचिव/जी0आर0एस0/ पीसीओ को न्यून प्रगति हेतु नोटिस जारी करने, ग्राम पंचायत उसकी 13 आवास अपूर्ण पाए जाने पर सचिव/जीआरएस /पीसीओ को नोटिस जारी करने, ग्राम पंचायत घूमन 25 आवास अपूर्ण पाए जाने पर सचिव/जीआरएस/ पीसीओ को नोटिस जारी करने, ग्राम पंचायत दोंदर 21 आवास अपूर्ण पाए जाने पर सचिव/जीआरएस/ पीसीओ को नोटिस जारी करने, ग्राम पंचायत खम्हरिया-34, 14 आवास अपूर्ण, अन्दवा 13 आवास अपूर्ण, पाए जाने पर सचिव/जीआरएस/ पीसीओ को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिन ग्राम पंचायतों में खेत तालाब स्वीकृत हुए हैं उन सभी कार्यों को 02 सप्ताह में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया, ग्राम पंचायत केचुहा, जल गंगा संवर्धन योजना में नोटिस जारी करने, ग्राम पंचायत नष्टिगवां में 21 खेत तालाब स्वीकृत हैं जिनका 02 सप्ताह में कार्य पूर्ण करने हेतु एवं सचिव/जी0आर0एस0 को निलंवित करने एवं उपयंत्री को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। तथा मुख्यप कार्यपालन अधिकारी द्वारा उन ग्राम पंचायतों के डी0एस0सी0 में रोक लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिनमें हितग्राही मूलक कार्य अपूर्ण है। ग्राम पंचायत छतैनी, जी0आर0एस0 को संविदा समाप्ति हेतु नोटिस जारी करने एवं ग्राम पंचायत डगडैया सचिव/जी0आर0एस0 को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

## बीजेपी ने बांग्लादेश चुनाव में जीती एक सीट, सोशल मीडिया पर खूब वायरल, क्या है हकीकत

बांग्लादेश के संसदीय चुनाव में बीएनपी ने बहुमत हासिल किया है। लेकिन अगर हम आपसे बताएं कि बांग्लादेश में एक सीट बीजेपी ने भी जीती है तो आपको कैसा लगेगा? निश्चित तौर पर आप चौंक जाएंगे, लेकिन इसमें एक ट्विस्ट है। असल में यह भारत की सत्ताधारी बीजेपी नहीं है। यह बांग्लादेश जातीय पार्टी है, जिसका शॉर्ट फॉर्म बीजेपी होता है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब कमेंट्स हो रहे हैं, जहां बांग्लादेश की बीजेपी को भारत की बीजेपी समझा जा रहा है अब यह भी जान लेते हैं कि बांग्लादेश के चुनाव में वहां की बीजेपी का कैसा रहा। भारत में तो बीजेपी कई साल से सत्ता में हैं। लेकिन इसके उलट बांग्लादेश की बीजेपी मात्र एक ही सीट जीतने में कामयाब रही। बीजेपी वहां पर तारिक रहमान की बीएनपी की सहयोगी पार्टी है। बीएनपी ने शुक्रवार को बांग्लादेश में 209 सीटें जीतकर करीब दो दशक बाद सत्ता में वापसी की है। तारिक रहमान बांग्लादेश के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बीएनपी के सहयोगी दलों, बीजेपी और अन्य ने चार सीटें जीती हैं। इसके साथ इस गठबंधन की कुल सीटों की संख्या 212 हो गई है।

# मोदी स्टाइल में तारिक रहमान ने की 'चाय पर चर्चा', राहुल की भी नकल

बांग्लादेश में हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों में तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की शानदार जीत के पीछे केवल घरेलू मुद्दे ही नहीं, बल्कि भारतीय राजनीतिक प्रचार शैलियों का भी गहरा प्रभाव देखने को मिला है। बांग्लादेश और भारत के वर्तमान द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण रहे हैं, लेकिन बीएनपी द्वारा अपनाई गई चुनावी रणनीतियां भारत के चुनाव अभियानों से प्रेरित थीं।

बीएनपी की प्रचार रणनीति में भारतीय जनता पार्टी बीएनपी और कांग्रेस दोनों के सफल अभियानों की झलक मिली। बीएनपी के चुनाव अभियान को भारतीय सोशल मीडिया और जमीनी गतिविधियों की कड़ी निगरानी के बाद आकार दिया गया था।

**'चाय पर चर्चा' से 'चायेर अड्डा'**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के सफल अभियान 'चाय पर चर्चा' की तर्ज पर,बीएनपी ने बांग्लादेश में चायेर अड्डा (चाय पर बातचीत) का आयोजन किया। यह विचार तारिक रहमान की बेटी, जैमा रहमान द्वारा लाया गया था। देश भर में



विशेष रूप से युवाओं के साथ, अनौपचारिक बातचीत करना और उनसे फीडबैक प्राप्त करना।

भारत में यह अभियान मणिशंकर अय्यर की चायवाला वाली टिप्पणी के जवाब में शुरू हुआ था, जो बेहद सफल रहा। बांग्लादेश में भी तारिक रहमान को विपक्षी दल द्वारा बाहरीऔर अनुभवहीन नेता कहे जाने के बाद इस अनौपचारिक संवाद ने युवाओं से जुड़ने में मदद की।

**मुझे सर नहीं, भाई कहो**– दूसरा महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम तारिक रहमान को एक सहज और अनौपचारिक नेता के रूप में पेश करना था, जो सत्ता के मद में चूर नहीं है। 4 करोड़ से अधिक पहली बार वोट देने वाले युवा से जुड़ने में उन्हें सफलता मिली। पार्टी ने मुझे सर नहीं, भाई कहो का नारा अपनाया, जो भारत में राहुल गांधी द्वारा छात्रों के साथ बातचीत के दौरान अपनाए गए इसी तरह के दृष्टिकोण की याद दिलाता है। इसका उद्देश्य मतदाताओं के साथ सीधे और भावनात्मक रूप से जुड़ना था।

**रील बनाने की प्रतियोगिता**– युवाओं को लुभाने के लिए, पार्टी ने रील-मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। बांग्लादेश में उभरते हुए YouTubers और कंटेंट क्रिएटर्स को अपने विचारों और सुझावों के साथ रील बनाने के लिए आमंत्रित किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उनकी रीलों को बीएनपी के आधिकारिक हैंडल से भी शेयर किया गया।

तारिक रहमान के सामने चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। जमात-ए-इस्लामी के मजबूत प्रदर्शन (77 सीटें) ने उनके लिए भविष्य में राह मुश्किल कर दी है।

# 1200 हत्याएं, 13 बलात्कार, बांग्लादेश के चुनाव में एक से एक अपराधियों की चमक गई किस्मत

**ढाका।** बांग्लादेश में कराए गए 13वें आम चुनाव में तारिक रहमान की अगुआई में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। इनमें से कई ऐसे उम्मीदवारों ने भी जीत दर्ज की है जिनपर कभी आतंकवाद का ठप्पा लगा हुआ था। ऐसे दो प्रत्याशी बीएनपी से और एक जमात-ए-इस्लामी से है। शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले इनमें से एक को फांसी की सजा सुना दी गई थी। हालांकि जब शेख हसीना की सरकार गिरी और मोहम्मद यूनुस की अगुआई में अंतरिम सरकार गठित की गई तो उनकी सजा भी माफ करदी गई। बीएनपी नेता लुफ्तोज्जमान बाबर और अब्दुस सलाम पिंटू दोनों ही बीएनपी के नेता हैं जिनपर गंभीर आरोप थे। वहीं जमात-ए-इस्लामी नेता अजहरुल इस्लाम पर आतंकवाद और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप थे।

दिसंबर 2004 में ही बांग्लादेश के हाई कोर्ट ने तारिक रहमान, लुत्फोज्जमान बाबर औ अन्य आरोपियों को 2021 के ग्रैनेड कांड मामले में बरी कर दिया था। उनपर शेख हसीना पर ग्रैनेड अटैक करवाने का आरोप था। इस हमले में कम से कम 24 लोग मारे गए थे। वहीं शेख हसीना की जान किसी तरह बच गई थी। लुत्फोज्जमान बाबर ने इस बार 1.6 लाख वोटों से चुनाव जीता है। उनकी ही पार्टी के अब्दुल सलाम पिंटू पर भारत विरोधी संगठन से संपर्क रखने का आरोप था। बाबर के बरी होने के एक साल बाद पिंटू को भी कोर्ट से राहत मिल गई। पिंटू पर पाकिस्तानी आतंकी संगठन हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी से जुड़े रहने का भी आरोप था। इस संगठन पर यूपी के वाराणसी में 2006 में बम ब्लास्ट करवाने और 2007 में अजमेर शरीफ की दरगाह में और दिल्ली में 2011 का बम ब्लास्ट करवाने का आरोप है।

## आज का इतिहास

1564– खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म। उन्होंने ही बताया कि पृथ्वी सूर्य के चक्कर लगाती है। सूर्य पृथ्वी के चक्कर नहीं लगाता।
1798– फ्रांस ने रोम पर कब्जा कर उसे गणराज्य घोषित किया।
1869 – मशहूर उर्दू शायर मिर्जा गालिब का निधन।
1903 – मॉरिस मिख्टॉम ने खुद के बनाए दो साफ्ट टॉय 'टैडी' के नाम से बाजार में उतारे।
1906: ब्रिटेन की लेबर पार्टी का गठन।
1942: द्वितीय विश्व युद्ध में सिंगापुर का पतन हुआ। जापानी सेनाओं के हमले पर ब्रिटिश जनरल आर्थर पेरसिवल ने समर्पण कर दिया। लगभग 80,000 भारतीय, ब्रिटिश और ऑस्ट्रेलियाई सैनिक युद्ध-बंदी थे।
1944: ब्रिटेन के सैकड़ों विमानों ने बर्लिन पर बमबारी की।
1948– झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पर खूब लड़ी मर्दानी कविता लिखने वाली कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान का निधन।
1961– बेल्जियम का एक विमान ब्रसेल्स हवाई अड्डे पर उतरने से कुछ देर पहले दुर्घटनाग्रस्त। मरने वाले 73 लोगों में अमेरिका की फिगर स्केटिंग टीम के 17 सदस्य भी थे।

## सुडोकू 7184

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 7 | 5 | | |
| | | | | | 8 | | 4 | 3 |
| | | | 4 | | 5 | | | 8 |
| 1 | | 4 | | | | | 9 | 6 |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| 6 | 3 | | | | | 2 | | 5 |
| 9 | | | 5 | | 4 | | | |
| 2 | 4 | | 3 | | | | | |
| | | 5 | 6 | 9 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### कुलगाम में ड्रग तस्कर की 1.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर पुलिस ने शुक्रवार को एक ड्रग तस्कर की संपत्ति कुर्क कर दी है। पुलिस के अनुसार कुलगाम जिले में अटैच की गई प्रॉपर्टी की कुल कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपए है। पुलिस ने बताया कि मणिगाम गांव में छह दुकानें, पांच गोदाम, एक टिन शेड और एक चबूतरा अटैच किए गए हैं। यह संपत्ति मोहम्मद अशरफ खांडे की है, जो निपोरा, कुलगाम का रहने वाला है और काजीगुंड पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में आता है। उसके पिता का नाम अहमद खांडे है।

### कर्नाटक में ओडिशा के 34 श्रमिक मुक्त

**बागलकोट।** कर्नाटक में बागलकोट जिला प्रशासन ने इलकल तालुक में बंधुआ बनाकर रखे गए ओडिशा के 34 प्रवासी मजदूरों को बचाव अभियान के तहत मुक्त करा लिया है। अधिकारियों ने बताया कि इन श्रमिकों को कथित तौर पर तस्करी कर लाया गया था और एक ईंट भट्ठे पर बंदी बनाकर उनसे जबरन काम कराया जा रहा था। जिला प्रशासन को इस संबंध में शिकायत मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई की गई। बचाव अभियान जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर संकलापुर गांव में स्थित एक ईंट भट्ठे पर चलाया गया।

### हजारीबाग में जंगली हाथियों ने ली छह व्यक्तियों की जान

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के चूरचू प्रखंड के गोंदवार गांव में बीती रात हाथियों ने 6 व्यक्तियों की जान ले ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चार व्यक्ति एक ही परिवार के रहने वाले हैं। पूरा परिवार रात में सोया हुआ था और अचानक पांच हाथियों का झुंड घर पर धावा बोल दिया। घर पर सो रहे हैं एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत घटना स्थल पर हो गई है। विकास कुमार उज्वल, डी एफ ओ, पूर्वी वन प्रमंडल, हजारीबाग ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह हाथी का झुंड बोकारो और रामगढ़ के सिमाने पर बीते रात था।

### तेलंगाना में 223 पंचायत सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने 223 पंचायत सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है, जो पूर्ववर्ती सरकार के आदेश पर पिछले दो सालों से अंतर जिला प्रतिनियुक्ति पर दूर-दराज के इलाकों में काम कर रहे थे। पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य सचिव एन.श्रीधर ने इस बारे में आदेश जारी किए। यह फैसला पिछली सरकार के आदेश 317 से प्रभावित कर्मचारियों की मुश्किलों को दूर करने के लिए लिया गया है। पंचायत राज मंत्री दानसारी अनसूया सीतक्का ने इस फैसले को आसान बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# गुनाह कबूलने के बाद निखिल गुप्ता को होगी कितने साल की सजा, अमेरिका की क्या है डिमांड?

इस पूरी साजिश के केंद्र में भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व अधिकारी विकास यादव का नाम भी उछला है। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि यादव ने ही पन्नू की हत्या के समन्वय के लिए गुप्ता को भर्ती किया था। गुनाह कबूलने के बाद निखिल गुप्ता को होगी कितने साल की सजा, अमेरिका की क्या है डिमांड खालिस्तानी आतंकवादी और अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश वाले मामले में एक बड़ा नाटकीय मोड़ आया है। इस मामले के मुख्य आरोपी 54 साल के भारतीय नागरिक



निखिल गुप्ता ने शुक्रवार को अमेरिकी अदालत के समक्ष अपना गुनाह कबूल कर लिया है। यह कदम उनके पिछले रुख से बिल्कुल उलट है। जून 2024 में चेक गणराज्य से प्रत्यर्पण के बाद से वे लगातार खुद को निर्दोष बता रहे थे। निखिल गुप्ता ने अमेरिकी मजिस्ट्रेट जज सारा नेटबर्न के समक्ष तीन गंभीर आरोपों में अपना दोष स्वीकार किया है। उनके खिलाफ सुपारी देकर हत्या कराने, हत्या की साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने का आरोप है।

## 'ख्वाजा आसिफ भी बाथरूम में न गिर जाएं'

# पाक रक्षामंत्री के बयान पर क्यों पाकी पत्रकार ने कही ये बात?

**इस्लामाबाद।** आरजू काजमी ने कहा कि सुना है कि जनरल कमर बाजवा साहब कुछ बताने वाले थे, लेकिन कुछ बताने से पहले वह बाथरूम में गिर गए। ये भी खबर है कि उनके पास कुछ सीक्रेट्स थे। पाकिस्तान में इस वक्त पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान को लेकर काफी हंगामा मचा हुआ है। उन्होंने भरी संसद में ये कह दिया कि अमेरिका ने पाकिस्तान को अफगानिस्तान के खिलाफ टॉयलेट पेपर की तरह इस्तेमाल किया और फिर फेंक दिया। उनका कहना है कि अमेरिका का साथ देना पाकिस्तान को भारी पड़ा, जिसका खामियाजा वह आज तक भुगत रहा है। पाकिस्तान में आए दिन हो रहे हमलों को लेकर उन्होंने यह बात कही है। पाकिस्तानी जर्नलिस्ट आरजू काजमी ने उनके बयानों को सही ठहराया है और कहा कि पाकिस्तान ने डॉलर्स लेकर अमेरिका के लिए काम किया है, कोई दहशतगर्दी के खिलाफ जंग नहीं लड़ी, जिसका हम क्रेडिट लेते रहते हैं।

आरजू काजमी ने मजाकिया अंदाज में ख्वाजा आसिफ को यह सलाह भी दी है कि वह बाथरूम न जाएं और पानी से बचें क्योंकि ऐसा बयान देने के बाद वह भी बाथरूम में गिर सकते हैं। पाकिस्तान के पूर्व आर्मी चीफ जनरल कमर जावेद बाजवा को बाथरूम में स्लिप होने से सिर में गंभीर चोटें आई हैं। इस हादसे को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं, इस घटना को बेहद शक के साथ देखा जा रहा है। आरजू काजमी ने कहा कि ऐसा न हो कि ख्वाजा आसिफ भी जनरल कमर बाजवा की तरह बाथरूम में गिर जाएं। ख्वाजा आसिफ को आजकल ऐसे बयान देने के बाद एहतियात करनी चाहिए। ऐसा बयान देने के बाद कोई भी बाथरूम में गिर सकता है।

**जनरल बाजवा के बाथरूम में गिरने पर क्यों हो रहा शक?**– आरजू काजमी ने कहा कि सुना है कि जनरल कमर बाजवा साहब कुछ बताने वाले थे, लेकिन कुछ बताने से पहले वह बाथरूम में गिर गए। ये भी खबर है कि उनके पास कुछ सीक्रेट्स थे, जो वह लोगों को बताने वाले थे और वह पहले ही बाथरूम में स्लिप होकर गिर गए।

उन्होंने इस हादसे को लेकर कहा, 'कोई भी आम इंसान अगर गिरेगा बाथरूम में, तो उसका सिर एक बार लगेगा, या तो बेसिन से लगेगा, या दीवार से लगेगा या दरवाजे से लगेगा। एक बार लगेगा और गंभीर चोट लग जाएगी, ये समझ आता है। पर उनका सिर तीन बार लगा है और तीन गंभीर चोटें उनको आई हैं। तो तीन बार चोटें लगी हैं न उससे थोड़ा सा शक हो रहा है।'

**डॉलर्स लेकर अमेरिका के लिए काम करता रहा है पाकिस्तान, आरजू काजमी ने कहा**– पाक रक्षा मंत्री के बयान पर आरजू काजमी ने कहा, 'मुझे लगता है कि ख्वाजा आसिफ सच बोल रहे हैं।' आरजू काजमी ने कहा, 'हमने कोई दहशतगर्दी की जंग नहीं लड़ी, हमने पैसे पकड़े थे और अपने लोगों को मरने के लिए छोड़ दिया। ये जो हम क्रेडिट लेते हैं कि हम टेररिज्म का शिकार हो गए क्योंकि हमने वॉर ऑफ टेररिज्म में हिस्सा लिया था, ऐसा नहीं है हमने कोई हिस्सा नहीं लिया था। हमने अमेरिका की मदद की थी। अमेरिका को जमीन चाहिए थी, जहां से वो अफगानिस्तान पर अटैक कर सके और हमने पैसा पकड़ा और जिया उल हक के समय से ही हम अफगान वॉर का हिस्सा बने। ये बात तो कई बार हुई है और अब तो पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने ये बात बोली है। अगर वह ये बात कह रहे हैं तो उनकी बात से कैसे इनकार किया जाएगा।'

**ख्वाजा आसिफ के बयानों पर क्या बोलीं आरजू काजमी?**– आरजू काजमी ने यह भी कहा कि इससे पहले भी कई बार हमने देखा है, ऑपरेशन सिंदूर से पहले भी ख्वाजा आसिफ ने पार्लियामेंट में खड़े होकर ऐसी बातें कही हैं, सेना के बारे में बातें की हैं, फौज के बारे में भी बातें की हैं कि कोई जंग नहीं जीती। ये तमाम चीजें वह बोलते रहे हैं, कोई पहली बार नहीं है। मुझे हैरत भी हो गई कि उन्हें डिफेंस मिनिस्टर बना दिया गया। लग तो ये रहा था कि कोई इस तरह से बात करेगा तो उसको खास पॉजिशन पर नहीं रखा जाएगा, लेकिन उन्हें डिफेंस मिनिस्टर भी बनाया गया।

## वर्ग पहेली 7184

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**
१. छत्तीसगढ़ राज्य का एक जिला
३. गणेश
५. पूर्ति करने की क्रिया
६. वह व्यक्ति या संस्था जिसे राजकीय पत्र प्रदान किया गया हो
७. एक तरह का फूल जिसमें रात को ही सुगंध होती है
९. व्यापार
१०. रविवार
१२. नेपाली पहाड़ी मजदूर
१३. मुख्य,प्रधान, मुखिया
१४. संदर्भ, प्रसंग, प्रतिपादन, निर्माण
१६. एक प्रकार का ज्योतिष विद्या
१८. रोकने वाला, रुकावट डालने वाला
२०. अतिरिक्त (उर्दू)
२१. गणेश
२३. दीपक, सूर्य. तिमिर हर

**ऊपर से नीचे:–**
१. यात्रियों-पथिकों के नि:शुल्क ठहरने,रुकने की जगह
२. उसके बाद
३. वह शासन व्यवस्था जिसमें चुने हुए प्रतिनिधि शासन संचालित करते हैं
४. दृश्य (उर्दू)
५. नाव खेने की डांडी
८. अर्द्धविक्षिप्त (उर्दू)
१०. तलबगार, इच्छा रखने वाला
११. हाथी, निवारण
१२. किरीट, मुकुट शिरोभूषण
१३. इंतजाम, व्यवस्था
१४. सराहा गया
१५. कहावत, कहानी (उर्दू)
१७. सहायता (उर्दू)
१८. बंद करना, मना करना, रुकावट डालना
१९. दाग, धब्बा
२२. बचाव करने की क्रिया

### वर्ग पहेली–7183

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मो | रा | २ र | जी | ■ | ■ | ३ रू | का | ४ व | ट |
| ल | ■ | क | ■ | ५ उ | त्कृ | ष्ट | ■ | ह | ■ |
| ६ भा | ट | क | ■ | क | ■ | ७ ज | ल | म | ८ य |
| व | ■ | म | ■ | ९ सा | कि | न | ■ | ■ | था |
| ■ | १० ज | ल | ११ से | ना | ■ | ■ | १२ वि | प्ल | व |
| ■ | र्ज | ■ | व | ■ | १३ ध | म | नी | ■ | त |
| १४ आ | र | १५ क्ष | क | ■ | व | ■ | १६ त | १७ था | ■ |
| वे | ■ | म | ■ | १८ क | ल | १९ गी | ■ | ति | ■ |
| २० द | क्ष | ता | ■ | र्म | ■ | २१ द | र | का | २२ र |
| क | ■ | ■ | २३ मु | ठ | भे | ड़ | ■ | ■ | स |


युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## लापरवाही | माता वैष्णो देवी के भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक आई सामने

# गुफा के अंदर पहुंचा चश्मे वाला कैमरा, वीडियो हुआ वायरल

**जम्मू, 1 (देशबन्धु)। माता वैष्णो देवी के भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। 'शिखा' नाम की एक कंटेंट क्रिएटर ने अति सुरक्षा वाले वैष्णो देवी के गर्भगृह, पवित्र गुफा, प्राचीन गुफा, अटका आरती स्थल व चरणामृत स्थल जैसे क्षेत्रों की वीडियो व तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर साझा कर दीं। वीडियो तेजी से प्रसारित हो रहे है। जानकारी के लिए सुरक्षा कारणों से भवन के अंदर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर पूर्ण प्रतिबंध हैं।**

वीडियो प्रसारित होने के बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने इस संदर्भ में मामला दर्ज करवाया है। कहने को कटड़ा में स्थित माता वैष्णो देवी का भवन देश के सबसे सुरक्षित और संवेदनशील धार्मिक स्थलों में से एक है। लेकिन हाल ही में एक कंटेंट क्रिएटर ने इस अभेद्य किले जैसी सुरक्षा को चुनौती दे दी है। शिखा नाम की एक कंटेंट क्रिएटर ने माता वैष्णो देवी भवन के अंदर का वीडियो शूट किया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह वीडियो किसी



मोबाइल से नहीं, बल्कि एक आधुनिक कैमरा वाले चश्मे से बनाया गया है। इस घटना ने श्राइन बोर्ड और जम्मू कश्मीर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस गंभीर चूक पर प्रतिक्रिया देते हुए माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने कड़ा रुख अपनाया है। बोर्ड ने साफ कहा है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस जांच शुरू हो चुकी है। श्राइन बोर्ड इस बात की भी जांच कर रहा है कि क्या इस

- **सुरक्षा कारणों से भवन के अंदर फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी पर है पूरी तरह से प्रतिबंध**
- **वीडियो प्रसारित होने के बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने मामला दर्ज करवाया**

हरकत में बोर्ड के किसी कर्मचारी की मिलीभगत थी। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि यदि कोई कर्मचारी इसमें संलिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। याद रहे माता वैष्णो देवी की पवित्र तीनों पिंडियों के दर्शन के लिए प्रधानमंत्री से लेकर देश के बड़े से बड़े दिग्गज नेता और फिल्मी हस्तियां पहुंचती हैं। लेकिन सुरक्षा और मर्यादा के नियमों के कारण किसी को भी भवन के अंदर मोबाइल या कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं होती। श्राइन बोर्ड के सख्त निर्देशों के मुताबिक भवन परिसर में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद एक आम कंटेंट क्रिएटर का कैमरा लेकर वहां तक पहुंच जाना यह बताता है कि चेकिंग के दौरान कितनी बड़ी लापरवाही हुई है।




# भारत के धुरंधर पाक को पस्त कर दबदबा बनाए रखने को मुस्तैद

## भारत ने टी-20 विश्व कप में अब तक हुए आठ में सात मैच जीते, जबकि पाकिस्तान मात्र एक

- पाक स्पिनर तारिक का तोड़ हैं भारत के हार्दिक व शिवम दुबे
- भारत को साहिबजादा फरहान से चौकस रहना होगा

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 14 फरवरी (देशबन्धु)। पाकिस्तान का भारत के खिलाफ आईसीसी टी 20क्रिकेट विश्व कप मैच के बहिष्कार का 'नाटक' खत्म हो चुका है। सूर्य कुमार यादव की अगुआई में भारत के धुरंधर अब पाकिस्तान को रविवार को कोलंबो के प्रेमदास स्टेडियम की धीमी पिच पर ग्रुप ए मैच में भी पूरी तरह फोकस हो पस्त कर अपना दबदबा बनाए रखने को मुस्तैद हैं। भारत ने दोनों देशों के बीच टी 20 विश्व कप में अब तक हुए आठ में सात मैच जीते जबकि पाकिस्तान मात्र एक बार दुबई में केवल 2021 के संस्करण में जीत पाया है। भारत ने एशिया के साथ वैश्विक मंच पर पाकिस्तान के खिलाफ अपना दबदबा जारी रखा है। भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को बीते बरस टी 20 एशिया में ग्रुप मैच में सात विकेट, सुपर 4 में छह विकेट और फाइनल में पांच विकेट से


रविवार का मैच : भारत बनाम पाकिस्तान (कोलंबो, शाम 7 बजे से)।

शिकस्त सहित उससे तीनों मैच जीत खिताब जीता था। भारत ने पाकिस्तान से अपने पिछले पांचों मैच जीते हैं और इसका उसे बेशक मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा। दोनों टीमों ने मौजूदा टी 20 विश्व कप में ग्रुप ए में शुरू के अपने अपने दो -दो मैच जीते हैं लेकिन भारत अपनी बेहतर नेट रन रेट के चलते शीर्ष पर है।

भारत के कप्तान सूर्य, इशान किशन,तिलक वर्मा और खासतौर पर हार्दिक पांडया और शिवम दुबे की की कोशिश 'संदिग्ध' गेंदबाजी को लेकर सुर्खियों में रहे पाकिस्तान द्वारा अपनी तुरुप के इक्के बताए जा रहे ऑफ स्पिनर उस्मान तारीक को अपने जेहन पर हावी होने की बजाय अपनी नैसर्गिक बल्लेबाजी करने की होगी। हकीकत यह है कि भारत के पास हार्दिक व शिवम दुबे पाकिस्तान मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक का तोड़ हैं। भारत रविवार को पाकिस्तान को भी हरा अपना अजेयक्रम जारी रख कर जीत की हैट्रिक के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रह सुपर 8 में स्थान बनाने को बेताब है। उस्मान तारिक सहित पाकिस्तान स्पिनरों को उसकी तुरुप का इक्का बताने और उनसे निपटने के बीच कोई दुनिया के नंबर 1 टी 20 गेंदबाज भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के बेहद कंजूस और सटीक स्पिनर अक्षर पटेल की चर्चा की चर्चा ही नहीं कर रहा। भारत के पास भी वरुण और अक्षर के साथ कुलदीप यादव और यदि आखिर में अभिषेक शर्मा मैच फिट होने के चलते नहीं खेल पाते हैं तो फिर बजाय संजू सैमसन के वाशिंगटन सुंदर के रूप में चौथा स्पिन विकल्प भी है। वरुण, अक्षर के साथ कुलदीप यादव को उतार भारत पलटवार कर तीन स्पिनरों को उतार कर उसे उसके ही दांव में उलझा सकता है।

रविवार को पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक और बीते बरस एशिया कप में दो अर्द्धशतकों सहित 155 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान से भारत को चौकस रहना होगा। पाकिस्तान की सबसे बड़ी दिक्कत है उसकी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान(दो मैच, कुल 120 रन) को छोड़ उसका शीर्षक्रम और मध्यक्रम बुरी तरह लड़खड़ाया दिखा।

इसका अंदाज इसी बात से लग सकता है नीदरलैंड द्वारा पहले मैच में जीत के लिए 148 रन का पीछा करने में ही पाकिस्तान को जिस तरह पसीना आ गया और तीन गेंद के बाकी रहते मात्र तीन विकेट से जीत पाया। ऐसे में फरहान सस्ते में आउट हो गए तो फिर पाकिस्तान की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह सकती है। पाकिस्तान ने अपने शुरू के दोनों मैच कोलंबो में खेले है और करीब एक पखवाड़े से श्रीलंका में है।

### दिल तो नहीं मिलेंगे, क्या हाथ मिलाएंगे कप्तान

भारत ने बीते बरस जब टी-20 एशिया कप जीतने के बाद पीसीबी और एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था वह जिस तरह 'ट्रॉफी' लेकर भाग गए उससे उनकी खूब जग हंसाई हुई। भारत को एशिया जीतने की यह ट्रॉफी आज तक नहीं मिली है। भारत के कप्तान सूर्य कुमार यादव ने तब पाकिस्तान कप्तान सलमाग आगा से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दोनों कप्तान रविवार को कोलंबो में मैच से पहले हाथ मिलाते हैं या नहीं। हाथ मिले या न मिले लेकिन पाकिस्तान की ओछी हरकतों के चलते एक बात तो साफ है कि भारत का दिल तो उससे नहीं मिलेगा। इसकी कड़वाहट रविवार को भी दिख सकती है। ऐसे में कप्तान सूर्य कुमार यादव का अपने भारतीय धुरंधरों के मंत्र इस बेहद तनावपूर्ण मुकाबले के लिए संदेश धैर्य धर एकाग्र होकर खेलने का होगा। पाकिस्तान के बांग्लादेश के भारत में खेलने से इनकार करने और अपने सभी मैच श्रीलंका में कराए जाने पर अड़े रहने पर आईसीसी ने मौजूदा आईसीसी टी 20 विश्व कप से उसे बाहर कर दिया था। इससे बड़ा मजाक और क्या हो सकता है कि बांग्लादेश के समर्थन में उसने केवल भारत के खिलाफ न खेलने बहाना बनाया।

### पाकिस्तान को इस बार हराना आसान नहीं होगा: तिवारी



**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच श्रीलंका के कोलंबो में 15 फरवरी को होने वाले मैच को लेकर पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा कि इस बार पाकिस्तान को हराना आसान नहीं होगा। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा कि इंडिया साफ तौर पर फेवरेट है-इसमें कोई शक नहीं। हालांकि, इस बार पाकिस्तान को हराना आसान नहीं होगा, क्योंकि वे कड़ी टक्कर देंगे। हमारी टीम हर डिपार्टमेंट में बहुत मजबूत दिख रही है। बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग-सभी जगह अच्छी तरह कवर हैं। चाहे ओपनिंग जोड़ी देखें, मिडिल ऑर्डर हो, स्पिनर हों या फास्ट बॉलर-इंडिया के पास हर जगह सॉलिड ऑप्शन हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि पाकिस्तान की टीम में दो-तीन खिलाड़ी भारतीय टीम को परेशान कर सकते हैं। यह पिछले मैचों की तरह एकतरफा नहीं होगा। पाकिस्तान के बारे में कोई भी टिप्पणी नहीं की जा सकती-क्योंकि, वे जीता हुआ मैच हार सकते हैं और हारा हुआ मैच जीत सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि अच्छा मैच होगा, जो टीम बेहतर खेलेगी, वही जीतेगी।

## आयरलैंड की पहली जीत, ओमान को 96 रन से हराया

- आमिर ने 29 गेंदों से 50 रन जड़े

कोलंबो, 14 फरवरी (एजेंसियां)। सिंहली स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड, कोलंबो में टी-20 विश्व कप 2026 के ग्रुप बी का मुकाबला शनिवार को आयरलैंड और ओमान के बीच खेला गया। आयरलैंड ने शानदार खेल दिखाते हुए ओमान पर 96 रन से बड़ी जीत दर्ज की है। 236 रन के पहाड़ से लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की टीम की तरफ से सिर्फ 2 बल्लेबाज ही आयरलैंड के गेंदबाजों का मजबूती से सामना कर सके। सलामी बल्लेबाज आमिर कलीम ने 29 गेंद पर 2 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली। इसके अलावा चौथे नंबर पर आए हम्माद मिर्जा ने 37 गेंद पर 1 छक्का और 6 चौकों की मदद से 46 रन बनाए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सूफयान महमूद 10 रन बनाकर तीसरे श्रेष्ठ स्कोरर रहे। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दो अंकों में प्रवेश नहीं कर सका। ओमान की टीम 18 ओवर में 139 पर



सिमट गई। आयरलैंड के लिए जोशुआ लिटिल ने 4 ओवर में 16 रन देकर 3, मैथ्यू हम्फ्रेस ने 4 ओवर में 27 रन देकर 2, और बैकी मैकार्थी ने 3 ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट लिए। जॉर्ज डॉकरेल ने 1 विकेट लिया।ध्टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड ने खराब शुरुआत के बावजूद 5 विकेट पर 235 रन बनाए थे। एक समय 64 रन पर 4 विकेट गंवाकर मुश्किल में फंसी आयरलैंड कप्तान लॉर्कन टकर के 51 गेंदों पर 4 छक्कों और 10 चौकों की मदद से बनाए नाबाद 94 और गारेथ डेलानी के 30 गेंदों पर 4 छक्कों और 3 चौकों की मदद से बनाए 56 रनों और इन दोनों के बीच 5वें विकेट के लिए 56 गेंदों पर हुई 101 रन की साझेदारी के दम पर आयरलैंड ने 5 विकेट पर 235 रन बनाए।

### आमिर अर्द्धशतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

कोलंबो। ओमान के अनुभवी ऑलराउंडर आमिर कलीम टी-20 वर्ल्ड कप में अर्द्धशतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने शनिवार को सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में आयरलैंड के विरुद्ध 44 साल 86 दिन की उम्र में अर्द्धशतक लगाया। 28 गेंदों में अर्द्धशतक लगाते हुए आमिर कलीम ने अपनी ही टीम के साथी मोहम्मद नदीम के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने इसी विश्व कप में श्रीलंका के विरुद्ध 43 साल और 161 दिन की उम्र में अर्द्धशतकीय पारी खेली थी। इस लिस्ट में श्रीलंकाई दिग्गज सनथ जयसूर्या तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने टी-20 वर्ल्ड कप 2009 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 39 साल 345 दिन की उम्र में अर्द्धशतक लगाया था। आमिर हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे।

## इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया

**कोलकाता,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के 23वें मुकाबले में 5 विकेट से मात दी। यह टूर्नामेंट में इंग्लैंड की दूसरी जीत रही, जिसके साथ टीम ने ग्रुप-सी की प्वाइंट्स टेबल में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। ईडन गार्डन्स में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी स्कॉटलैंड की टीम 19.4 ओवरों में महज 152 रन पर सिमट गई। इस टीम को 18 के स्कोर तक 2 झटके लग चुके थे, जिसके बाद कप्तान रिची बेरिंगटन ने माइकल जोन्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 24 रन की साझेदारी की। जोन्स 20 गेंदों में 6 बाउंड्री के साथ 33 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद बेरिंगटन ने टॉम ब्रूस के साथ चौथे विकेट के लिए 41 गेंदों में 71 रन जोड़ते हुए टीम को 113 के स्कोर तक पहुंचाया। रिची बेरिंगटन ने 32 गेंदों में 2 छक्कों और 5 चौकों के साथ



- यह टूर्नामेंट में इंग्लैंड की दूसरी जीत रही

49 रन बनाए, जबकि टॉम ब्रूस 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इनके अलावा, ओलिवर डेविडसन ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से आदिल रशीद ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि जोफ्रा आर्चर और लियाम डॉसन ने 2-2 विकेट निकाले। एक-एक विकेट जेमी ओवरटन और सैम करन ने हासिल किया। इसके जवाब में इंग्लैंड ने 18.2 ओवरों में जीत दर्ज कर ली।

## वोल्वार्ट, खाका ने दक्षिण अफ्रीका को सीरीज जिताई

**बेनोनी,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। अयाबोंगा खाका के ज़बरदस्त स्पेल और कप्तान लौरा वोल्वार्ट के 29 गेंदों पर नाबाद 40 रनों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बारिश से बाधित दूसरे टी20 में पाकिस्तान की महिला टीम को छह विकेट से हराया। मेजबान टीम ने 14 ओवर के मैच में पाकिस्तान को 9 विकेट पर 100 रन पर रोक दिया और फिर चार गेंद बाकी रहते टारगेट हासिल कर लिया, जिससे उसे तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बन गई। 101 रन का पीछा करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने तजमिन ब्रिट्स और सुने लुस की मदद से अच्छी शुरुआत की और जल्दी से 30 रन जोड़े, इससे पहले सादिया इकबाल ने लुस को पगबाधा आउट कर दिया। विकेट ने थोड़ी देर के लिए रन बनाने की रफ़्तार रोक दी, लेकिन ब्रिट्स ने बाउंड्री लगाना जारी रखा, जबकि वोल्वार्ट ने जम कर खेला, दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़कर रन रेट को कंट्रोल में रखा। पाकिस्तान ने बीच के ओवरों में ब्रिट्स और डेन वैन नीकर्क सहित कुछ विकेट लेकर वापसी की, जिससे दक्षिण अफ्रीका को आखिरी चार ओवरों में 30 रन चाहिए थे।

## कप्तानी की मुश्किलों का पता होता तो कम उम्र में कप्तान न बनता : होल्डर

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान जेसन होल्डर ने कहा है कि कप्तानी एक मुश्किल अनुभव है। अगर उन्हें इस बात की जानकारी रही होती, तो बहुत कम उम्र में उन्होंने वेस्टइंडीज की कप्तानी को स्वीकार नहीं किया होता। 23 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के कप्तान बनाए गए जेसन होल्डर ने जियोस्टार पर कहा, 'जब मैंने कप्तानी संभाली, तो मुझे नहीं पता था कि मैदान के बाहर मुझे इतना कुछ करना होगा। जब मैंने इसे स्वीकार किया, तो मैंने इसे मैदान पर प्रदर्शन और गेम के दौरान खिलाड़ियों को मैनेज करने के नजरिए से ज्यादा देखा, लेकिन उस समय कप्तानी संभालना और मैदान के बाहर की सभी चीजों, जिसमें चयन और ये सभी अलग-अलग चीजें शामिल हैं, से निपटना मुश्किल था।' उन्होंने कहा,



'हालांकि, मुझे नहीं लगता कि अगर मैं उस अनुभव से नहीं गुजरा होता, तो मैं आज वह इंसान होता जो मैं हूं। मुझे जिंदगी में इसका कोई अफसोस नहीं है, लेकिन अगर मुझे तब पता होता जो मुझे अब पता है, तो शायद मैंने उस समय यह काम नहीं किया होता। अब यह समझते हुए कि कप्तानी में क्या होता है और देश का नेतृत्व करने का क्या मतलब है, शायद मैंने अपने करियर में इतनी जल्दी यह काम नहीं किया होता।' 2016 विश्व कप कैंपेन को याद करते हुए होल्डर ने कहा, '2016 का वह कैंपेन मुश्किल था, खासकर शुरुआत में।

## नेपाल के खिलाफ वेस्ट इंडीज की नजरें लगातार जीत पर

मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में जब अपराजित वेस्टइंडीज का सामना पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप सी के हाई-स्टेक मुकाबले में नेपाल से होगा, तो रोमांच देखने को मिलेगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा। कैरेबियाई टीम जबरदस्त फॉर्म में है, उसने शुरुआती दोनों गेम जीते हैं, जिसमें टूर्नामेंट की फेवरेट टीमों में से एक इंग्लैंड पर 30 रन की शानदार जीत भी शामिल है। शेरफेन रदरफोर्ड को कोई रोक नहीं सका, उन्होंने सिर्फ़ 41 गेंदों पर 76 रन बनाए, जबकि शिमरोन हेटमायर ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच में मैच जिताने वाली 64 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के बॉलर्स ने भी गेंदबाजी का कमाल दिखाया है। रोमारियो शेफर्ड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 5/20 विकेट लिए, और गुडाकेश मोती ने इंग्लैंड के खिलाफ अहम तीन विकेट लिए। हालांकि कप्तान शाई होप और ओपनर ब्रैंडन किंग टॉप पर स्ट्रगल कर रहे हैं,



आज वेस्टइंडीज का सामना नेपाल से होगा

लेकिन मिडिल ऑर्डर और बॉलिंग अटैक ने टीम को परफेक्शन तक पहुंचाया है।

इस बीच, नेपाल अभी भी अपने पहले पॉइंट की तलाश में है। राइनोज़ इंग्लैंड के खिलाफ बहुत करीब आ गए थे, सिर्फ 4 रन से हार गए, लेकिन डेब्यू कर रही इटली ने उन्हें 10 विकेट से बुरी तरह हराया, और पूरी टीम 123 रन पर आउट हो गई। खास खिलाड़ी रोहित पौडेल और आसिफ शेख फिर से चमक सकते हैं, जबकि लेग-स्पिनर संदीप लैमिछाने स्पिन-फ्रेंडली वानखेड़े ट्रैक पर नेपाल की उम्मीद होंगे, जिसने चार मैचों में स्पिनरों को 24 विकेट दिए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर देने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**सिडनी,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। भारत अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से उत्साहित है और दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया के

- भारत अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से है उत्साहित

पिछले ताजों में से एक हासिल कर चुका है - अब, वे पूरे आत्मविश्वास के साथ सिडनी पहुंचे हैं और उनके पास सभी फॉर्मेट की सबसे अच्छी टीम होने का दावा करने का मौका है। रविवार को सिडनी में पहला टी-20 मैच, पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में




ऑस्ट्रेलिया को चौंकाने के बाद दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पहली मुलाकात होगी, जिसमें भारत ने टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम को बाहर कर दिया था और फिर अपना पहला सीनियर महिला आईसीसी खिताब जीता था। उस जीत के बाद, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना सहित भारत की सीनियर खिलाड़ियों ने कहा कि वे एक ट्रॉफी से संतुष्ट नहीं हैं, और इसके बजाय उनकी नजर दुनिया पर राज करने पर है। ऑस्ट्रेलिया को - जो दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में दुनिया की

> हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं : हरमनप्रीत कौर

टॉप रैंक वाली टीम बनी हुई है (महिलाओं के लिए कोई टेस्ट रैंकिंग नहीं है) - उनकी धरती पर हराना उस वर्ल्ड डॉमिनेशन' बॉक्स में एक सीरियस टिक होगा। शनिवार को सिडनी में कौर ने कहा, 'हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप जीतना उनमें से एक था, इसलिए हम सही रास्ते पर हैं। हम बस सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उम्मीद है कि जब भी हम खेलेंगे तो अपना बेस्ट देते रहेंगे। हम जानते हैं (ऑस्ट्रेलिया) बहुत मजबूत है।

## फ्रिट्ज, शेल्टन, शापोवालोव और सिलिच सेमीफाइनल में

**डलास,** 14 फरवरी (एजेंसियां) टेलर फ्रिट्ज, बेन शेल्टन, डेनिस शापोवालोव और मारिन सिलिक ने अपने क्वार्टर-फ़ाइनल मैच जीत कर नेक्सो डलास ओपन सेमीफ़ाइनल में जगह बना ली है। टेलर फ्रिट्ज़ ने शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले और चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2), 6-4, 7-6(5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। 4-5, 30/15 पहले सेट में, फ्रिट्ज ने एक अजीब बैकहैंड फ्लिक मारा जिससे तेज दर्द हुआ और उसी गेम में फिजियो को दिखाना पड़ा। पिछले साल लगी चोटों के बारे में पूरे हफ्ते बात करने के बाद, यह एक खतरनाक नज़ारा था। फ्रिट्ज़ की चोट पर काम हुआ और उन्हें अभी भी दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन उतना तेज नहीं। फिजियो ने उन्हें कई बार देखा, जिससे उन्हें मदद मिली। फिर भी, फ्रिट्ज को कोर्डा से निपटना पड़ा, जिन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में 5/4 पर सर्व किया। लेकिन एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 15 के खिलाड़ी ने लगातार फोरहैंड गलतियां कीं, जिससे फ्रिट्ज बच निकले। टॉप सीड खिलाड़ी ने 22 एस मारे और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए। फ्रिट्ज़ का अगला मुकाबला पहले वर्ल्ड नंबर 3 मारिन सिलिच से होगा, जिन्होंने सिर्फ 78 मिनट में ब्रेकथ्रू ब्रिटन जैक पिनिंगटन जोन्स को 6-1, 6-4 से हराया।

## सार संक्षेप

### मुचोवा और म्बोको में होगा खिताबी मुकाबला

**दोहा।** चेक की कैरोलिना मुचोवा शनिवार को दोहा में ग्रीस की मारिया सकारी पर तीन सेट की जीत के साथ कतर टोटलएनर्जीज़ ओपन के फाइनल में पहुंच गईं।इस जीत ने मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि वह इस लेवल पर अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं।डब्ल्यूटीए टूर पर पिछली चार मुलाकातों में मुचोवा सकारी से कभी नहीं हारी थीं, लेकिन यह सिलसिला खतरे में दिख रहा था जब सकारी ने लगातार पांच गेम जीतकर 6-3, 2-0 की बढ़त बना ली। मुचोवा ने अपना अग्रेसिव स्टाइल जारी रखते हुए लगातार पांच गेम जीते और दूसरे सेट में 5-2 से आगे हो गईं। हालांकि सकारी ने अंतर 5-4 कर दिया, लेकिन मुचोवा ने मजबूती से सेट 6-4 से जीता और फिर तीसरा सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। यह 29 साल की खिलाड़ी के लिए सीजन का दूसरा सेमीफ़ाइनल था और साल की उनकी 11वीं जीत थी - सिर्फ़ 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको के बाद दूसरी जीत, जिन्होंने शनिवार को येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की और अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 फ़ाइनल में पहुँचीं।

### सेरुंडोलो अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** टॉप सीड और लोकल फेवरेट फ्रांसिस्को सेरुंडोलो शुक्रवार को चेक विट कोप्रिवा को 6-4, 6-3 से हराकर अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। सेरुंडोलो, जो एटीपी टूर में 19वें नंबर पर हैं, ने अपने पहले सर्व पर 74 परसेंट पॉइंट जीते और 12 में से पांच ब्रेक पॉइंट को कन्वर्ट करके ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे 38 मिनट में जीत हासिल की। वर्ल्ड नंबर 95 कोप्रिवा ने चार डबल फॉल्ट किए और 31 अनफोर्स्ड गलतियां कीं। 27 साल के सेरुंडोलो ने कहा, 'यह एक मुश्किल मैच था। बहुत तेज़ हवा चल रही थी और ऐसे पल भी आए जब आपने बॉल मारी और पता नहीं चला कि वह कहाँ जा रही है। उसने बहुत अग्रेसिव, इंटेंस और फ्लैट, लो खेलना शुरू किया। मुझे इसकी आदत नहीं थी। मैंने अच्छा नहीं खेला और मुझे अनकम्फर्टेबल महसूस हुआ, इसलिए मैं जीतकर बहुत खुश हूँ।'

### साथियान ने बनाई मेंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जगह

**चेन्नई।** डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2026 में चौथी सीड हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने मिक्स्ड डबल्स फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं, साथियान जी. ने अपने पहले मेंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। तमिलनाडु फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में देसाई और घोरपड़े ने ऑल-इंडियन मिक्स्ड डबल्स सेमीफाइनल में पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए वाइल्ड कार्ड पायस जैन और सिंड्रेला दास को 3-0 (11-9, 11-6, 11-9) से शिकस्त दी। अब उनका सामना रोमानिया के दूसरे सीड एडुआर्ड इओनेस्कु और बर्नाडेट स्जोक्स से होगा।इससे पहले, साथियान ने मेंस सिंगल्स में भारत की उम्मीदों को जीवित रखा। वह 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इओनेस्कु को 3-2 (9-11, 11-3, 10-12, 11-7, 11-5) से हराकर आगे बढ़े।


SENSEX BSE 82626.76 ▼1048.16 NSE 25471.10 ▼ 336.10 MCX Gold 156200 ▲305 silver 244999 ▲ 8564

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## सोना चमका, चांदी की चमक पड़ी फीकी

**नई दिल्ली।** 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन-डे पर घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली है, जबकि चांदी में हल्की कमजोरी बनी हुई है। अंतर्राष्ट्रीय संकेतों और निवेशकों की खरीदारी के चलते सोने के भाव में सुधार हुआ है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,57,900 रुपए और 22 कैरेट 1,44,750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना करीब 1,57,750 रुपए और 22 कैरेट 1,44,600 रुपए प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड 1,55,770 रुपए और 22 कैरेट 1,44,600 रुपए प्रति 10 ग्राम है।



## बदल गए यूपीआई के बड़े नियम, क्या हुआ बदलाव

*__नई दिल्ली।__ 14 फरवरी 2026 से यूपीआई यूजर्स के लिए कई नए नियम लागू हो गए हैं। एनपीसीआई ने ये बदलाव यूपीआई सिस्टम को तेज, सुरक्षित और बैंक सर्वर पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के लिए किए हैं। आज देश में लोग गूगल-पे, फोन-पे और पेटीएम जैसे ऐप्स से रोजाना पेमेंट करते हैं, इसलिए ये नए नियम आम यूजर्स और व्यापारियों दोनों पर लागू होंगे।*

**बैलेंस चेक की नई लिमिट-** अब हर यूपीआई ऐप पर एक दिन में सिर्फ 50 बार बैंक अकाउंट बैलेंस चेक किया जा सकेगा। अगर कोई व्यक्ति दो ऐप्स इस्तेमाल करता है तो कुल-मिलाकर 100 बार बैलेंस चेक कर पाएगा। इससे बैंक सर्वर पर अनावश्यक लोड कम होगा और ट्रांजेक्शन ज्यादा स्मूथ रहेंगे।

**अकाउंट डिटेल्स देखने पर भी सीमा-** लिंक्ड बैंक अकाउंट की डिटेल्स देखने के लिए लिस्ट अकाउंट एपीआई की रिक्वेस्ट अब हर ऐप में दिन में सिर्फ 25 बार ही हो सकेगी।

यह नियम सिस्टम पर बढ़ते दबाव को कम करने और यूपीआई की स्पीड बेहतर बनाए रखने के लिए लागू किया गया है। आम यूजर्स पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि ज्यादातर लोग इतनी बार अकाउंट डिटेल्स चेक नहीं करते।

**क्रेडिट लाइन से पेमेंट का नया फीचर-** अगस्त 2026 से यूपीआई पर प्री-अप्रूव्ड क्रेडिट लाइन से पेमेंट




और पैसे निकालने की सुविधा शुरू होगी। फरवरी से इसकी तैयारी से जुड़े कुछ नियम लागू किए गए हैं। यह सुविधा क्रेडिट कार्ड जैसी होगी, लेकिन बिना फिजिकल कार्ड के, **जिससे छोटे लोन और डिजिटल पेमेंट्स और आसान हो जाएंगे।**

**क्यों किए गए ये बदलाव?-** यूपीआई पर हर दिन लाखों करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन होते हैं। फेल ट्रांजेक्शन कम करने, फ्रॉड रोकने और सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए ये नए नियम लागू किए गए हैं। इससे यूजर्स को ज्यादा सुरक्षित और तेज डिजिटल पेमेंट अनुभव मिलेगा।

## भारत के गोल्ड रिजर्व में बड़ी गिरावट, आरबीआई के आंकड़ों ने चौंकाया

*__नई दिल्ली।__ देश के विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा जारी ताजा डेटा के मुताबिक सिर्फ एक हफ्ते में भारत के गोल्ड रिजर्व में 14 अरब डॉलर से ज्यादा की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जिसे रुपए में देखें तो करीब 1.28 लाख करोड़ रुपए का सोना कम हुआ है।*

हालांकि इसी दौरान फॉरेन करेंसी असेट्स में 7.5 अरब डॉलर से ज्यादा की बढ़ोत्तरी भी हुई, लेकिन गोल्ड होल्डिंग में तेज कमी के चलते कुल विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 6.7 अरब डॉलर की गिरावट देखने को मिली है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में भारत का कुल फॉरेक्स रिजर्व 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। लगातार चार हफ्तों की बढ़ोत्तरी के बाद यह पहली गिरावट है और इसी के साथ भंडार अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे आ गया है। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, भंडार 14.361 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर लाइफ टाइम हाई 723.774 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया



था।

**गोल्ड रिजर्व में बड़ी कमी**

इस सप्ताह गोल्ड रिजर्व में तेज गिरावट दर्ज की गई। आंकड़ों के मुताबिक सोने का भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह इसमें 14.595 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी और उससे पहले चार हफ्तों तक लगातार तेजी देखने को मिली थी।

**करेंसी असेट्स में बढ़ोत्तरी**

फॉरेन करेंसी असेट्स, जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा होते हैं, 7.661 अरब डॉलर बढ़कर 570.053 अरब डॉलर हो गए। इसमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का असर शामिल होता है।

## अब प्रतिस्पर्धी दाम पर मिलेगा क्रूड ऑइल : पीयूष गोयल



*__नई दिल्ली।__ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता देश की ऊर्जा जरूरतों को भी शामिल करेगा और इससे भारत को कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर हासिल करने में मदद मिलेगी। गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है।*

**500 अरब डॉलर में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जरूरतें शामिल-** उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 500 अरब डॉलर के व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी भारत की ऊर्जा जरूरतें भी शामिल होंगी। गोयल ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और इसकी ऊर्जा मांग प्रतिवर्ष लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। आयात बढ़ाने और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या अधिक होने से कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्राप्त किया जा सकेगा। भारत और अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति की घोषणा की थी, जिसके तहत कई वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती कर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा।

समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक श्रंखला पर आयात शुल्क खत्म कर देगा या उसमें कटौती करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान में करीब 14 करोड़ टन इस्पात का वार्षिक उत्पादन करता है और आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की उम्मीद है। इसके लिए देश को इस्पात निर्माण में प्रयुक्त विशेष कोयला कोकिंग कोल की जरूरत होगी, जिसका आयात फिलहाल लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपए का है और इसके तीन लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत कोकिंग कोल के आयात के लिए दो-तीन देशों पर निर्भर है और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धी मूल्य और आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गोयल ने कहा कि अमेरिका बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और वितरण से जुड़े उत्पादों में मजबूत है और भारत इन क्षेत्रों में अधिक पहुंच चाहता है, ताकि

## आरबीआई की बड़ी कार्रवाई, कई बैंक-एनबीएफसी पर लगाया लाखों का जुर्माना

*__नई दिल्ल।__ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामकीय निर्देशों का पालन न करने के मामले में कई बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है।*

केंद्रीय बैंक ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 32.50 लाख रुपए, डीसीबी बैंक पर 29.60 लाख रुपए और सीएसबी पर 63.60 लाख रुपए का दंड लगाया है। इसके अलावा नवी फिनसर्व पर 3.80 लाख रुपए और आईआईएफएल फाइनेंस पर 5.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई के मुताबिक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने स्वयं सहायता समूह (एसएसजी) से जुड़े डेटा को क्रेडिट सूचना कंपनियों के साथ साझा नहीं किया और कुछ खातों में वास्तविक लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित करने में कमी पाई गई। सीएसबी बैंक पर इसलिए कार्रवाई हुई, क्योंकि उसने बैंक प्रतिनिधियों के साथ निर्धारित दायरे से बाहर कार्यों के लिए समझौता किया और कुछ बचत खातों पर शुल्क लगाने से पहले ग्राहकों को स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

वहीं डीसीबी बैंक के मामले में पाया गया कि कुछ गैर-कृषि गोल्ड लोन खातों में निर्धारित लोन-टू-वैल्यू अनुपात को ऋण अवधि के दौरान बनाए नहीं रखा गया। आईआईएफएल फाइनेंस पुनर्गठन के दौरान कुछ खातों को सही तरीके से एनपीए के रूप में वर्गीकृत करने में विफल रहा। सके अलावा नवी फिनसर्व पर आरोप है कि उसने बकाया ऋण की वसूली के दौरान ग्राहकों से अनुचित समय पर संपर्क किया और संदेश भेजने में तय आचार संहिता का पालन नहीं किया। आरबीआई ने कहा कि इन सभी मामलों में नियामकीय मानकों के उल्लंघन के कारण संबंधित संस्थानों पर मौद्रिक दंड लगाया गया है।

## वैलेंटाइन डे के चलते ई-कॉमर्स बिक्री 60 प्रतिशत तक बढ़ी, फूल-चॉकलेट की मांग में भी उछाल

*__नई दिल्ली।__ वैलेंटाइन डे के चलते ई-कॉमर्स और गिफ्टिंग प्लेटफॉर्म पर बिक्री एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 60 प्रतिशत तक बढ़ी।*

इस साल ग्राहक फूल, चॉकलेट, व्यक्तिगत सामान और अनुभव को बेहतर करने वाले गिफ्ट पर खूब खर्च किया। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि इस वृद्धि को डिजिटल प्लेटफॉर्म, टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में क्विक डिलिवरी की पहुंच, प्रीमियम उत्पादों की मांग और आक्रामक प्रचार-प्रसार से रफ्तार मिल रही है।

फ्लिपकार्ट के उपाध्यक्ष (वृद्धि एवं मार्केटिंग) प्रतीक शेट्टी ने कहा, इस सीजन में वैलेंटाइन डे से संबंधित श्रेणियों में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 58 प्रतिशत की वृद्धि दिखी है। साथ ही ग्राहकों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो जबरदस्त तालमेल के साथ-साथ नए ग्राहकों की भागीदारी को दर्शाती है। शेट्टी ने कहा कि जहां तक मांग की बात है तो केक एवं पेस्ट्री में 7.7 गुना, नमकीन में 6.6 गुना, कुकीज एवं बिस्किट में 6.5 गुना, चॉकलेट में 6 गुना और हाईलाइटर जैसे सौंदर्य उत्पाद में 2.7 गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। एमेजॉन इंडिया के उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्लेटफॉर्म पर प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा, वैलेंटाइन डे साल के एक महत्वपूर्ण गिफ्टिंग अवसर के रूप में विकसित हो रहा है। इस दौरान हम



चॉकलेट, ताजे फूल, फ्रेगरेंस, ज्वैलरी, ब्यूटी, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और गिफ्ट कार्ड जैसी श्रेणियों में दमदार वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह विशेष अवसरों को मनाने के लिए ग्राहकों के बीच बढ़ते उत्साह को दर्शाता है, जहां प्रीमियम और क्यूरेटेड गिफ्टिंग विकल्पों के प्रति रुझान बढ़ रहा है। सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (सॉस) प्लेटफॉर्म यूनिकोमर्स के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि 1 से 10 फरवरी के बीच क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म, मार्केटप्लेस और ब्रांड वेबसाइटों पर 1.5 करोड़ से अधिक ऑर्डर प्रॉसेस किए गए। साल 2023 की समान अवधि के मुकाबले ई-कॉमर्स की मात्रात्मक बिक्री में लगभग 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ऑर्डर की मात्रा में 48 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्विगी इंस्टामार्ट के प्रवक्ता ने कहा, हमने इस साल वैलेंटाइन गिफ्टिंग में भारी वृद्धि देखी है जहां ज्वैलरी, ग्रीटिंग कार्ड एवं खिलौने जैसी प्रमुख श्रणियों में पिछले साल के मुकाबले 10 गुना तक वृद्धि हुई है। इससे प्रीमियम उत्पादों की ओर ग्राहकों के झुकाव और क्यूरेटेड हैंपर्स के प्रति आकर्षण जैसे बदलाव का पता चलता है।

## सेंट्रल बैंक ने किया राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान का आयोजन


*__जबलपुर, देशबन्धु।__ 13 फरवरी को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा संस्कृत थिएटर, भंवरताल गार्डन, जबलपुर में राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पीके मिश्रा, कुलपति, जेएनकेवीवी रहे।*

कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित कुमार, डीजीएम, केंद्रीय कार्यालय मुंबई द्वारा की गई। इस अवसर पर कुमार ने राइस मिल एवं दाल मिल उद्योग हेतु फूड क्लस्टर प्रोडक्ट का विशेष शुभारंभ (लॉन्च) किया। मंचासीन विशिष्ट अतिथियों में अविनाश कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर; डॉ. अमित शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,



जेएनकेवीवी, तथा अतुल कुमार श्रीवास्तव, डीन, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में रवि अमरावंशी, उपसंचालक कृषि; डॉ. नेहा पटेल, उपसंचालक उद्यानिकी; डॉ. दीपक शिव,विभाग प्रमुख पशु चिकित्सा विभाग, सुश्री अंजुला झा, जिला परियोजना प्रबंधक (एनआरएलएम), अपूर्व गुप्ता, डीडीए, नाबार्ड; एनएल मेहरा, सहायक अभियंता, अमित झा सहित अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 400 से अधिक कृषकों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं बैंक सखियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर 25 करोड़ से अधिक के कृषि एवं संबद्ध ऋण स्वीकृत एवं वितरित किए गए। विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति एवं वितरण पर विशेष जोर दिया गया। डॉ. पीके मिश्राने वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया तथा बैंक एवं विश्वविद्यालय के समन्वय को किसानों के हित में उपयोगी बताया। मंच संचालन दीपक गौतम, मुख्य प्रबंधक एवं अभ्यदा अग्निहोत्री ने किया।

## इंडिगो की बढ़ी मुश्किलें, जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले में लगा 1.27 करोड़ का भारी जुर्माना



*__नई दिल्ली।__ इंडिगो एयरलाइन पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट मामले में 1.27 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है, जिसे कंपनी ने त्रुटिपूर्ण बताते हुए चुनौती देने का फैसला किया है। यह जुर्माना जुलाई 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए है और कंपनी को अपने पक्ष में मजबूत दलीलें होने का विश्वास है।*

इंडिगो पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित 1.27 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। एयरलाइन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इंडिगो ने कहा है कि वह इस आदेश को चुनौती देगी। बीएसई को दी गई जानकारी में, एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने कहा कि उसे जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित नोटिस मिला है। साथ ही, मुंबई के बांद्रा स्थित संयुक्त राज्य कर आयुक्त कार्यालय (अपील) ने ब्याज और जुर्माने के साथ राशि वसूलने का आदेश भी भेजा है। कंपनी का मानना है कि अधिकारियों द्वारा पारित आदेश त्रुटिपूर्ण है और उसका पक्ष मजबूत है। कुल 1.27 करोड़ रुपए का जुर्माना जुलाई 2017 से मार्च 2018 की अवधि के लिए है।

## कई राज्यों के रेरा प्राधिकरण प्रकाशित नहीं कर रहे वार्षिक रिपोर्ट : एफपीसीई

*__नई दिल्ली।__ रियल एस्टेट डेस्क देशभर के घर खरीदारों के प्रमुख संगठन फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स ने शुक्रवार को एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। संगठन का आरोप है कि अधिकांश राज्यों के रियल एस्टेट नियामक (रेरा) अपने वैधानिक दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जिससे रेरा कानून का मूल उद्देश्य ही खतरे में पड़ गया है।*

एफपीसीई ने एक बयान में रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 (रेरा) की धारा 78 के उल्लंघन की तरफ इशारा किया। संगठन ने कहा, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के स्पष्ट वैधानिक दायित्वों और बार-बार के निर्देशों के बावजूद देशभर में 75 प्रतिशत से अधिक राज्य रेरा प्राधिकरणों ने या तो कभी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है




या उनका प्रकाशन बंद कर दिया है या वे अद्यतन नहीं हैं। एफपीसीई ने मंत्रालय से सभी रेरा प्राधिकरणों को निर्धारित प्रारूप में वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए नए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया।

संगठन ने मंत्रालय से आग्रह किया कि वह राज्य सरकारों को अधिनियम की धारा 82 और 83 के तहत शक्तियों का उपयोग करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहे। एफपीसीई के अध्यक्ष अभय उपाध्याय ने कहा कि जब तक पुख्ता डेटा यह साबित न कर दे कि रेरा लागू होने के बाद घरों का कब्जा मिलने और कार्यप्रणाली की निष्पक्षता में बेहतरी आई है, तब तक सफलता के सभी दावे खोखले एवं बेबुनियाद हैं।

उन्होंने कहा, निर्दोष घर खरीदारों के साथ छल किया जा रहा है और इस बार इसके लिए रेरा का सहारा लिया जा रहा है। बिल्डरों के लिए यह कानून अब महज एक ऐसा प्रमाण-पत्र बन गया है, जिसकी आड़ में वे बिना किसी जवाबदेही के अपनी परियोजनाएं बेच रहे हैं।

एफपीसीई ने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और गोवा ने रेरा के लागू होने के बाद से एक भी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित नहीं की है। वहीं, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना जैसे नौ राज्यों ने रिपोर्ट प्रकाशित करना शुरू किया था, लेकिन अब इसे बंद कर दिया है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 90. 64 |
| एक यूरो | 107. 90 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 124. 16 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 64. 35 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 124 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 134 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-144नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 88 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सतना बाजार भाव

### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना फाइन | 1,59,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| सोना जेवर | 1,45,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी जेवर | 2400 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी फाइन | 2,38,500 रु. | प्रति किलो |

### दाल- किराना भाव

- भाव प्रति किलो -

अरहर ऊंची 110 अरहर मीडियम 100, उड़द ऊंची 110, उड़द धुली 115, मूंग खड़ी 100, मूंग धुली -110, चना 80-90, मसूर खड़ी 80, मसूर दाल 85-90

- भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी 100, धनियां पिसी 185, जीरा ऊंचा 270, जीरा मीडियम 260, हल्दी खड़ी 150, हल्दी पिसी 250, मूंगफली ऊंची 140, मूंगफली मीडियम 120, लाल मिर्च खड़ा 180, लाल मिर्च पिसी 280, जायफल-850, जावित्री-2400, तेज पत्ता-100, चैली-240, राई-120,

### लोहा वाला ट्रेडर्स

प्रो. हरिशंकर तिवारी — मो.नं. 7049440762

- भाव प्रति किलो -

रायपुर- 8 एमएम -49.50, 10 एमएम -48.00, 12 एमएम -47.50, 16 एमएम -47.50

कामधेनू- 8 एमएम -54.50, 10 एमएम -53.00, 12 एमएम -52.50, 16 एमएम -52.50

देशबन्धु

ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है।
अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन,** पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान,** स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया,** रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85,** डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

